ता. १६ से सूर्य कन्या राशि में आने से रूई, तिलहन, मजीठ, नारियल, पटसन, सर्व प्रकार के तेल, पीतल, सोना, ताम्बा, व अन्य लाल रंग की वस्तुएं तेज भाव होंगी। चान्दी व शेयरों में मन्दी का रूख होगा। ता. १८ को वक्री बुध सिंह में आने से रुई, सनसूत, चीनी शक्कर में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी होगी। ता. १९ को सप्तमी का क्षय होने से करियाना बाज़ार में तेज़ी की लाईन बनी रहेगी। ता. २४ को बुध पूर्व में उदय होने से अनाज तथा रुई के भावों में घटा-बढ़ी के बाद तेज़ी आएगी। गेहूं, जौं, चने, लाल मिर्च, एवं घी के भावों में मज़बूती बनेगी। ता. २६ को सूर्य हस्त एवं मंगल आश्लेषा नक्षत्र में होने से सप्ताह के भीतर ही गेहूं, जौं, कपास, गुड़, खांड, हल्दी, ज्वार के भावों में तेज़ी आएगी परन्तु रूई, चाँदी के भावों में घटाबढ़ी होगी। अधिक **लाभ की आशा न करते हुए शीघ्र सौदा काट कर लाभ लें।** ता. २७ को बुध मार्गी होने से गेहूं, चने, अलसी, बिनौले, मूंगफली, तिल, तैल, वनस्पति, चौपायादि तेज़भाव होंगे। ता. २८ से **शुक्र सिंह** राशि में आने से गेहूं, चने, गुड़, जूट, पटसन, सोना, पीतल, तांबादि लाल वर्ण की वस्तुएं तेज़ होंगी। ता. ३० को सूर्य-राहु की अंशात्मक युति चावल, धान्य, मकई, कनकादि अनाज तथा घी, किशमिश गर्म मसालों में तेज़ी कारक होगी।

अक्तूबर—ता. १ के आरंभ में बुध उफा. में आने से गेहूं, जौ, चने, मटर, तिल, तैल, खल-बिनौले उड़द, खाण्ड, शक्करादि में तेज़ी होगी। रूई, कपास में घटा-बढ़ी होगी। ता. ४ को बुध कन्या में आने से सोना, तांबा, चान्दी गेहूं, मक्की, चावल, चीनी, शक्कर, मूंग, उड़द खाद्य तैलादि के भावों में तेज़ी की लाईन एक सप्ताह तक रहेगी। ता. १० से सूर्य चित्रा में व शुक्र पूफा में आने से गेहूँ, गुड़ शक्कर चीनी, सरसों, अलसी, मूंगफली चावल, खल बिनौले, रूई कपास, सोना, चाँदी व ताम्बा में तेज़ी का माहौल बनेगा। ता. ११ को बुध हस्त में आने से अनाज के भावों में घटा बढ़ी होगी। ता. १३ को बुध-राहु की अंशात्मक युति करियाना मार्कीट में तेज़ी पैदा करेगी। ता. १४ को बुध पूर्व दिशा में अस्त होने से गेहूं, चने, चावल, व चाँदी के भावों में तेज़ी होगी। रूई-सोना में घटा-बढ़ी होगी।

ता. १६ को सूर्य तुला राशि में प्रविष्ट होगा। कार्तिक संक्रान्ति बुधवार को १५ मुहूर्ति होने से तिल, रिफाईड तैल, गेहूं, चने, चावल, मूंग, लाल चन्दन, केसर, हल्दी, उड़द, ऊनी वस्त्र, गर्म मसाले, किशमिश, अरण्डी, अलसी, खली बिनौले आदि किरयाना मार्कीट में तेजी का बोल बाला रहेगा। ता. १९ को बुध चित्रा में आने से माल पंसारी में तेज़ी की लाईन बनी रहेगी परन्तु रूई, सन सूत में मामूली घटा बढ़ी के बाद तेज़ी होगी। ता. २१ से शुक्र उफा में आने से गेहूं, चने, जौं, मटर, काली मिर्च में तेज़ी होगी। ता. २३ को सूर्य स्वाती में तथा बुध तुला में आने से चीनी शक्कर, लाख, सुपारी, गुग्गल, रूई-कपास में तेजी के झटके लगेंगे। ता. २४ से शुक्र कन्या में आने से गेहूँ, चावल (धान्य), खल बिनौले आदि पशुचारा में तेज़ी बनेगी। ता. २७ से बुध भी स्वाती में आने से सर्व प्रकार के अनाज तेज़ होंगे। हाज़िर एवं वायदा बाज़ार में तेज़ी की मज़बूती बनी रहेगी॥

नवंबर—ता. १ से शुक्र, हस्त नक्षत्र में आने से गेहूं, चने, जौं, चीनी, गुड़, हल्दी, काली मिर्च, छोटी इलायची, रिफाईड आयल, तैल, सरसों अरण्डी, अलसी, घी, मूंगफली में तेज़ी का रूख बना रहेगा। ता. २ को सूर्य बुध में तथा ता. ३ को शुक्र राहु के मध्य अंशात्मक युति करियाना मार्कीट में तेज़ी कारक

शेष पृष्ठ 44 पर देखें।

सम्वत्सर का फल और माहात्म्य

ॐ स्वस्ति श्री गणेशाय नमः । अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने । समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः । आदौ गणपति नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम् । चन्द्रमिश्र तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवी दयालुं ल.वपुरे शुभे प्रपितामहम् । स्मरन् भक्तया लोकहिताय सुख सम्पत्ति हेतवे । विरोधी नामक विक्रमे नव सम्वत्सरे शुभे विशत्योत्तरशतं वर्षाणि (१२१) वर्ष प्रवेशे पन्नालालपण्डितमहं प्रपौत्र पण्डित देवी दयालु मशहूर आलम ज्योतिषी, कुर्वे पंचांग दिवाकरम् जालन्धर नगरे ।

यश्चैत्र शुक्लप्रतिपदे धीमान् श्रृणोति वार्षीय फलं पवित्रं भवेद् धनाढ्यो बहुसस्यं भोग जह्याच्च पीड़ा तनुजां च वार्षिकीम् ।

चैत्रशुक्ल प्रतिपदा को नवीन सम्वत्सर का प्रारम्भ होता है । इस दिन धर्मपरायण लोगों द्वारा श्री गणेश जी के मंगल चिन्ह से अंकित ध्वज को अपने-अपने घरों पर लगाना चाहिए । तोरणादि से अपने घरों को सजावें । उस दिन मंगल स्नान कर अपने इष्ट देवता, ब्राह्मण, गुरु की पूजा करें । पुरुष, स्त्रियाँ, शिशु आदि वस्त्राभूषणादि परिधान धारण कर उत्सव मनावें तथा ज्योतिषी जी अथवा विद्वान ब्राह्मण का सत्कार करके उनसे नए संवत्सर का फल श्रवण करें । पंचागस्थ श्री गणेश जी और ब्राह्मण, ज्योतिषी आदि की पूजा कर उन्हें मिष्ठान्न युक्त भोजन करवा कर उन्हें नववर्ष का पंचांग, वस्त्र, फल मिठाई आदि दक्षिण सहित यथाशक्ति देकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करके सारा दिन भजन-कीर्तन, जप-पाठ, सत्संग श्रवणादि सत्कर्मों एवं मंगल कार्यों में व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष सुखपूर्वक एवं आनन्दमय बीतता है ।

इसी दिन प्रातःकालीन कटु नीम की कोमल पत्तियाँ और पुष्प लेकर, उनमें काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, अजवायन, जीरा और शक्कर या चीनी बराबर मात्रा में मिलाकर चूर्ण बनावें कुछ इमली भी मिला कर ग्रहण करने से वर्ष पर्यन्त अनेक रक्त विकारादि गुप्त क्लिष्ट का भय नहीं रहता है ।

सृष्टिक्रम और चतुर्युगों का वर्णन

श्री मद्भागवत के अनुसार सृष्टि (समस्त जगत) की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय के कारण ब्रह्मा ही है । एक सृष्टि की समयावधि को कल्प कहते है । ब्रह्मा के एक दिन के बराबर एक कल्प तथा ३६० कल्पों में ब्रह्मा का एक वर्ष होता है । ऐसे ही ३६००० कल्पों में ब्रह्मा की आयु का प्रमाण होता है । भारतीय परम्परानुसार सतयुग आदि चार युगों का १ महायुग और एक हजार महायुगों का एक कल्प होता है । तथा ७१ महायुगों का एक मन्वन्तर कहलाता है । ब्रह्मा के एक दिन में १४ मनवंतर होते हैं । उन में से १ स्वायंभुव २ स्वारोचिष ३ उत्तम, ४ तामसे, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, ये छः मन्वंतर बीत चुके हैं । अब सातवाँ वैवस्वत नामक मन्वंतर चल रहा है, उसमें भी २७ महायुग गत होकर २८ वें महायुग के तीन युग सतयुग, त्रेता, द्वापर व्यतीत हो गए है और अब यह कलियुग प्रारम्भ हो चुका है ।

ज्योतिष सिद्धान्तानुसार ४३,२०,०००००० सौर वर्षों का १ कल्प ४३,२०,००० सौर वर्षों का एक महायुग होता है । तथा प्रत्येक महायुग में सतयुग, त्रेता, द्वापर एवं कलियुग—इन चारों युगों का अनुक्रम चलता है । अधिक विस्तृत जानकारी हेतु हमारे कार्यालय से **'ज्योतिष तत्त्व' पुस्तक मंगवा कर अध्ययन करें ।**

सुतभाव प्रकाश

चतुर्युगों की व्यवस्था का वर्णन

सतयुग—इसकी उत्पत्ति कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार को हुई । इसकी आयु १७२८००० वर्ष की है । इसमें मत्स्य, कूर्म्म, वाराह, नृसिंह यह चार अवतार हुए, मत्स्य जी ने वेदों का उद्धार किया, वराह जी ने जलोद्धार किया, कूर्म्म जी ने पृथ्वी की रक्षा की और उद्धार किया, नृसिंह जी ने हिरण्यकश्यप का वध किया । इस युग में हर जाति अपने-अपने धर्म पर स्थिर थी, ब्राह्मण लोग वेदों के ज्ञाता और सत्य बोलने वाले तथा त्यागी होते थे, शाप और वरदान देने में समर्थ थे । क्षत्रिय अपने बाहुबल से संसार की मर्यादा को बांधे हुए थे । वैश्य व्यापार में तत्पर, सत्यवक्ता थे । शूद्र सेवा करते हुए अपने धर्म में तत्पर थे । समय पर वर्षा होती थी फसल अच्छी होती थी । स्त्रियां पद्मिनी पतिव्रता थी, गौवें दूध अधिक देती थीं । मनुष्य की परमायु १००००० वर्ष बाल्यावस्था १०००० वर्ष, देह की लम्बाई २१ हाथ थी । पुण्य २० विश्वे पाप का नाम तक भी न था । सुवर्ण और रत्नादि का व्यवहार था और पुष्कर तीर्थ प्रधान था । सूर्य ग्रहण २०००० चन्द्र ग्रहण २००० थे ।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया सोमवार को त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई । इसकी आयु १२९६००० वर्ष थी । इस युग से तीन अवतार वामन, परशुराम, श्री रामचन्द्र हुए । श्री वामन जी ने राजा बली से तीन पैर पृथ्वी दान लेकर बाद में समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप कर राजा बली को पाताल का राज्य दिया । श्री परशुराम जी ने अभिमानी क्षत्रियों का २१ बार नाश करके ब्राह्मण राज्य स्थापित किया था । श्री रामचन्द्र जी ने रावणादि राक्षसों का वध किया । मनुष्य की परमायु १०००० वर्ष और बाल्यावस्था १००० वर्ष थी । पुण्य १५ विश्वे, पाल ५ विश्वे था । पुरुष का देहमान १४ हाथ था, ब्राह्मण वेदों के ज्ञाता थे और किंचिन्नयून तपोनिष्ट त्यागी थे । वे शाप देने में समर्थ थे । स्त्रियां चित्रणी पतिव्रता थीं । सुवर्ण का सिक्का था । सूर्य ग्रहण २०००० और चन्द्र ग्रहण ३०००० थे । तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था ।

द्वापर युग—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार को द्वापर युग की उत्पत्ति हुई । इसकी आयु ८६,४००० वर्ष थी । इसमें २ अवतार श्री कृष्ण जी ने कंस शिशुपालादि का वध किया और बलराम ने धर्म का उद्धार किया । पुरुष की परमायु १००० वर्ष थी, बाल्यावस्था १०० वर्ष थी । पुरुष का देहमान ७ हाथ था । ब्राह्मण कुछ धर्म में तत्पर कुछ सत्यवक्ता, कुछ झूठ भी बोलते थे । अपने धर्म कर्म पर स्थित परन्तु लोभयुक्त थे । चांदी के सिक्के का व्यवहार अधिक था । कुरुक्षेत्र तीर्थ प्रधान था । पुण्य १० विश्वे था । सूर्य ग्रहण २४००० चन्द्र ग्रहण ३६००० थे । स्त्रियाँ शांखिनी एवं शीलयुक्ता होती थीं ।

कलियुग—भाद्र कृष्ण १३ रविवार आधी रात को कलियुग की उत्पत्ति हुई । इसकी आयु ४३२००० वर्ष है । इसमें बुद्ध व कल्कि अवतार है, उनका काम धर्म का उद्धार करना है । मनुष्य की परमायु १२० वर्ष बाल्यावस्था १० वर्ष है । पुरुष का देहमान ३ ॥ हाथ है । पुण्य ५ विश्वे पाप १५ विश्वे है, गंगा तीर्थ प्रधान है । इस युग में मिट्टी के पात्र और पत्र व ताम्र का सिक्का व्यवहार में लाया जाएगा । सब जाति के लोग अपने धर्म से गिर जाएंगे । ब्राह्मण लोग वेदों से विमुख, तप, यज्ञादि धर्म कर्म से विमुख, शाप देने में असमर्थ होंगे । क्षत्रिय लोग अपने धर्म को छोड़ देंगे । वैश्य लोग व्यवहार में खोटे होंगे । धूर्त विद्या की पूजा होगी । सूर्य और चन्द्र ग्रहण ४६००० होंगे । संवत् २०५१ में कलियुग के ५०९५ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं और शेष कलियुग के ४२६९०५ वर्ष रहे हैं । कलियुग के अन्त में सम्भल ग्राम में विष्णुयश नामक ब्राह्मण के घर में कल्कि अवतार होगा । कलियुग में नीच लोगों की पूजा अधिक होगी । अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी । व्यभिचारिणी स्त्रियां अपने को सति कहेंगी । पुरुष स्त्रियों के वश में चलेंगे । पिता कन्या को बेचेंगे । स्त्रियों को छोटी आयु में गर्भ होने लगेंगे । लोग गौ ब्राह्मण की हत्या से भी भय नहीं करेंगे । संतान का माता-पिता के साथ स्वार्थ के कारण ही प्रेम रहेगा । धर्म गौण व अर्थ प्रधान रहेगा । श्रीगंगा मुख्य तीर्थ होगी । शासन प्रबन्ध में धर्म का स्थान नगण्य होगा । स्त्रियां शंखिनी होंगी ।

निकलेगा ? कष्ट से पुत्र-प्राप्ति योग, गर्भपात के योग व लक्षण, पंचम भाव पर सूर्यादि ग्रहों की दृष्टि-फल इत्यादि का सूक्ष्म वर्णन किया गया है। नवीन संशोधित संस्करण [illegible]

मंगवाने का पता—जनरल बुक डिपो जालन्धर।

...प्रधान रहेगा। श्रीगंगा मुख्य तीर्थ होगी। शासन प्रबन्ध में धर्म का स्थान नगण्य होगा। स्त्रियां शंखिनी होंगी।

राशि	स्वामी ग्र०	शुभ अशुभ	स्त्री, पु० संज्ञा	सम-विषम	जाति	क्रूर	लक्षण	स्वभाव	अवस्था	वर्ण	गुण	तत्त्व	बली समय	अंग स्वामी	स्थान	सजल निर्जल	दिशा	उदयी उदयकाल पृष्ठोदय
मेष	मंगल	अशुभ	पुरुष	विषम	क्षत्रिय	क्रूर	चंचल	चर	युवा	लाल	रज	अग्नि	रात्रि	शिर	पर्वत	निर्जल	पूर्व	पृष्टोदय
वृष	शुक्र	शुभ	स्त्री	सम	ब्राह्मण	सौम्य	शान्त	स्थिर	युवा	गोरा	तम	भूमि	,,	मुख-गला	जमीन	,,	दक्षिण	शीर्षोदय
मिथुन	बुध	शुभ	पुरुष	विषम	वैश्य	क्रूर	च+शां	द्विस्वभाव	बाल	हरा	सत	वायु	,,	गला-बाहु	जंगल	,,	पश्चिम	पृष्टोदय
कर्क	चन्द्र	शुभ	स्त्री	सम	शूद्र	सौम्य	चंचल	चर	बाल	गोरा	रज	जल	,,	हृदय	जल	सजल	उत्तर	
सिंह	सूर्य	अशुभ	पुरुष	विषम	क्षत्रिय	क्रूर	शांत	स्थिर	वृद्ध	लाल	तम	अग्नि	दिन	पेट	पर्वत	निर्जल	पूर्व	,,
कन्या	बुध	शुभ	स्त्री	सम	शूद्र	सौम्य	च+शां	द्विस्वभाव	बाल	चित्र	सत	भूमि	,,	कमर	जमीन	,,	दक्षिण	,,
तुला	शुक्र	शुभ	पुरुष	विषम	वैश्य	क्रूर	चंचल	चर	युवा	नीला	रज	वायु	,,	नाभि	जंगल	सजल	पश्चिम	,,
वृश्चिक	मंगल	अशुभ	स्त्री	सम	ब्राह्मण	सौम्य	शांत	स्थिर	युवा	मनहरा	तम	जल	,,	गुप्तांग	जल	सजल	उत्तर	पृष्टोदय
धन	गुरु	शुभ	पुरुष	विषम	क्षत्रिय	क्रूर	च+शां	द्विस्वभाव	बाल	पीला	सत	अग्नि	रात्रि	जंघा	पर्वत	निर्जल	पूर्व	,,
मकर	शनि	अशुभ	स्त्री	सम	शूद्र	सौम्य	चंचल	चर	वृद्ध	भूरा	रज	भूमि	,,	घुटने	जमीन	सजल	दक्षिण	शीर्षोदय
कुम्भ	शनि	अशुभ	पुरुष	विषम	वैश्य	क्रूर	शांत	स्थिर	वृद्ध	काला	तम	वायु	दिन	पिंडली	जंगल	सजल	पश्चिम	उभयोदय
मीन	गुरु	शुभ	स्त्री	सम	ब्राह्मण	सौम्य	च+शां	द्विस्वभाव	वृद्ध	कर्कट	सत	जल	रात्रि	पाँव दोनों	जल	सजल	उत्तर	शीर्षोदय

ग्रह—गुणस्वभाव चक्र

ग्रह	स्वगृह राशि	मूल त्रिकोण	गुण	स्वभाव	वर्ण	रूप	अधिकार	शारीरिक भाग	शरीर के	धातु अंतर्भाग	जाति	आप्तवर्ग तत्त्व	स्त्री मूल	पुरुष	विद्या	क्रूरादि	दिशा	बलाबल समय	भाग्योदय काल
रवि	सिंह	सिंह	सत्व	स्थिर	लाल	गोल	सिर से	आत्मा	सुवर्ण	अस्थि	क्षत्रिय	अग्नि	पिता	पुरुष	राजविद्या	क्रूर	पूर्व	दिन	२२–२४
चन्द्र	कर्क	वृष	सत्व	चंचल	श्वेत	सुन्दर	गले से हृदय	मन	चाँदी	रुधिर	वैश्य	जल	माता	स्त्री	ज्योतिष	क्षीणशुभ	वायव्य	रात्रि	२४–२५
मंगल	वृश्चि०	मेष	तम	उग्र	लाल	कृश	पेट से	बल	तांबा	मज्जा	क्षत्रिय	अग्नि	भाई-	पुरुष	सेना	क्रूर	दक्षिण	रात्रि	२८–३२
बुध	कन्या	कन्या	रज	मिश्र	हरा	चौकोर	हाथ पाँव	वाणी	कांस्य	त्वचा	वैश्य	पृथ्वी	बन्धु मित्र नपुंसक	क्लीव	गणित	मिश्रित	उत्तर	सर्वकाल	३२–३६
गुरु	मीन	धन	सत्व	स्थिर क्षिप्र	पीला	स्थूल	कमर से जंघा	साज		चर्बी	ब्राह्मण	आकाश	सन्तान	पुरुष	वेदांत-शास्त्र विद्या	शुभ	ईशान	दिन	१५–२२
शुक्र	वृष	तुला	रज	मृदु	सफेद	तेजस्वी	शिश्न से वक्षन	काम	चाँदी	वीर्य	ब्राह्मण	जल	स्त्री	स्त्री	गायन वादन	शुभ	आग्नेय	दिन मध्यान्त	२६–२८
शनि	मकर	कुम्भ	तम	स्थिर	काला	आलसीपि	घुटना	दुःख		स्नायु	शूद्र	वायु	नौकर	क्लीव	व्यापार	क्रूर	पश्चिम	रात्रि	३६–४२
राहु	कन्या	कर्क	तम	तीक्ष्ण	धूम्र	मलीन	०	दुःख	सीसा	वायु	अन्त्यज	—	आजी		गारुडी	अशुभ	नैर्ऋत्या	रात्रि	२४–५०
केतु	मीन	मकर	तम	तीक्ष्ण	मिश्र	मलीन	०	दुःख	तांबा	स्नायु	नीच	—	आजी		तन्त्रमंत्र	अशुभ	—		४८–५४

सूर्य भगवान को अर्घ्य देने का मंत्र

सूर्य भगवान को हाथों की अंजलि में जल पुष्प एवं अक्षत लेकर गायत्री मंत्र से अभिमंत्रित करके जल में या जल से धुले हुए स्थान पर अर्घ्य प्रदान करें। ओं भूर्भुवः स्वः, ब्रह्म रूपिणे सूर्यनारायणाय नमः।। अर्घ्य देते समय अपने दोनों हाथों को अपने सिर से थोड़ा ऊपर रखें। तर्जनी व अंगूठे को परस्पर न सटने दें।

सूर्य अर्घ्य मन्त्र—

एहि सूर्य सहस्रांशो तेजो राशे जगत्पते। अनुकम्पय मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकरः।।

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र

													जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्राः	हवनार्थ समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	ताँबा	सोना	लालगाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर	७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चाँदी	सोना	श्वेत बैल	मिसरी	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर	११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	ताँबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	ल.कनेर पु.	लाल वस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी	१००००	सू.उ.२।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरा वस्त्र	अनेक फल	हाथीदाँ	कपूर	९०००	सू.उ.५घ.	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरु	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले रंगपु.	पीत वस्त्र	पीला फल	धर्मग्र.	लवणशहद	१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चाँदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेद वस्त्र	सफेदचंदन	दही	सुगन्धि द्र.	१६०००	सू.उ.	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	काला वस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी	२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	कालाघोड़ा	ताम्र पत्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नील वस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग	१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौंसः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लहसुनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	कृष्णपुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र	कंबल	कस्तूरी	१७०००	रात्रि	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मघा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुफल	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेत वस्त्र	हाथीदांत	मुंयेशं	ग्रह अनु.	मुंयेशयथा	प्रातः	मन्धास्वामी मन्त्र	

विशेष–ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दानके साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिये। सप्तधान्य–गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौ, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनःशिला	पञ्चगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदुग्ध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सुरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारु	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मुत्थरां	तिलपत्र
केशर	गजमद	मोठनी	शहद	शहद	मूली बीज़	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खश	शंख	जटामांसी.	सुवर्ण	गूलर	मैनशिला	खश	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	सीप गंगाजल	मोलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	तिलपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिंगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	इत्यादि	नवीनपत्ते	गंगाजल	गांदमिश्रित	—	—
मि गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल				

ग्रहों के परमोच्च-नीचांशादि चक्र

ग्रह विभिन्न राशियों के गुण-स्वभाव एवं अंशों के अनुसार ही जातक को शुभाशुभ फल प्रदान करते है। प्रत्येक ग्रह राशियों के विशेष अंशों पर उच्च, नीच एवं मूलत्रिकोण होता है। फलादेश के लिए इनका ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है।

ग्रह	राशि उच्चांश	नीच राश्यंश	मूल त्रिकोण राश्यंश
सूर्य	मेष १० अंश	तुला १० अंश	सिंह २० अंश प्रथम
चन्द्र	वृष ३ अंश (प्रथ.)	वृश्चिक ३ अंश	वृष २७ अंश अंतिम
मंगल	मकर २८ अंश	कर्क २८ अंश	मेष (१२ अंश प्रथम)
बुध	कन्या १५ अंश	मीन १५ अंश	कन्या (१५ से २० अंश)
गुरु	कर्क ५ अंश	मकर ५ अंश	धन (प्रथम १० अंश)
शुक्र	मीन २७ अंश	कन्या २७ अंश	तुला (प्रथम १५ अंश)
शनि	तुला २० अंश	मेष २० अंश	कुम्भ (प्रथम २० अंश)
राहु	मिथुन १५ अंश	धन १५ अंश	कुम्भ (१० अंश)
केतु	धन १५ अंश	मिथुन १५ अंश	सिंह १० अंश

त्रिखल जन्मफल

यदि तीन कन्याओं के बाद लड़के का जन्म हो या तीन लड़कों के बाद कन्या का जन्म हो तो त्रिखला नाम का दोष होता है। त्रिखला दोष कारण माता, पिता को भय धन हानि आदि कष्ट होते हैं त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है।

सर्व ग्रह दोष निवारण हेतु औषधिस्नान

यदि ग्रह विशेष के अनुसार दोषोपशान्ति के उपाय न बन पड़े, तो निम्नलिखित औषधियों को जल में मिश्रित करने से समस्त ग्रह जनित दोषों का निवारण होता है।

"यथा सिद्धौषधैरोगान्नश्येगुर्मन्त्रतो यदम्। तथा स्नान विधानेन ग्रहदोषः प्रणश्यति।"

स्नान द्रव्याणि–लाजवन्ती, (छुईमुई) कूट, खिरहटी माल कंगनी, बन सरसों, देवदारू, हल्दी लोदा, शरपुंखा, जटामांसी, देवदारू, हल्दी, शिलाजीत, चन्दन, खिल्ला, वच, चम्पा, नागर मोथा इत्यादि औषधियों से युक्त तीर्थोदक (जल) के स्नान से पीड़ित ग्रहशान्त हो जाते हैं।

ग्रहों का कारकत्व विचार

कारक ग्रहों के बलवान होने से उन ग्रहों से सम्बन्धित पदार्थ भी बली होते हैं तथा उनका पूर्ण मिलता है। और कारक ग्रह के निर्बली होने से उस विषयक सुख की हानि होती है।

आत्मादयो गगनैर्बलिभिः बलवत्तराः। दुर्बले दुर्बलाश्चैया विपरीतं शनेः स्मृतम्॥ (सारावली)

सूर्य–पिता, आत्मा, राजा, प्रताप, आरोग्यता, नेत्र, पर्वत, शासनकार्य, लाल वस्त्र, सुवर्ण, गेहूँ आदि।

चंद्र–माता, मन, बुद्धि, स्त्री, धन, चाँदी, मोती, चावल, कपास, सौंदर्यादि।

मंगल–पराक्रम, साहस, भूमि, भाई, सेना, शत्रु, अग्नि, क्रोध, पुत्र, ताम्र, मूंगा, गुड़ादि।

बुध–वाणी (वाक्शक्ति), बुद्धि-विद्या, मातुलपक्ष, बंधुबांधत, गणित, शिल्प, ज्योतिष, चाची, मामी, मौसी, पन्ना रत्न आदि।

गुरु–विद्या, बुद्धि-विवेक, ज्ञान, पुत्र, शास्त्र-धर्म, बड़ा भाई, सुवर्ण, ब्राह्मण, मंत्री, पतिसुख, पुखराज, पितामह आदि।

शुक्र–स्त्री, वाहन, वीर्य, आभूषण, काम सुख, कलात्मक रूचियां, संगीत, चांदी, हीरा, रत्न,

शनि–आयु, मृत्युकारण, सेवक, दुख-रोगादि, शिल्प, तिल-तैल, नीलमादि।

राहु–गुप्त धन, लाटरी, भूत-बाधा, पलायनता, तस्करी, गोमेध आदि।

केतु–गुप्त शक्ति, कठिन कार्य, दुख, धूम्र, रंग, चर्म रोग, वर्ण, तंत्र विद्या, कृष्ण वस्त्र, कम्बलादि पदार्थों का कारक।

नोट–अधिक विस्तृत जानकारी हेतु हमारी ज्योतिष तत्त्व नामक पुस्तक अध्ययन करे

शुक्र	मीन २७ अंश	कन्या २७ अंश	तुला (प्रथम १५ अंश)		
शनि	तुला २० अंश	मेष २० अंश	कुम्भ (प्रथम २० अंश)	आदि कष्ट होते हैं विफल शांति करें	कार्य, दुख, धूम्र, रंग, चर्म रोग, वर्ण, तंत्र विद्या, कृष्ण वस्त्र, कम्बलादि पदार्थों का कारक।
राहु	मिथुन १५ अंश	धनु १५ अंश	कुम्भ (१० अंश)	तो शुभ होता है।	नोट—अधिक विस्तृत जानकारी हेतु हमारी ज्योतिष तत्त्व नामक पुस्तक अध्ययन करें
केतु	धनु १५ अंश	मिथुन १५ अंश	सिंह १० अंश		

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए उपयोगी रत्न (नग)

लेखक—पं० विवेक शर्मा ज्योतिषी (B.A., L.L.B.)

भूगर्भ से उत्पन्न होने वाले रत्नों (पत्थरों) का प्रभाव मनुष्य जीवन पर अवश्य पड़ता है। इसका उपयोग विज्ञान द्वारा भी समर्थित है। **वाराहमिहिर,** अगस्त्य आदि ज्योतिष आचार्यों ने भी ग्रह रत्नों के महत्व को मान्यता प्रदान की है। उनके अनुसार नवग्रहों की किरणों के प्रभावस्वरूप ही रत्नों की उत्पति तथा उनके वर्णादि तत्वों की संरचना होती है। शुभ ग्रहों के प्रभाव में वृद्धि और अनिष्ट ग्रहों के कुप्रभाव के निवारण हेतु उपयुक्त ग्रह रत्न (नग) धारण करना अत्यन्त लाभदायक सिद्ध होते हैं। अपनी जन्म कुण्डली में स्थित ग्रहों की स्थिति एवं अपनी राशि के अनुसार ही उपयुक्त रत्न (नग) का चयन करना चाहिए, **अन्यथा कई बार लाभ की अपेक्षा गलत नग धारण करने से हानि की सम्भावना हो जाती** है। सही एवं उपयुक्त रत्न (नग) के चुनाव **प्राचीन साहित्य में चौरासी (८४) प्रकार के पत्थरों** एवं रत्नों का वर्णन मिलता है। नवग्रहों से सम्बन्धित नव रत्नों का विशेष रूप से उल्लेख मिलता है। उनका परिचय से पूर्व यदि सुयोग्य ज्योतिषी से परामर्श कर लिया जावे तो लाभप्रद होगा। धारण करने की विधि, उपयोगादि का **संक्षिप्त विवरण** लिख रहे हैं—

सूर्य रत्न माणक (RUBY)

संस्कृत में इसे माणिक्य पद्मराग, लोहित, हिन्दी में माणक, **मानिक,** लाल, **अंग्रेज़ी** में रूबी तथा फारसी उर्दू में याकूत कहते हैं। सूर्य रत्न होने से इस ग्रह रत्न का अधिष्ठाता सूर्यदेव है।

वर्ण भेद के आधार पर माणिक्य सिंधूरी, लाल कमल के वर्ण जैसा, शिगंरफ वर्ण, वीरबहूटी अथवा लाख एवं सेलों जैसे वर्ण का हो सकता है।

पहचान विधि—असली माणिक्य लाल सुर्ख वर्ण का पारदर्शी, स्निग्ध-कान्तियुक्त और कुछ भारीपन वज़न लिए होते हैं। अर्थात् हथेली में रखने से हल्की ऊष्णता एवं सामान्य से कुछ अधिक वज़न का अनुभव होता है॥ (२) **कांच के पात्र में** रखने से इसकी हल्की लाल किरणें चारों ओर से निकलती दिखाई देंगी। (३) **गाय के दूध में** असली माणिक्य रखा जाये तो दूध का रंग गुलाबी दिखलाई देगा (४) असली माणक कमल की कली पर रख देने से कली खिल उठती है। (५) यदि **चाँदी की थाली** में सोनचा के साथ माणिक्य रख कर सामने किया जाये तो चाँदी की थाली तथा उसमें रखे सभी मोती लाल रंग के दिखाई देने लगेंगे। (६) दुपैहर में साफ रूई पर धूप में रखने में रुई को आग लग जाए। अतएव असली एवं शुद्ध माणिक स्निग्ध, चिकना, कान्तियुक्त, पानीदार, भारीपन लिए तथा कनेर पुष्प जैसे लाल वर्ण का होना चाहिए।

दोषपूर्ण मानक—काले अथवा दूधिया रंग से युक्त, आड़ी, तिरछी, रेखाओं, धूएं जैसे रंग से युक्त, त्रिपुन, गड्ढे आदि चिह्नों से युक्त **माणिक दोषपूर्ण होगा।** ऐसा नग धारण करना **हानिकारक होगा।**

धारण विधि—माणिक्य रत्न रविवार को सूर्य की होरा में, कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा रविपुष्य **योग में सोने अथवा ताम्बे की अंगूठी में जड़वा कर तथा सूर्य के बीजमन्त्रों द्वारा अंगूठी अभिमन्त्रित करके अनामिका अंगुली में धारण करना चाहिए। इसका वजन ३, ५, ७ अथवा ९ रत्ति के क्रम** से होना चाहिए।

सूर्य बीज मंत्र—ओं, ह्रां ह्रीं, ह्रौं, सः सूर्याय नमः

धारण करने के पश्चात् गायत्री मंत्र की ३ माला का पाठ, हवन, एवं **सूर्य भगवान को** विधिपूर्वक अर्घ्य प्रदान करना तथा ताम्र बर्तन, कनक, नारियल, मानक, गुड़, लाल वस्त्रादि सूर्य से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना चाहिए।

विधिपूर्वक माणिक्य धारण करने से राजकीय क्षेत्रों में प्रतिष्ठा, भाग्योन्नति, पुत्र संतान लाभ, तेजबल में वृद्धि कारक तथा हृदय रोग, चक्षुरोग, रक्त विकार, शरीर दौर्बल्यादि में लाभकारी होता है।

मेष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक एवं धनु राशि अथवा इसी लग्न वालों को मानक धारण करना शुभ लाभप्रद रहता है। अथवा जिनकी चन्द्र कुण्डली में सूर्य योगकारक होता हुआ भी प्रभावी न हो रहा हो, उन्हें भी माणिक्य धारण शुभ रहता है।

चन्द्र-रत्न मोती (PEARL)

चन्द्र-रत्न मोती को संस्कृत में मौक्तिक, मुक्तक, मुक्ता, इन्दुरत्न, चन्द्रमणि, शुक्तिज इत्यादि, हिन्दी-पंजाबी में मोती **उर्दू-फारसी** में मुखारिद एवं **अंग्रेज़ी** में पर्ल **(Pearl) कहा जाता है। मोती या मुक्ता रत्न का स्वामी चन्द्रमा है। प्राचीन मान्यतानुसार मोती ९ प्रकार के माने जाते हैं। गजमुक्ता, सर्पमुक्ता, मीन मुक्ता, शुक्ति मुक्ता, शंख मुक्ता, सीप मुक्ता आदि। अधिकांशतः गज-सर्पादि मुक्ता दुर्लभ होते हैं। सीप मुक्ता (मोती) उपलब्ध होते हैं, जोकि सीप में स्वाती नक्षत्र कालीन गिरी वर्षा जल की बूंदों से निर्मित होती है—ऐसी मान्यता है। स्याम, बंगाल फारस (बसरे) की खाड़ी से निकलने वाले मोती उत्तम कोटि के माने जाते हैं।**

पहचान—शुद्ध एवं श्रेष्ठ मोती गोल, श्वेत, उज्ज्वल, चिकना, चन्द्रमा के समान कान्तियुक्त, निर्मल एवं हल्कापन लिए होता है।

आकाश, वायु, जलादि तत्वों के आधार पर मोती के रूप-रंगादि में अन्तर आ जाता है।

परीक्षा—(१) गोमूत्र को किसी मिट्टी के बर्तन में डालकर उसमें मोती रात भर रखें यदि वह अखण्डित रहे तो मोती को शुद्ध (सुच्चा) समझें। (२) पानी से भरे शीशे के गिलास में मोती डाल दें यदि पानी से किरणें सी निकलती दिखलाई पड़ें, तो मोती असली जानें। (३) धान की भूसी को हथेली में मोती को रखकर खूब मलें। यदि असली मोती होगा, तो उसकी चमक बढ़ जाएगी। नकली होने पर टूटकर चूरा हो जाएगा। (४) कुछ देसी घी में असली मोती रखने से घी पिघलने लगता है। सुच्चा मोती के अभाव में चन्द्रकान्त **मणि अथवा सफेद पुखराज** धारण किया जा सकता है।

असली शुद्ध मोती धारण करने से **मानसिक शक्ति का विकास, शारीरिक सौंदर्य की वृद्धि स्त्री एवं धनादि सुखों की प्राप्ति होती है। इसका प्रयोग स्मरण शक्ति में भी वृद्धिकारक होता है।**

रोग शान्ति—चिकित्सा शास्त्र में भी मोती या मुक्ता भस्म का उपयोग अनेक रोगों को दूर करने के लिए किया जाता है। विशेषकर मानसिक रोगों, मूर्छा-मिरगी, उन्माद, रक्तचाप उदर-विकार, पथरी, दन्तरोगादि में।

दोषयुक्त मोती—दोषयुक्त मोती धारण करने से लाभ की अपेक्षा हानि की सम्भावना हो जाती है। काले धब्बे से युक्त, रेखायुक्त, लहरदार, खण्डित, त्रिकोण, रक्त चिन्ह युक्त अथवा चपटा मोती दोष युक्त माना जाता है।

धारण विधि—मोती चाँदी की अंगूठी में शुक्ल पक्ष के सोमवार को पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा की होरा में गंगा जल, कच्चा दूध व ताण्डुलादि मे डुबोते हुए '**ओं श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः**' के बीजमंत्र का पाठ ११००० की संख्या में करने के पश्चात् धारण करना चाहिए। तदुपरांत चावल, चीनी, क्षीर, श्वेत फल एवं वस्त्रादि का दान करना शुभ होगा।

मोती २, ४, ६ अथवा ११ रत्ति का अनामिका या कनिष्ठका अंगुली में **हस्त, रोहिणी अथवा श्रवण** नक्षत्र में सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा बताए गए मुहूर्त मे धारण करना चाहिए। **मेष, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, मीन राशि या लग्न वालों को मोती शुभ रहता है।**

मंगल-रत्न मूंगा (CORAL)

इसे **संस्कृत** में प्रवाल, विद्रुम, अंगारकमणि रक्तांग, **फारसी** में मिरज़ान, तथा **अंग्रेज़ी** में कोरल (Coral) कहते हैं। मूंगा मुख्यतः लाल, सिन्धूरी, हिंगुल एवं गेरूआ वर्ण का होता है। रंग भेद अनुसार गुलाबी अथवा सफेद वर्ण का मूंगा भी पाया जाता है।

गोल, चिकना, चमकदार एवं औसत से अधिक वज़नी, सिन्धूरी एवं शिगरफ से मिलते-जुलते रंग का मूंगा श्रेष्ठ माना जाता है। इसका स्वामी ग्रह **मंगल** है।

परीक्षा—(१) **असली मूंगे को** खून में डाल दिया जाये तो उसके चारों ओर गाढ़ा रक्त जमा होने लगता है। (२) **असली मूंगा यदि** गौ के दूध में डाल दिया जाए तो उसमें लाल रंग की झाई सी दीखने लगती है। (३) असली मूंगे को यदि धुनी हुई रूई के ऊपर तेज धूप में रख दिया जाए, तो थोड़ी देर में रूई को आग लग जाती है।

खण्डित, छिद्र युक्त, काले-सफेद धब्बों से युक्त मूंगा पहनने से लाभ की अपेक्षा हानि की आशंका हो जाती है।

श्रेष्ठ जाति का मूंगा धारण करने से **भूमि, पुत्र, एवं भ्रातृ सुख, नीरोगता** आदि की प्राप्ति होती है इसके **अतिरिक्त रक्त-विकार, भूत-प्रेत बाधा, दुर्बलता, मन्दाग्नि, हृदय-रोग, वायु-कफादि विकार, पेट विकारादि में मूंगे की भस्म अथवा पिष्टी** का प्रयोग किया जाता है। **मेष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, मकर, कुंभ व मीन राशि एवं लग्न** वालों को सुयोग्य ज्योतिषी के परामर्शानुसार धारण करना लाभप्रद होगा।

धारण विधि—शुक्ल पक्ष के मंगलवार को प्रातः मंगल की होरा में मृगशिर, चित्रा, या धनिष्ठा नक्षत्र एवं मेष, मकर या वृश्चिक के चन्द्रमा कालीन सोने या ताम्बे की अंगूठी में जड़वा कर, बीज मंत्र द्वारा अभिमंत्रित करके अनामिका अंगुली में ६, ८, १०, या १२ रात्रि के वज़न में धारण करना कल्याणकर होता है। धारणोपरान्त मंगल स्तोत्र एवं मंगल ग्रह का दान करना शुभ होता है।

भौम बीज मंत्र—ॐ क्रां, क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः

बुध रत्न पन्ना (EMERALD)

"पन्ना" बुध ग्रह का मुख्य रत्न है। **संस्कृत** में मरकतमणि, अश्मगर्भ, सौपर्णि हरितमणि, फारसी में ज़मरूद व अंग्रेज़ी में इमराल्ड (Emerald)। पन्ना रत्न हरे रंग, स्वच्छ, पारदर्शी कोमल, चिकना व [illegible]

हल्के और गहरे रंग भेदानुसार मखमली घास या नीम की पत्ती जैसे रंग जैसा, तोते के पंख समान रंग जैसा अथवा मयूर पंख जैसे वर्ण सा हो सकता है।

परीक्षा—(१) शीशे के गिलास में साफ पानी और पन्ना डाल दिया जाए तो हरी किरणें निकलती दिखाई देंगी। (२) असली पन्ने को हाथ में लेने पर वह हल्का, कोमल व आंखों को शीतलता प्रदान करता है। (३) सान पर चढ़ाने से उसकी चमक बढ़ जाती है। (४) श्वेत वस्त्र पर धूप में रखने पर वस्त्र रंग बिरंगा दिखाई देगा।

छोटे-छोटे काले धब्बों से युक्त, खण्डित, रेशेदार या छोटी-छोटी टूटी-धारियों से युक्त पन्ना दोष युक्त एवं हानिकारक होता है।

गुण—'**पन्ना**' धारण करने से **बुद्धि तीव्र एवं स्मरण शक्ति बढ़ती है। विद्या, बुद्धि** धन एवं **व्यापार में वृद्धि के लिए लाभप्रद** माना जाता है। पन्ना सुख एवं **आरोग्य कारक** भी है। चिकित्सा के लिए इसे भस्म या पिष्टी के रूप में वैद्यों द्वारा प्रयुक्त किया जाता है। **गर्भिणी स्त्री की कमर पर बांधने से प्रसव सुखपूर्वक होता है।** यह रत्न जादू टोने, **रक्त विकार, पथरी, बहुमूत्र, नेत्र रोग,** दमा, गुर्दे **के विकार, पण्डु, मानसिक विकलतादि रोगों में लाभकारी माना जाता है।**

धारण विधि—यह नग शुक्ल पक्ष के बुधवार को अश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती, पू.फा. अथवा पुष्य नक्षत्रों में अथवा बुध की होरा में सोने की अंगूठी में दाएं हाथ की कनिष्ठिका (छोटी) अंगुली मे बुधग्रह के बीजमंत्र से अभिमंत्रित करते हुए धारण करना चाहिए। इसका वज़न ३, ६, ७ रत्ति होना चाहिए।

बुध बीज मंत्र—ओं ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः

वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, मकर व मीन राशि वालों को विशेष लाभप्रद रहता है।

गुरू-रत्न पुखराज (TOPAZ)

पुखराज गुरू (बृहस्पति) ग्रह का मुख्य रत्न है। **संस्कृत में** इसे पुष्प राजा, पीतस्फटिक, पीतमणि, **हिन्दी में पुखराज,** उर्दू-फारसी में ज़र्द-याकूत व अंग्रेजी में टोपाज़ (Topaz) कहते हैं।

पुखराज का रंग प्रायः पीला होता है। हलके और गहरे वर्ण भेदानुसार यह (i) नींबू के छिलके जैसे वर्ण का, (ii) सोने के रंग जैसा (iii) केशर अथवा हल्दी जैसे रंग का हो सकता।

पहचान विधि—जो **पुखराज** स्पर्श में **चिकना, हाथ में लेने पर कुछ भारी लगे,** पारदर्शी, **प्राकृतिक चमक से युक्त** हो वह **उत्तम कोटि का** माना जाता है।

यह मुख्यतः बर्मा, ब्राज़ील, अमरीका, श्रीलंका एवं भारत में उड़ीसा, बंगाल, ब्रह्मपुत्र, राजस्थान में पाया जाता है।

चमकहीन, श्वेत बिन्दुओं से, काले धब्बों वाला व खण्डित पुखराज हानिकारक होता है।

परीक्षा—(i) जहां किसी विषैले कीड़े ने काटा हो, वहां पर असली पुखराज घिस कर लगाने से विष उतर जाता है। (ii) कसौटि पर घिसने से और अधिक चमक उठता है। (iii) चौबीस घण्टे कच्चे दूध में रखने के बाद यदि चमक में अन्तर न पड़े तो पुखराज असली होगा॥ इत्यादि।

गुण—पुखराज धारण करने से **बल, बुद्धि, स्वास्थ्य एवं आयु** की वृद्धि होती है। **वैवाहिक सुख, पुत्र संतान कारक, एवं धर्म-कर्म** में प्रेरक होता है। प्रेत-बाधा का निवारण एवं स्त्री के **विवाहसुख** की **बाधा को दूर करने में** सहायक होता है।

औषधी प्रयोग—पुखराज भस्म एवं पिष्टी के रूप में भी प्रयोग में लाया जाता है। इसको वैद्य के [illegible]

[illegible] शुक्र के बीज मंत्र (ॐ द्रां, द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः) का १६

"पन्ना" बुध ग्रह का मुख्य रत्न है। संस्कृत में मरकतमणि, अश्मगर्भ, सौपर्णि हरितमणि, फारसी में जमरूद व अंग्रेज़ी में इमराल्ड (Emerald)। पन्ना रत्न हरे रंग, स्वच्छ, पारदर्शी कोमल, चिकना व

[illegible] बल, बुद्धि, स्वास्थ्य एवं आयु की वृद्धि होती है। वैवाहिक सुख, पुत्र संतान कारक, एवं धर्म-कर्म में प्रेरक होता है। प्रेत-बाधा का निवारण एवं स्त्री के विवाहसुख की बाधा को दूर करने में सहायक होता है।

औषधी प्रयोग—पुखराज भस्म एवं पिष्टी के रूप में भी प्रयोग में लाया जाता है। इसको वैद्य के परामर्शानुसार केवड़ा एवं शहदादि के साथ देने से **पीलिया, तिल्ली, पाण्डु रोग, खांसी, दन्त रोग, मुख की दुर्गन्ध, बवासीर, मन्दाग्नि,** पित्त-ज्वरादि में लाभदायक होता है।

धारण विधि—पुखराज रत्न ३, ५, ७, ९ या १२ रति के वजन का सोने की अंगूठी में जड़वा कर तर्जनी अंगुली में धारण करें, सुवर्ण या ताम्र बर्तन में कच्चा दूध, गंगा जल, पीले, पुष्पों से एवं "ॐ ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः" के बीज मंत्र द्वारा अभिमंत्रित करके धारण करना चाहिए। मंत्र संख्या १९ हजार।

यह नग शुक्ल पक्ष के गुरुवार की होरा में, अथवा गुरुपुष्य योग में, या पुनर्वसु, विशाखा, पूर्वाभाद्र नक्षत्र में एवं व कर्क, धनु या मीन के चन्द्रमा कालीन शुभ मुहूर्त में धारण करना चाहिए।

पुखराज धनु मीन राशि के अतिरिक्त मेष, कर्क, वृश्चिक, राशि वालों को लाभप्रद रहता है। धारण करने के पश्चात् गुरु से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना शुभ होता है।

पुखराज के उपरत्न—जो लोग अधिक महंगा पुखराज न पहन सकते हों, वह उसकी बदल में उपरत्न धारण कर सकते हैं। **सोनैला, सोनल, केसरी** आदि पुखराज के उपरत्न माने जाते हैं। कु. में चन्द्र-शुक्र का योग हो तो सफेद रंग का पुखराज पहनना शुभ रहता है।

पुखराज का प्रभाव ४ वर्ष, ३ मास, १८ दिन तक रहता है।

शुक्र-रत्न 'हीरा' (DIAMOND)

शुक्र ग्रह का मुख्य प्रतिनिधित्व "हीरा" है।

संस्कृत में इसे वज्रमणि, हीरक, इन्द्रमणि कुलिश, आदि, हिन्दी में हीरा, फारसी में अल्मास, तथा अंग्रेज़ी में डायमण्ड (Diamond) कहते हैं।

हीरा अत्यन्त चमकदार प्रायः श्वेत वर्ण का होता है। **कोटिभेद** से हीरा ८ प्रकार का माना गया है। हंसपति (अत्यंत सफेद), कमलासन, वनस्पति, नीलकण्ठ (वज्रनील), श्यामल, पीत हीरा आदि।

पहचान—अत्यंत चमकदार, चिकना, कठोर, पारदर्शी, एवं किरणों से युक्त हीरा असली होता है।

परीक्षा—(i) **हीरा गर्म** पिघले हुए घी में डाल दिया जाए तो घी तुरन्त जमने लगता है। (ii) धूप में यदि हीरा रख दिया जाय तो उसमें से इन्द्र धनुष जैसी किरणें दिखाई देती हैं। (iii) गर्म दूध में यदि हीरा डाल दिया ये तो दूध ठण्डा होने लगता है। (iv) तोतले बच्चे के मुंह में रखने से बच्चा ठीक से बोलने लगता है। (v) अंधेरे में जुगनू की भांति चमकता है। (v) असली हीरे के नीचे अंगुली रखने से यह वह दिखाई न देगी।

गुण—हीरे में **वशीकरण करने की विशेष शक्ति होती है।** इसके पहनने से **वंश-वृद्धि,** धन-लक्ष्मी **व सम्पत्ति की वृद्धि, स्त्री एवं संतान सुख की प्राप्ति व स्वास्थ्य** में लाभ होता है। वैवाहिक सुख में भी वृद्धि कारक माना जाता है।

औषधीय गुण—हीरे की भस्म शहद-मलाई आदि के साथ ग्रहण करने से अनेक रोगों में लाभ होता है जैसे—दौर्बल्यता, नपुंसकता, वायु प्रकोप मन्दाग्नि, वीर्य विकार, प्रमेह दोष, हृदय रोग, श्वेत प्रदर विषैला व्रण, बच्चों में सूखा रोग, मानसिक कमज़ोरी इत्यादि औषधि का सेवन वैद्य के परामार्शानुसार करना चाहिए।

दोषयुक्त—हीरा धारण करने से लाभ की अपेक्षा हानि की सम्भावना होती है। चमकहीन (सुन्न), गड्ढेदार, लाल या काले अथवा पीले बिन्दु से युक्त रेखायुक्त या खण्डित हीरा दोषयुक्त माना जाता है।

धारण विधि—शुक्ल पक्ष के शुक्रवार वाले दिन, शुक्र की होरा में, **भरणी, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी,** पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र एवं **शुक्र, वृष, तुला या मीन राशिगत हो तो,** एक रति या इससे अधिक वज़न का हीरा सोने की अंगूठी में जड़वा कर शुक्र के बीज मंत्र (ॐ द्रां, द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः) का १६ हज़ार की संख्या में जाप करके शुभ मुहूर्त में धारण करना चाहिए। हीरा मध्यमा अंगुली में धारण करना चाहिए। धारण करने के दिन शुक्र ग्रह से सम्बन्धित वस्तुएं जैसे दूध, चाँदी, दही, मिश्री, चावल, श्वेत, वस्त्र, चन्दनादि का दान यथाशक्ति करना चाहिए॥

हीरा (धारण करने की तिथि से) सात वर्ष पर्यन्त प्रभावकारी बना रहता है। **हीरा वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, कुंभ राशि वालों को लाभप्रदायक रहता है।**

शनि रत्न नीलम (SAPHIRE)

नीलम शनिग्रह का मुख्य रत्न है। **संस्कृत** भाषा में इसे नील, नीलमणि, इन्द्रनील, हिन्दी में नीलम, उर्दू-फारसी में याकूत एवं कबूद तथा अंग्रेजी में सैफायर (Saphire) कहते हैं।

नीलम का रंग नीलकमल के समान तथा इंद्र धनुष के बीच के रंग के समान होता है। मुख्यतः दो प्रकार का होता है।

१. **जलनील**—अर्थात् भीतर से श्वेत तथा बाहर चहुं ओर से नीलिमा लिए कुछ हल्का होगा।

२. **इन्द्रनील**—जिस नीलम के भीतर श्याम आभा तथा बाहर नीली आभा लिए कुछ भारीपन लिए होगा।

पहचान—असली नीलम चमकीला, चिकना, मोरपंख के समान वर्ण जैसा, नीली किरणों से युक्त, एवं पारदर्शी होगा।

छोटे-छोटे काले, लाल या श्वेत बिन्दु या धब्बों (Blots) से युक्त, क्रॉस, रेखायुक्त चमकहीन एवं विखण्डित नीलम दोषपूर्ण एवं अशुभ माना जाता है।

परीक्षा—(i) असली **नीलम को गाय के दूध में** डाल दिया जाए तो दूध का रंग नीला लगता है। (ii) पानी से भरे कांच के गिलास में डाला जाए नीली किरणें दिखाई देंगी। (iii) सूर्य की धूप में रखने से **नीले रंग की किरणें दिखाई देंगी। (iv)** असली नीलम के पास **यदि तिनके को रखा जाए, तो वह उससे चिपक जाता है।**

गुण—नीलम धारण करने से **धन-धान्य, यश-कीर्ति, बुद्धि चातुर्य, सर्विस एवं व्यवसाय तथा वंश में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य सुख का लाभ होता है।**

नीलम शनि साढ़ेसत्ति के अनिष्ट प्रभाव का भी निवारण करता है।

ध्यान रहे बहुधा नीलम चौबीस घण्टे के भीतर ही प्रभाव करना शुरू कर देता है। यदि नीलम अनुकूल न बैठे तो भारी नुकसान की आशंका हो जाती है। अतएव परीक्षा के तौर पर कम से कम ३ दिन तक पास रखने पर यदि बुरे स्वप्न आएं, रोग-उत्पन्न हो या चेहरे की बनावट में अन्तर आ जाए तो नीलम मत पहनें।

रोग शान्ति—नीलम धारण करने या औषधि रूप में ग्रहण करने से दमा, क्षय, कुष्ट रोग, हृदय रोग, अजीर्ण, ज्वर, खांसी, नेत्र रोग, मस्तिष्क विकार, कुष्ट रोग मूत्राक्षय सम्बंधी रोगों में लाभकारी है।

धारण विधि—नीलम ५, ७ ९, १२ अथवा अधिक रत्ति के वजन का, पंचधातु, लोहे अथवा सोने की अंगूठी में शनिवार को शनि की होरा में एवं **पुष्य, उभा, चित्रा, स्वा, धनि, या शतभिषा नक्षत्रों** में शनि के **बीज मंत्र ॐ प्रां० प्रीं० प्रौं० सः शनये नमः** मंत्र से २३००० **की संख्या में अभिमंत्रित** करके धारण करें। तत्पश्चात् शनि की वस्तुओं का दान दक्षिणा सहित करना कल्याणकारी होगा।

राहु रत्न-गोमेद (ZIRCON)

राहु रत्न गोमेद को संस्कृत में गोमेदक, अंग्रेज़ी झिरकान (Zircon) कहते हैं। गोमेद का रंग गोमूत्र के समान हल्के पीले रंग का, कुछ लालिमा तथा श्यामवर्ण होता है। स्वच्छ, भारी, चिकना गोमेद उत्तम होता है तथा उसमें शहद के रंग की झांई भी दिखाई देती है। गोमेद अनेक रंगों में प्राप्य है परन्तु उत्तम गोमेद चिकनापन, अच्छी चमक, उज्जवलता लिए ऊपर लिखे रंग जैसा ही होता है।

पहचान विधि—सामान्यतः गोमेद उल्लू अथवा बाज की आँख के समान होता है तथा गोमूत्र के समान, दल रहित अर्थात् जो परतदार न हों, ऐसे गोमेद उत्तम होंगे। (१) शुद्ध गोमेद को २४ घण्टे तक गोमूत्र में रखने से गोमूत्र का रंग बदल जाएगा। (२) असली गोमेद को लकड़ी के बुरादे से घिसाने पर उसकी चमक में वृद्धि होगी, जबकि रत्न की चमक नष्ट हो जाएगी

दोषपूर्ण गोमेद—पीले कांच खण्ड सा दिखाई देने वाला, दूर से स्वच्छ गोमूत्र सा प्रतीत न होने वाला, दोषपूर्ण गोमेद धारण नहीं करना चाहिए।

धारण विधि—गोमेद रत्न शनिवार को शनि की होरा में, स्वाती, शतभिषा, आर्द्रा अथवा रविपुष्य योग में पंचधातु अथवा लोहे की अंगूठी में जड़वाकर तथा राहु के बीज मन्त्रों द्वारा अंगूठी अभिमन्त्रित करके दाएं हाथ की मध्यमा अंगुली में धारण करना चाहिए। इसका वजन ५, ७, ९ रत्ती का होना चाहिए।

राहु बीज मन्त्र—"ॐ भ्रां भ्रीं, भ्रौं सः राहवे नमः"

धारण करने के पश्चात् बीजमंत्र का पाठ हवन, एवं सूर्य भगवान को अर्घ्य प्रदान कर नीले रंग का वस्त्र, कम्बल, तिल, बाजरा आदि दक्षिणा सहित दान करें।

विधिपूर्वक गोमेद धारण करने से अनेक प्रकार की बीमारियां नष्ट होती हैं, धन-सम्पत्ति-सुख, सन्तान वृद्धि, वकालत व राजपक्ष आदि की उन्नति के लिए अत्यन्त लाभकारी है। शत्रु-नाश हेतु भी इसका प्रयोग प्रभावी रहता है।

जिनकी जन्म कुंडली में राहु १, ४, ५, ७, ९, १० वें भाव में हो, उन्हें गोमेद रत्न पहनना चाहिए। मकर लग्न वालों के लिए गोमेद शुभ होता है।

केतु रत्न लहसनिया (CAT'S EYE STONE)

केतु-रत्न लहसनिया को संस्कृत में वैदूर्य, हिन्दी में लहसनिया, अंग्रेज़ी में Cat's eye Stone कहते हैं। यह नग अंधेरे में बिल्ली की आंखों के समान चमकता है। लहसनिया ४ रंगों में पाया जाता है। काली तथा श्वेत आभा युक्त लहसनिया जिस पर यज्ञोपवीत के समान तीन धारियां खिंची हों, स्वच्छ, औसत से कुछ अधिक वज़नी वह वैदूर्य ही उत्तम होता है। रत्न के मध्य सूत के समान श्वेत रेखा जितनी सीधी व चमकदार हो, लहसनिया उतना ही श्रेष्ठ होता है। इसे सूत्रमणि भी कहते हैं।

पहचान—(१) असली लहसनिया को यदि हड्डी के ऊपर रख दिया जाए तो वह २४ घण्टे के भीतर हड्डी के आर-पार छेद कर देता है। (२) असली वैदूर्य में ढाई या तीन सफेद सूत्र होते हैं, जो बीच में इधर-उधर घूमते हिलते रहते हैं।

यदि लहसनिया में छेद/खड्डा, श्वेत बिन्दु तथा पांच या इससे अधिक धारियां मिलें, वह हानिकारक होता है। ऐसा लहसनिया लाभ के स्थान पर हानि कर सकता है।

धारण विधि—लहसनिया रत्न बुधवार के दिन अश्विनी, मघा, मूला नक्षत्रों में, रविपुष्य योग में पंचधातु की अंगुठी में कनिष्ठका अंगुली में धारण करें। धारण करने से पूर्व केतु के बीज मन्त्र द्वारा अंगूठी अभिमन्त्रित करें। ५ रत्ती से कम वज़न का नहीं होना चाहिए। प्रत्येक ३ वर्ष पश्चात् नई अंगूठी में लहसनिया जड़वाकर उसे अभिमन्त्रित कर धारण करना चाहिए।

केतु बीज मन्त्र—"ॐ स्रां स्रीं, स्रौं, सः केतवे नमः"

रत्न धारण करने के पश्चात् बुधवार को ही किसी श्रेष्ट ब्राह्मण को तिल, तेल, कम्बल, धूम्रवर्ण का वस्त्र, सप्तधान्य (अलग-अलग रूप में) यथाशक्ति दक्षिणा सहित दान करें।

विधिपूर्वक लहसनिया धारण करने से भूत प्रेतादि की बाधा नहीं रहती है। संतान सुख, धन की वृद्धि एवं शत्रु व रोग नाश में सहायता प्रदान करता है।

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारे यहाँ 'रत्न ज्योतिष विज्ञान' पुस्तक ३५ रु० भेजकर मंगवा सकते हैं। **बृहदरत्न शास्त्र, मूल्य ९० रुपये, जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर।**

गढ़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में, एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गढ़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा

धन स्थान का स्वामी आठवें भार में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षर   अंक निर्धारण

इधर-उधर घूमते हिलते रहते हैं।

यदि लहसनिया में छेद/खड्डा, श्वेत बिन्दु तथा पांच या इससे अधिक धारियां मिलें, वह हानिकारक होता है। ऐसा लहसनिया लाभ के स्थान पर हानि कर सकता है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

अंकों के अनुसार १९९६ ई० का वर्ष फल

मूल अंकों के अनुसार आगामी वर्ष का वर्षफल इस प्रकार से जानें

१. अपनी जन्म-तारीख का अंक निकालें।
२. अपने जन्म-वर्ष एवं मास का मूल अंक निकालें।
३. अपने जन्मवार का अंक तथा
४. जिस वर्ष का वर्षफल निकालना हो उसका मूल अंक।

सात ग्रहों एवं सप्तवारों के मूल अंक इस प्रकार से निर्धारित किए गए हैं—

नाम ग्रह	वार		निर्धारित अंक
सूर्य	रविवार	(Sunday)	= १
चन्द्र	सोमवार	(Monday)	= २
मंगल	मंगलवार	(Tuesday)	= ९
बुध	बुधवार	(Wednesday)	= ५
गुरु	वीरवार	(Thursday)	= ३
शुक्र	शुक्रवार	(Friday)	= ६
शनि	शनिवार	(Saturday)	= ७

१९९६ ई० में अंकों के आधार पर शुभाशुभ जानना

उदाहरण—

मान लीजिए किसी जातक का जन्म २ अक्तूबर १९७४ बुधवार को हुआ है तो जातक का १९९६ ई० का वर्षफल इस प्रकार से होगा।

२-१०-१९७४, (बुधवार)
= २ + १ + ० + १ + ९ + ७ + ४ + ५ (बुध)
= ३ + २१ + ५
= ३ + २ + १ + ५
जन्म तारीख अनुसार = ६ + ५ = ११ = २
सन् ई० १९९६ का मूलांक = १ + ९ + ९ + ६ = २५
= २ + ५ = ७

अब जन्म तारीख वार तथा सन् ई० १९९६ के मूलांकों को जमा करें

२ + ७ = ९

इस प्रकार मूलांक ९ के अनुसार अपना भविष्यफल जानें।

नोट—जिन लोगों के पास यदि अपनी जन्म तारीख, वार आदि न हो तो वह अपने नाम अक्षर के अनुसार मूल अंक निकाल सकते हैं। सामान्यतः अंग्रेज़ी अक्षरों के आधार पर ही मूल अंकों का निर्धारण किया जाता है। जैसे—

अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षर	अंक निर्धारण
A, I, J, Q, Y	1
B, K, R	2
C, G, L, S	3
D, M, T	4
E, H, N, X	5
U, V, W	6
O, Z	7
F, P	8

इस प्रणाली से मूल अंक बनाना सरल हो जाता है, जैसे कि PANKAJ SHARMA

P = 8			S = 3	
A = 1			H = 5	
N = 5			A = 1	
K = 2			R = 2	
A = 1			M = 4	
J = 1			A = 1	
18			16	

इन प्राथमिक अंकों को पुनः जोड़ा जाए—

$$18 + 16 = 34 = 3 + 4 = 7$$

इस प्रकार PANKAJ SHARMA का मूलांक (नामांक) ७ हुआ। इसी अंक के आधार पर अपने मूलांक का फल ज्ञात करें।

नोट—यदि नाम राशि और जन्म तारीख तथा वार आदि के द्वारा प्राप्त मूलांक भिन्न-भिन्न पड़ता है तो फल संयुक्त रूप से ग्रहण करना चाहिए।

विभिन्न मूलांक वालों के लिए वर्ष १९९६ ई०

मूलांक १—इसका प्रतिनिधि ग्रह सूर्य है। इस अंक पर १५ फरवरी तक शनि की दृष्टि होगी तथा १६ फरवरी से शनि साढ़सति का प्रभाव भी शुरू होगा। आगामी वर्ष इस अंक वालों के लिए विशेष महत्वपूर्ण घटनाएं उत्पन्न करेगा। यद्यपि मानसिक तनाव भी रहेगा परन्तु स्त्री वाहनादि सुखों की प्राप्ति होगी। विद्या में भाग्यवर्द्धक वर्ष होगा। माता पिता से विशेष धन और सुखों की प्राप्ति होगी।

मूलांक २—इसका प्रतिनिधि ग्रह चन्द्रमा है। वर्ष के आरम्भ में शुभ ग्रह योग के कारण शुभ समाचार मिलेंगे। व्यापार नौकरी में तरक्की और धन लाभ होगा। माता-पिता से धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे और वाहन सुख प्राप्त होगा। सन्तान सुख और भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। १ अगस्त से कोई शुभ समाचार प्राप्त होंगे। २४ अक्तूबर से विघ्न-बाधाओं का सामना होगा।

मूलांक ३—इसका प्रतिनिधि ग्रह गुरु है। वर्ष आरम्भ में गुरु की स्थिति शुभ होने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। विद्या में सफलता और व्यवसाय में लाभ व उन्नति के साधन बनेंगे। जीवन साथी का सुख भी प्राप्त होने के योग हैं। ४ मई से गुरु वक्री होने से कार्यों में बाधाएं पड़ने का योग है। ४ सितम्बर से गुरु मार्गी होने से गृह में कोई मंगल कार्य होगा।

मूलांक ४—इसके प्रतिनिधि ग्रह राहु एवं सूर्य हैं। अनेक उलझनों एवं कठिनाइयों के बावजूद वर्ष में मध्यम रूप से आय होती रहेगी परन्तु धन की फिजूल खर्ची व आलस्य में वृद्धि होगी। २४ अप्रैल से ३ जून तक मंगल की इस अंक पर चौथी अशुभ दृष्टि होने से विशेष संघर्षपूर्ण स्थितियां रहेंगी। परन्तु ५ जून से हालात में सुधार के योग होंगे। जुलाई से अक्तूबर तक हालात मध्यम परन्तु २५ नवंबर से वर्ष के अन्त तक शुभ समय होगा।

मूलांक ५—इसका प्रतिनिधि ग्रह बुध है। सामान्यता वर्षफल शुभ रहेगा। शुभ कार्यों पर व्यय अधिक होगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। परन्तु साल के शुरु से १५ फरवरी तक इस अंक पर शनि की दृष्टि रहने से आशा अनुकूल लाभ नहीं हो सकेगा तथा बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। १६ फरवरी से इस अंक वालों पर शनि की ढैय्या शुरू होगी। जिससे मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझने बढ़ेंगी।

मूलांक ६—इस अंक का प्रतीकात्मक ग्रह शुक्र है। इस अंक पर राहु वर्ष भर संचार करेगा। परन्तु ३ फरवरी से ३० अप्रैल तक शुक्र की स्थिति शुभ होने से ग्रह में कोई मंगल कार्य होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे। मनोरंजन और विलास आदि कार्यों पर खर्च होगा। ७ जून से शुक्र अस्त होने से आय कम व खर्च अधिक होगा बनते कार्यों में विघ्न होगा। अगस्त से अक्तूबर तक हालात कुछ सुधरेगें। मूल अंक ४ व ५ वाले से सावधानी बरते, इनसे धोखा होने के योग हैं।

मूलांक ७—इसका प्रतिनिधि ग्रह मंगल है। वर्ष के प्रारम्भ में मंगल की स्थिति शुभ होने से आय के साधनों में विस्तार होगा। व्यवसाय अथवा सर्विस में पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। विद्या में सफलता के योग हैं। ३१ अगस्त से मंगल नीच राशि में आने से घरेलू उलझनें व परेशानियां पैदा होंगीं। आय कम और खर्च अधिक रहेगा। १९ अक्टूबर से कुछ सुधार के योग बनेंगे।

मूलांक ८—इसका प्रतिनिधि ग्रह शनि है। इस अंक पर १५ फरवरी तक शनि का दृष्टि रहेगी। परन्तु २४ अप्रैल से मंगल की भी विशेष दृष्टि पड़ेगा। अत्यधिक संघर्ष के बाद कार्यों में सफलता और विजय होगी। धन और सुख साधनों में वृद्धि होगी। माता-पिता व मित्रगण से धन मिलने के योग हैं। विदेशी मित्र का आगमन होगा। सन्तान की ओर से चिन्ता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। प्रेमिका का सुखद मिलन होगा।

मूलांक ९—इस मूलांक का प्रतिनिधि ग्रह भी मंगल है। इस अंक पर गुरु की शुभ दृष्टि वर्ष भर रहेगी। जिससे वर्ष के पूर्वार्ध (पहिले) भाग में भाग्य-उन्नति, धन लाभ व सफलता के योग हैं। कोई शुभ कार्य सम्पन्न होगा। प्रियजनों से मुलाकात होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। ३१ अगस्त से १८ अक्तूबर तक मंगल की स्थिति अशुभ होने से व्यवसाय में उथल-पुथल रहेगी। अधिक दौड़-धूप करने पर सफलता मिलेगी।

जल ग्रहण करते समय

तदनन्दर 'ॐ अमृतोपस्तरणामसि स्वाहा' इस मंत्र से आचमन करके नीचे लिखे हुए पाँच मन्त्रों से क्रमशः एक-एक मंत्र पढते हुए एक-एक अन्न ग्रास मुंह में डालें—

मूलांक को शुभ वार, मास व भाग्यशाली वर्ष

मूलांक १ को रविवार, गुरूवार, जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अक्तूबर महीनों की १, १०, १९ एवं २८ तारीखें शुभ होंगी। तथा जीवन का १, १०, १९, २०, ३७, ४६, ५५, ६४, ७६ और ७२वां वर्ष भाग्यशाली होगा।

मूलांक २ वाले व्यक्ति को सोमवार, बुधवार और फरवरी, अप्रैल, अग. एवं नवंबर मास की २, ४, ८, ११, १६, २०, २२, २६, २९, ३१ (अग.) तारीखें शुभ होंगी। तथा उनके लिए जीवन के २, ११, २०, २९, ३८, ४७, ५८, ६५, ७४, ८३, ९२ शुभ फलदायक होंगे।

मूलांक ३ वाले व्यक्ति को मंगल व शुक्रवार और मार्च, मई, जून, जुलाई, सितं. और दिसम्बर मास की ३, ६, ९, १२, १५, १८, २१, २४, २६, ३० तारीखों तथा जीवन के ३, १२, २१, ३०, ३९, ४८, ५७, ६६, ७५, ८४ एवं ९३वाँ वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होगा।

मूलांक ४ वाले व्यक्ति को सोमवार, बुधवार तथा फरवरी, अप्रैल एवं अगस्त महीने की २, ४, ८, १३, १६, २०, २२ एवं २६, तारीखें तथा जीवन के ४, १३, २२, ३१, ४०, ४९, ५८, ६७, ७६, ८५, ९४वाँ वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होगा।

मूलांक ५ वाले व्यक्ति को गुरूवार, शनिवार तथा जनवरी, मार्च, अगस्त व अक्तूबर मास की ५, १०, १४, १९, २३, २५, २८ तारीखें तथा जीवन के ५, १४, २३, ३२, ४१, ५०, ५९, ६८, ७७, ८६, ९५वें वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होंगे।

मूलांक ६ वाले व्यक्ति को शुक्रवार व मंगलवार, अप्रैल, जून, जुलाई, सितंबर महीनों की ६, ९, १५, १८, २४ तारीखें तथा जीवन के ६, १५, २४, ३३, ४२, ५१, ६०, ६९, ७८, ८८७ एवं ९६वां वर्ष महत्वपूर्ण होगा।

मूलांक ७ वाले व्यक्ति सोमवार, वीरवार शनिवार तथा जन, मार्च, मई, जुलाई की ७, १४, १६, २५, २८ तथा जीवन के ७, १६, २५, ३४, ४३, ५२, ६१, ७०, ७९ व ८८वाँ वर्ष महत्वपूर्ण होगा।

मूलांक ८ वाले व्यक्ति को सोमवार, बुधवार, तथा फर. अप्रै. व अग. की ४, ७, १६, १७, २६ तारीखें तथा जीवन के ८, १७, २६, ३५, ४४, ५६, ६२, ७१, ८७ व ८९वाँ वर्ष शुभ व महत्वपूर्ण होंगे।

मूलांक ९ वाले व्यक्ति को मंगल, शुक्रवार एवं मार्च, जून, सितं. की ९, १२, १८, २४, २७ तारीखें तथा जीवन के ९, १८, २७, ३६, ४५, ५४, ६३, ७२, ८१ एवं ९०वाँ वर्ष विशेष महत्वपूर्ण होंगे।

भोजन ग्रहण करने का मंत्र

(१) ॐ प्राणाय स्वाहा (२) ॐ अपानाय स्वाहा (३) ॐ व्यानाय स्वाहा (४) ॐ समानाय स्वाहा (५) ॐ उदानाय स्वाहा। इसके बाद पुनः आचमन करके यथाविधि भोजन करे। दोनों पैर, दोनों हाथ और मुंह धोकर पूर्व की ओर मुख करके मौन भाव से भोजन करें। जिसके माता-पिता जीवित हों वह दक्षिण की ओर मुख करके भोजन न करे। भोजन करते समय बाएं हाथ से अन्न का स्पर्श न करे और चरण, मस्तक तथा अस्पृश्य स्थानों को भी न छुए। भोजन के समय दोनों पाँव यथासम्भव घुटनों के भीतर रखे।

तदनन्दर 'ॐ अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा' इस ... से क्रमशः एक-एक मंत्र पढते हुए एक-एक अन्न ग्रास मुंह में डालें—

... दक्षिण की ओर मुख करके भोजन न करें। भोजन करते समय बाएं हाथ से अन्न का स्पर्श न करें और ... छुए। भोजन के समय दोनों पाँव यथासम्भव घुटनों के भीतर रखे।

बारह राशियों का मासगत वार्षिक फलादेश सन् १९९६ ईसवी

आगे बारह राशियों का वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थिति अनुसार लिख रहे है। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक विशेष फलादेश जानने के लिए शुद्ध जन्मपत्री होना आवश्यक है। वैज्ञानिक ढंग से जन्मपत्री/वर्षफल बनवाने के लिए जातक\जातिका का नाम, व्यवसाय जन्म समय, स्थान, मास, वर्ष आदि का विवरण भेजना चाहिए। विशेष घटनाओं सहित वर्षफल की फीस डाक व्यय सहित १७१ रुपये तथा बड़ी जन्मपत्री की फीस ३०१ रुपये होगी। जन्मपत्री मिलान की फीस १३१ रुपये है। मिलान हेतु फीस लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली, जन्म समय, तारीखादि के विवरण सहित भेजें। परिश्रम की फीस एडवांस मनीआर्डर या बैंक ड्राफ्ट द्वारा प्रेषित करें—पं० पन्ना लाल ज्योतिषी, जालन्धर।

मेष राशि (Aries)—चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

गोचर फल—वर्षारंभ से १५ फरवरी तक शनि की नीच एवं गुरु की शुभ दृष्टि होगी। १६ फर. से वर्षान्त तक शनि की साढ़सति इस राशि पर रहेगी। २४ अप्रैल से ३ जून तक मंगल इस राशि पर शुभ। ३१ अगस्त से ८ अक्तू. तक मंगल नीच राशि (कर्क) में रहेगा। मेष राशि को आगामी वर्ष मध्यम फल (mixed) प्रदायक रहेगा। वर्षारंभ में कोई मंगल कार्य होगा। शनि के प्रभाव स्वरूप मानसिक तनाव, घरेलू तथा व्यवसाय सम्बन्धी उलझनों का भी सामना रहे। गुरु की शुभ दृष्टि के कारण कठिनाइयों के बावजूद निर्वाह योग्य सुख एवं आमदनी के साधन बनते रहेंगे।

जनवरी—मास में राशिस्वामी मंगल की उच्च स्थिति एवं गुरू की शुभ दृष्टि रहने से मासारंभ में गृह में कोई मंगल कार्य होगा। बिगड़े कामों में सुधार, प्रियजनों से मुलाकात एवं किसी शुभकार्य पर व्यय होगा।

फरवरी—मास में अत्यधिक परिश्रम करने पर निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। सवारी, भूमि आदि का सुख प्राप्त होगा। शनि की दृष्टि एवं मंगल अस्त होने से आशानुकूल लाभ प्राप्त न हो पाएगा।

मार्च—घरेलू एवं व्यावसायिक उलझनें बढ़ेंगी। मन में उचाटता पैदा हो। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ेगी। खर्च भी बढ़चढ़ कर हो। स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष सावधानी बरतें।

अप्रैल—पूर्वार्द्ध भाग में मानसिक तनाव एवं परिवार सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। २४ अप्रै. से मंगल की स्थिति शुभ होने से पदोन्नति एवं धन लाभ के योग बनेंगे।

मई—किसी श्रेष्ठ एवं उच्चाधिकारी से सम्पर्क बढ़ेगा। नए कार्य की योजना बनेगी। धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार में कोई खुशी प्राप्त होगी।

जून—अत्यधिक संघर्ष के बावजूद धन लाभ सामान्य रहे। अधिकांश समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। उदर में विकार एवं आंखों में कष्ट का भय है।

जुलाई—किसी नए मित्र के साथ सम्पर्क पैदा होंगे। विद्या अथवा पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। परिवार में खुशी के अवसर प्राप्त होंगे। सुख के साधन बढ़ेंगे।

अगस्त—अत्यन्त कठिनाइयों के बावजूद गुजारे योग्य धन प्राप्ति के साधन मिलते रहेंगे। दीर्घ लम्बी यात्रा की योजना बनेगी। किसी प्रियबन्धु से मुलाकात होगी।

सितंबर—राशिपति मंगल नीच राशि में संचार करने से पारिवारिक एवं व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। मानसिक तनाव एवं धन का अपव्यय अधिक रहे। बनते कामों में अड़चनें पैदा हों।

अक्तूबर—के प्रथम सप्ताह तक कार्य व्यवसाय में विघ्न बाधाएं उत्पन्न होंगी। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। १० अक्तू. से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। परिवार में स्त्री एवं संतान सम्बन्धी शुभ समाचार मिले।

नवंबर—कार्य व्यवसाय में अत्यन्त कठिन परिश्रम द्वारा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। किसी निकट बन्धु से मनमुटाव या अनबन का भय। मासांत में अकस्मात् यात्रा के योग है

दिसंबर—पूर्वार्द्ध भाग में कोई शुभ समाचार मिले। भाग्योन्नति हो। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. १२ से मंगल कन्या राशि में आने से स्वास्थ्य में गड़बड़ हो। बनते कार्यों में विघ्न पैदा हों।

वृष राशि (Taurus)—इ, उ, ए, ओ, व, वि, वृ, वे, वो

वर्षफल—३ फर. से २८ फर. तक राशिपति शुक्र मीन राशि में (उच्च), २८ मार्च से ३ मई तक तथा ४ जून से २९ जुलाई तक शुक्र वृष राशिस्थ, २४ अक्तू. से १७ नवं. तक नीच राशिस्थ (कन्या) में रहेगा।

वृष राशि वालों को आगामी वर्ष भाग्योन्नति कारक तथा धन लाभदायक रहेगा। गत वर्ष के अनेक बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। घर में कोई मंगल कार्य होगा। शनि की दृष्टि होने से मानसिक तनाव व खर्च भी अधिक रहेगा।

जनवरी—मासारम्भ में राशिपति शुक्र की स्थिति दशम भाव में शुभ होने से आय के साधनों में वृद्धि होगा। कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। स्त्री सुख अथवा पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

फरवरी—इस मास में शुक्र उच्च राशिस्थ होने से व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी। कोई शुभ समाचार मिले।

मार्च—पूर्वार्द्ध भाग में कारोबार मध्यम एवं धन लाभ सामान्य होगा। परिश्रम करने पर भी आशानुकूल सफलता प्राप्त न हो सके। घरेलू उलझनों के कारण मन व्यथित रहे।

अप्रैल—शुक्र स्वराशिगत रहने से कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होने के योग है। पदोन्नति एवं धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

मई—पूर्वार्द्ध भाग में भूमि, वाहन अथवा व्यवसाय में खर्च की मात्रा बढ़ेगी। पदोन्नति एवं मान-सम्मान में वृद्धि होगी। उतरार्द्ध भाग में किसी निकट बंधु से विरोध पैदा हो।

जून—शुक्र वक्री होकर पुनः इसी राशि में संचार होगा। धन लाभ के साथ-साथ कुछ उलझनें एवं विलासादि कार्यों पर व्यय अधिक होगा। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहेगी।

जुलाई—शुक्र वृष में मार्गी होने से कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। धन, स्त्री एवं संतानादि सुखों की प्राप्ति होगी। विद्या में सफलता तथा मनोवाँछित योजना में लाभ की आशा बनेगी।

अगस्त—में अत्यधिक परिश्रम करने पर भी विशेष धन लाभ नहीं हो पाएगा। फिजूल खर्ची अधिक रहेगी। भाई बन्धुओं में व्यर्थ (नाहक) विरोध पैदा होगा।

सितम्बर—में उलझनों के बावजूद धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। सोची योजनाओं में आंशिक लाभ प्राप्त होगा।

अक्तूबर—प्रयास करने पर निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। लम्बी यात्रा के अवसर भी मिलेंगे। किसी श्रेष्ठ मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा काम बनें।

नवंबर—मास के पूर्वार्द्ध भाग में शुक्र नीच राशि होने से व्यवसाय में विघ्न बाधाएं उत्पन्न हों। अपने नज़दीकी लोग भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। ता. १८ से शुक्र तुला में होने से कोई बिगड़ा काम बनें।

दिसंबर—पूर्वार्द्ध भाग में किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। धर्म-कर्म में प्रवृत्ति बढ़ेगी। नवीन कार्य की योजना बनेगी। उत्तरार्द्ध भाग में स्वास्थ्य हानि एवं बनते कार्यों में विघ्न पैदा हो।

मिथुन राशि (Gemini)—क, कि, कु, घ, ङ, छ, के, की, ह

गोचर फल—मिथुन राशि पर गुरू की शुभ दृष्टि २४ दिसंबर तक रहेगी। २२ जन. से ७ फर. तक, तथा ५ अप्रैल से ७ जून तक एवं १९ अग. से १० सित. के मध्य बुध की स्थिति शुभ। आगामी वर्ष अनेक कठिन समस्याओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। कुछ बिगड़े काम बनेंगे। भूमि, जायदाद सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ तथा दानादि करना शुभ होगा।

जनवरी—मासारम्भ में उलझनों एवं अड़चनों के बावजूद आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु राशि स्वामी बुध अष्टम भावस्थ होने से स्वास्थ्य विकार एवं विघ्न पैदा होंगे।

फरवरी—मास के आरंभ भाग में धन लाभ एवं कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी मंगल कार्य पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध भाग में उदर विकार एवं शरीर कष्ट का भय होगा।

मार्च—पूर्वार्द्ध भाग का फल शुभ रहेगा। किसी मित्र की सहायता से रुका हुआ कार्य बनेगा। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। उत्तरार्द्ध में संघर्ष करने पर भी पर्याप्त धन लाभ नहीं हो पायेगा।

अप्रैल—व्यवसाय में लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पदोन्नति एवं धन लाभ के योग है। स्त्री एवं संतान की ओर से खुशी प्राप्त हो।

मई—अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। कारोबार में विघ्न व बाधाएं उत्पन्न हों। भाई-बहिनों के सुख में कमी हो। मासांत में भूमि, सवारी आदि सुखों की प्राप्ति हो।

जून—प्रथम सप्ताह में आय-व्यय सामान्य रहेगा। ७ जून से राशिपति बुध वृष में रहने से आय की मात्रा कम परन्तु विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेगा। व्यर्थ के कामों में समय व्यतीत हो।

जुलाई—पूर्वार्द्ध भाग में धन एवं सुख की प्राप्ति, स्त्री व सन्तान सुख, विद्या में सफलता और आमोद-प्रमोद आदि साधनों में वृद्धि होगी। उत्तरार्द्ध भाग में मानसिक तनाव एवं शरीर कष्ट हो।

अगस्त—किसी नवीन कार्य की योजना बने, व्यवसाय में उन्नति व धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। विद्या में सफलता। स्त्री एवं सन्तान की ओर से प्रसन्नता मिले। मासान्त में चोट का भय होगा।

सितंबर—पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय में उलझनों के कारण मन संतप्त रहे। निकट सहयोगी से कपट पूर्ण धोखा मिले, आर्थिक समस्याओं जटिल होंगी। उत्तरार्द्ध भाग में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

अक्तूबर—मास के पूर्वार्द्ध में आमदनी में कमी खर्च में वृद्धि रहेगी, व्यर्थ की भाग दौड़ में फिजूल खर्ची बढ़ेगी। मासान्त में वांछित फल घटित होंगे। किसी प्रिय जन से मुलाकात होगी।

नवंबर—इस मास का पूर्वार्द्ध भाग शुभ रहेगा। पुरुषार्थ करने पर मंगल कार्य पर धन का व्यय होगा। उत्तरार्द्ध भाग में अत्याधिक संघर्ष करने पर भी आशानुकूल लाभ नहीं मिल पायेगा।

दिसंबर—मास के पूर्वार्द्ध भाग में कार्य क्षेत्र में व्यस्ततायें बढ़ेंगी। नवीन कार्य की योजना बनेगी स्त्री एवं परिवार सम्बन्धी सुखों में वृद्धि, अकस्मात् धन प्राप्ति के भी योग हैं। वृथा यात्रा में परेशानी रहेगी। चौकस रहें।

कर्क राशि (Cancer)—हि, हु, हे, हो, डा, डि, डु, डे, डो

गोचर फल—इस राशि पर वर्षारंभ से ६ फर. तक मंगल की नीच दृष्टि पड़ेगी, २४ अप्रै. से ३ जून तक मंगल की दृष्टि तथा ३१ अगस्त से १८ अक्तूबर तक इस राशि पर मंगल संचार करेगा। ग्रहयोग के अनुसार कर्क राशि को वर्ष का पूर्वार्द्ध भाग संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से गुजरेगा। दुर्घटना से चोटादि का भय। अक्तूबर के बाद की समयावधि लगभग शुभप्राय होगी।

जनवरी—संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से गुज़रना पड़ेगा। खर्च की अधिकता से मानसिक तनाव एवं क्रोध की भावना अधिक होगी। उत्तरार्द्ध में यात्रा के योग हैं।

फरवरी—प्रयत्न करने पर भी हर कार्य में सफलता नही मिलेगी। मंगल की नीच दृष्टि के कारण वाहनादि से चोट लगने का भय है। उत्तरार्द्ध भाग में बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा।

मार्च—इस मास धन लाभ अल्प रहे व फिज़ूल खर्ची बढ़ेगी। अनेक बाधाओं के बावजूद कामकाज में प्रगति होगी। गुप्त चिंता का भय है।

अप्रैल—पूर्वार्द्ध भाग में धन हानि एवं किसी उच्च अधिकारी से विरोध पैदा हो, शरीर कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहे। बनते कामों में रुकावटें पैदा हों। उत्तरार्द्ध भाग में स्थिति में सुधार होगा।

मई—मंगल की दृष्टि के कारण मास में अत्यन्त कठिन समस्याओं का सामना रहे, व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहे। चिन्ताओं में वृद्धि तथा फिज़ूल खर्ची बढ़ेगी। अकस्मात् सफर पड़ने के योग हैं। किसी निकट बन्धु से मनमनुटाव पैदा हो।

जून—कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। किसी शुभ कार्य पर धन खर्च होगा।

जुलाई—कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होंगी। गृहस्थ जीवन में तनाव की स्थिति रहे। शरीर अवस्थ। ता. ५, १२, १८, २५ अशुभ होंगी।

अगस्त—उलझनों के होने पर भी साहस एवं पराक्रम की वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में उन्नति उत्तरार्द्ध में कोई शुभ कार्य सम्पन्न होगा। ता० ३, ५, १२, १९, २६ अशुभ होंगी।

सितम्बर—इस मास मंगल इस राशि पर अशुभ स्थिति में संचार करेगा। धन लाभ अल्प रहेगा। मानसिक तनाव तथा घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। चोटादि का भय है, सावधान रहें।

अक्तूबर—पूर्वार्द्ध भाग में इस राशि पर मंगल नीच राशिगत रहने से आय कम तथा खर्च अधिक रहेगा। व्यर्थ की दौड़धूप रहेगी। उत्तरार्द्ध भाग में गृह में कोई शुभ कार्य सम्पन्न हो।

नवंबर—इस मास में निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। कार्य क्षेत्र में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। किसी प्रिय व्यक्ति से सम्पर्क पैदा होंगे। अधिकांश समय मनोरंजक कार्यों में गुजरे।

दिसंबर—किसी प्रिय मित्र की सहायता से कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे। किसी नए कार्य की योजना बनेगी। धर्म-कर्म की ओर विशेष रुचि रहेगी। मासांत में अचानक खर्च में वृद्धि होगी।

सिंह राशि (Leo)—म, मि, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे

गोचरफल—इस राशि पर गुरू की शुभ दृष्टि २६ दिसंबर तक तथा शनि की अशुभ दृष्टि १५ फरवरी ९६ तक रहेगी। १६ फर. से शनि की अढैय्या वर्ष भर रहेगी। वर्ष मध्यम फली रहेगी। प्रारम्भिक डेढ़ मास, आषाढ़ (जून-जुलाई) एवं कार्तिक मासों में बनते कामों में अड़चनें पैदा हों। संघर्षपूर्ण परिस्थितियां रहें। वैशाख, भाद्रपद, मार्गशीर्ष एवं माघ मास शुभफली होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें।

जनवरी—कार्य-व्यवसाय में उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। घर में कोई मंगल कार्य सम्पन्न होगा। भाई बन्धुओं एवं मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

फरवरी—इस मास का फल मिश्रित होगा। धन लाभ के साथ-साथ खर्च भी बढ़-चढ़ कर रहेंगे। घरेलू एवं कारोबारी उलझनों के कारण मन अशान्त रहे। व्यर्थ कलह से बचें।

मार्च—मासफल मध्यम है। पूर्वार्द्ध भाग में गुजारे लायक आमदनी के साधन बनते रहेंगे। परन्तु उत्तरार्द्ध भाग में अचानक धन-हानि एवं घरेलू उलझनों के कारण परेशानियां हों।

अप्रैल—पूर्वार्द्ध भाग में कोई गुप्त चिन्ता रहे। अपव्यय हो। उत्तरार्द्ध में व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। स्थानान्तरण एवं पदोन्नति के भी योग हैं। विद्यार्थियों के लिए संघर्षपूर्ण समय होगा।

मई—मानसिक तनाव व उलझनों के बावजूद धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी शुभ काम पर खर्च भी होगा। सोची योजनाओं में आंशिक सफलता मिले।

जून—बनते कामों में रुकावटें पैदा हों। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहे। स्वास्थ्य में विकार उत्पन्न हो। दुर्घटना आदि के प्रति विशेष सावधानी बरतें। ता. ११, १३, १९, २७ अशुभ होंगी।

जुलाई—स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे। स्वभाव में तेज़ी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहेगी। विरोधी हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कठिनाईयों के बावजूद निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होती रहेगी।

अगस्त—किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी परन्तु आय के साधन सीमित रहेंगे। अत्यधिक संघर्ष करने पर भी गुजारे लायक ही धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। भाई बहिनों का सुख मध्यम रहे।

सितम्बर—कारोबार मध्यम एवं धन लाभ साधारण रहेगा। रोज़गार के लिए दौड़धूप अधिक हो। किसी प्रियजन की सहायता से कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पदोन्नति एवं मान सम्मान में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को आशा के अनुरूप सफलता मिलेगी।

अक्तूबर—सर्विस अथवा व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़े। अत्यधिक भागदौड़ करने पर भी आय से व्यय अधिक होगा। मासान्त में स्थिति में सुधार की आशा है।

नवम्बर—पूर्वार्द्ध में मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। अत्यधिक संघर्ष के बाद धन लाभ अल्प रहेगा। खर्चों की अधिकता होगी। मासान्त में रुके हुये कार्यों में सुधार, आय कम खर्च अधिक, राज्य की ओर से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

दिसम्बर—यह मास अत्यन्त शुभफलदायक होगा। पदोन्नति व धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। गृहस्थ जीवन सुखद हो। अधूरे काम पूर्ण होंगे। उच्चाधिकारियों से मेल-जोल बढ़ेगा। अचानक यात्रा।

कन्या राशि (Vigro)—टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

गोचरफल—वर्षफल मध्यमफलीं होगा। राहु की स्थिति वर्षभर इस राशि पर बनी रहेगी। परन्तु मित्र क्षेत्री होने से अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। १६ फर. ९६ के उपरांत शनि की दृष्टि भी रहेगी, जिससे संघर्ष अधिक तथा मानसिक तनाव एवं घरेलू व व्यवसायिक उलझनें अधिक होंगी।

जनवरी—विघ्न बाधाओं के बावजूद गुजारे लायक धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी उच्चाधिकारी से सम्पर्क स्थापित होंगे। स्त्री सुख एव घर-परिवार की ओर से खुशी का समाचार मिलेगा।

फरवरी—पूर्वार्द्ध भाग में बनते कामों में बाधाएं उत्पन्न होंगी। १६ फर. से शनि की दृष्टि रहने के कारण प्रयास करने पर बिगड़े कार्य बनेंगे। व्यवसाय में आंशिक लाभ होने के योग हैं।

मार्च—बुध की स्थिति शुभ होने से बिगड़े काम बनेंगे। आमदन व धन लाभ के साधन बढ़ेंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति से सम्पर्क स्थापित होगा। मासांत में स्त्री व संतान की ओर से कुछ चिन्ता पैदा होगी।

अप्रैल—मासारम्भ में बुध नीच राशिगत होने से आय मध्यम व खर्च की मात्रा अधिक होगी। स्वास्थ्य में विकार व बनते कामों में विघ्न बाधाओं का सामना रहे। मासान्त में बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा।

मई—मासारम्भ में बुध वक्री हुआ है जिससे कठिन समस्याओं के बावजूद गुजारे योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। आराम कम व संघर्ष अधिक रहेगा।

जून—भूमि जायदाद अथवा सवारी आदि सुख प्राप्त होने के योग हैं, किसी श्रेष्ठ व्यक्ति की सहायता से कोई बिगड़ा हुआ काम बनेगा, अकस्मात् धन लाभ होगा। नवीन कार्य की योजना बनें।

जुलाई—स्वास्थ्य में सुधार व कुछ बिगड़े काम बनेंगे। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। स्त्री व संतान की और से शुभ समाचार मिले। विगत किए कार्यों में सफलता प्राप्त हो। प्रिय बन्धु से मुलाकात हो। मासांत में कुछ घरेलू उलझनें हों।

अगस्त—पूर्वार्द्ध में अत्यन्त कठिन समस्याओं का सामना रहे, व्यर्थ की भाग दौड़ अधिक रहे। चिन्ताओं में वृद्धि तथा फिज़ूल खर्चा बढ़ेगी। अकस्मात् धन लाभ के योग हैं।

सितंबर—मास के पूर्वार्द्ध में राशिपति बुध उच्चस्थ रहेगा जिससे स्वास्थ्य लाभ व बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। भाई-बहिनों का सुख प्राप्त होगा। सोची हुई योजना में सफलता प्राप्ति के योग हैं। धन लाभ व सवारी आदि सुख के योग हैं।

अक्तूबर—पूर्वार्द्ध भाग में धन हानि एवं किसी उच्च अधिकारी से विरोध पैदा हो, शरीर कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहे। बनते कामों में रूकावट पैदा हों। उत्तरार्द्ध भाग में स्थिति में सुधार होगा।

नवंबर—मासारंभ में ही बुध शुभ स्थिति में है। जिससे विघ्न बाधाओं के बावजूद धन लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त हो। उत्तरार्द्ध भाग में मानसिक तनाव व उत्तेजना अधिक रहे।

दिसंबर—धन लाभ अल्प रहे। आलस्य में वृद्धि हो। विलासादि कार्यों पर धन का खर्च अधिक रहे। व्यर्थ यात्रा के कारण परेशानी का सामना हो। मासांत में स्त्री सुख एवं शुभ समाचार मिले।

तुला राशि (Libra)—र, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

गोचरफल—३ फर. से २८ फर. तक राशिपति शुक्र उच्च राशि (मीनस्थ) में, २८ मार्च से ३ मई तक शुक्र स्व-राशिगत। २० मई से १ जुला. तक शुक्र वक्री होगा। २४ अक्तू. से १७ नवं. तक शुक्र नीच राशिस्थ (कन्या) में होगा। वर्षफल उत्तम फल देने वाला होगा। ग्रहयोग के अनुसार वर्ष में अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद सफलता के योग हैं।

जनवरी—ग्रहयोग के अनुसार इस मास किसी शुभ कार्य पर व्यय होगा। भूमि, वाहनादि पर खर्च के भी योग हैं। आय सीमित पर खर्च अधिक रहेगा। विद्यार्थी वर्ग के लिए मास फल शुभ होगा।

फरवरी—इस मास शुक्र उच्च राशिस्थ परन्तु केतु युक्त होने से विघ्न बाधाओं के बावजूद धन-लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रिय बन्धु से सम्पर्क होगा।

मार्च—इस मास आय सामान्य रहे, परन्तु खर्च आशा के विपरीत बढ़-चढ़कर हो। घरेलू उलझनों के कारण मानसिक तनाव रहे। बनते कामों में विघ्न पैदा हों। विद्यार्थी वर्ग को यह मास संघर्षपूर्ण होगा।

अप्रैल—अकस्मात् धन प्राप्ति के योग हैं। विलासादि कार्यों पर धन का व्यय हो। वाहन का सुख प्राप्त हो। नए कार्य की योजना बने। मासान्त में किसी निकट भाई-बन्धु से विरोध पैदा हो। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें।

मई—पूर्वार्द्ध भाग में निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। उत्साह में वृद्धि एवं उद्योग में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। उत्तरार्द्ध भाग में बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। धन लाभ अल्प रहे तथा फिज़ूल खर्ची बढ़ेगी। ता० ३, ७, १५, २३, २७ अशुभ रहने को योग हैं।

जून—इस मास में अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में से गुज़रना पड़े। व्यवसाय में विघ्न-बाधाएं उत्पन्न हों। घरेलू उलझनों के कारण मन चिन्तित रहे। शरीर कष्ट। स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विशेष सावधानी बरतें। ता० ७, ११, १८, २३ अशुभ रहेंगी।

जुलाई—व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहे। अत्यन्त संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो सके। मन परेशान अधिक रहे। शत्रु प्रबल रहें। इस मास की ता० ३, ८, ११, १६ अशुभ रहेंगी।

अगस्त—व्यवसाय में परिवर्तन का विचार बने, अकस्मात् शरीर कष्ट व खर्च बढ़े। रोग भय। बनते कार्योंमें बाधाएं उत्पन्न हों। अपने पर भी पराय जैसा व्यवहार करें। ता० ७,८,१४,१८,२०,२१ अशुभ रहेंगी।

सितंबर—किसी मित्र के सहयोग से बिगड़ा कार्य बने। निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो, परन्तु खर्च की भी अधिकता रहे। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें। मासान्त में किसी दुर्घटना के कारण शरीर कष्ट हो।

अक्तूबर—मासारम्भ में पदोन्नति अथवा धन लाभ के योग हैं। भूमि-वाहनादि का सुख प्राप्त हो। किसी प्रिय जन से मुलाकात हो। परिवार में कोई मंगल कार्य हो। ता० २४ से शुक्र कन्या में होने से व्यर्थ यात्रा होने के योग हैं। स्वास्थ्य हानि अथवा चोरादि का भय है।

नवंबर—कार्य व्यवसाय में व्यवस्ताएं बढ़ेंगी। परन्तु अत्यन्त भाग दौड़ करने पर भी अधिक लाभ न मिल पायेगा। फिज़ूल खर्ची बढ़ेगी। १८ नवंबर के बाद वाहनादि बहुमूल्य वस्तु पर खर्च होगा। कुछ बिगड़े काम सुधरेंगे।

दिसंबर—शुक्र की स्थिति शुभ रहने के कारण आय के साधनों में वृद्धि होगी। स्त्री/पति सुख एवं भूमि, सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। मासान्त में किसी मंगल कार्य पर व्यय होने के योग हैं।

वृश्चिक राशि (Scorpio) तो, न, नु, ने, नी, यो, या, यी, यु

गोचरफल—वर्षारम्भ से ६ फर. तक राशिपति मंगल उच्च राशिस्थ (मकर) में रहेगा, १५ फरवरी तक शनि की अशुभ दृष्टि इस राशि पर पड़ेगी। २४ अप्रै. से ३ जून तक तथा १९ अक्तू. से १६ दिसं. तक मंगल की शुभ दृष्टि पड़ेगी। वर्ष में विघ्न-बाधाओं के बावजूद अकस्मात् लाभ प्राप्ति के योग हैं। संतान, सवारी एवं भूमि-जायदाद सम्बन्धी सुखों की प्राप्ति होगी।

जनवरी—व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, धन लाभ व पदोन्नति के योग हैं। परिवार में कोई शुभ समाचार मिलेगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। भौमास्त होने से सिर पीड़ा एवं मानसिक तनाव भी होगा।

फरवरी—पूर्वार्द्ध भाग में मिश्रित प्रभाव रहेंगे। आय के साथ-साथ खर्च भी बढ़-चढ़ कर रहेगा। घरेलू व व्यवसायिक उलझनों के कारण मन संतप्त रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में शुभ फल घटित होंगे। निर्वाह योग्य धनागम होगा।

मार्च—कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। स्त्री व संतान के सम्बन्ध में कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी नवीन उद्योग की योजना बनेंगी। विद्यार्थी वर्ग को यह मास संघर्षपूर्ण होगा।

अप्रैल—आय कम व खर्च अधिक रहेगा। व्यर्थ की भागदौड़ में समय व्यतीत होगा। मासांत में धन-लाभ अथवा पदान्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा।

मई—पूर्वार्द्ध भाग में उत्साह और सौभाग्य में वृद्धि होगी। धन-लाभ की प्राप्ति होगी। शुभ कार्यों पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा।

जून—इस मास में कुछ बिगड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी प्रिय बन्धु को शरीर कष्ट होगा। व्यर्थ की दौड़-धूप अधिक रहेगी। निर्वाह योग्य धन लाभ होता रहेगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

जुलाई—व्यवसाय में संघर्ष अधिक होगा। परिवार में मनमुटाव व बन्धुओं से टकराव के हालात पैदा होंगे। आय कम और खर्च अधिक रहे। उत्तरार्द्ध भाग में कोई मंगल कार्य हो। भूमि जायदाद अथवा सवारी सुख प्राप्त होगा।

अगस्त—कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी श्रेष्ठ अफसर से सम्पर्क पैदा होंगे। स्त्री वं संतान की ओर से कोई खुशी का समाचार मिलेगा।

सितंबर—मास के शुरू से ही राशिपति मंगल नीच राशि (कर्क) में होगा। अत्यधिक संघर्ष करने पर भी आशानुकूल लाभ नहीं मिल पाएगा। विद्यार्थी वर्ग को विद्या में पूर्ण सफलता न मिल पाएगी। परिवार में मनमुटाव एवं कोई दुःखद घटना घटे।

अक्तूबर—बनते कामों में रूकावटें पैदा हों। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहे। स्वास्थ्द में विकार उत्पन्न हो, दुर्घटना आदि के प्रति विशेष सावधानी बरतें। उत्तरार्द्ध भाग में शुभ-फल होंगे।

नवंबर—स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे। स्वभाव में तेजी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहेगी। विरोधी हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कठिनाईयों के बावजूद निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी।

दिसम्बर—किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। परन्तु आय के साधन सीमित रहेंगे। अत्यधिक संघर्ष करने पर भी धन लाभ अल्प रहेगा। किसी निकटस्थ सहयोगी से धोखा मिलने के योग हैं। श्री हनुमान उपासना कल्याणप्रद रहेगा।

दिसंबर—शुक्र की स्थिति शुभ रहने के कारण आय के साधनों में वृद्धि होगी। स्त्री/पति सुख एवं भूमि, सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। मासान्त में किसी मंगल कार्य पर व्यय होने के योग हैं।

संघर्ष करने पर भी धन लाभ अल्प रहेगा। किसी निकटस्थ सहयोगी से धोखा मिलने के योग हैं। श्री हनुमान उपासना कल्याणप्रद रहेगा।

धनु राशि (Sagittarius)—ये, यो, भा, भि, भु, ध, फ, ढ, भे

गोचरफल—वर्षारम्भ से २६ दिसम्बर तक गुरू इसी राशि में संचार करेगा। १६ फरवरी से इस राशि को शनि की ढैय्या शुरू। गतवर्ष की अपेक्षा आगामी वर्ष शुभफली एव लाभदायक होगा। यद्यपि शनि की ढैय्या को कारण व्यवसायिक एवं घरेलू उलझनों तथा मानसिक तनाव का भी सामना रहेगा।

जनवरी—मासारंभ से ही इस राशि पर भाग्येश सूर्य व राशिपति गुरू का योग बना हुआ है जिससे इस मास लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। बिगड़े कार्यों मे सुधार होगा। परिवार में कोई मंगल कार्य होगा।

फरवरी—पूर्वार्द्ध भाग में अकस्मात् धन प्राप्ति के योग बनेगे। किसी शुभ कार्य पर खर्च भी हो तथा सुख या साधनों में वृद्धि होगी। उत्तरार्ध भाग से शनि की ढैय्या के कारण घरेलू उलझनें व परेशानियां बढ़ेंगी।

मार्च—व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। परन्तु खर्च अधिक रहेगा। भाई बंधुओं का सहयोग पूरा नहीं मिल पाएगा। अत्यधिक संघर्ष करने पर भी धन लाभ अल्प रहेगा।

अप्रैल—सर्विस अथवा व्यवसाय में उन्नति व लाभ के योग हैं। परन्तु लाभ सीमित मात्रा में रहेगा खर्च भी बढ़चढ़ कर रहेगा। स्त्री/पति सुख की प्राप्ति होगी। बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा।

मई—कारोबार मध्यम रहेगा। विघ्न बाधाओं के बावजूद धन प्राप्ति होगी। किसी श्रेष्ठ व्यक्ति से सम्पर्क होगा। जटिल समस्याओं के हल होने से राहत एवं मानसिक तनाव कम होगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

जून—किसी प्रिय बन्धु से विरोध पैदा होगा, दौड़-धूप तथा अकस्मात् यात्रा के आसार हैं। नए कार्य में हानि हो सकती है। किसी विशेष कारण से धन-प्राप्ति में विघ्न उत्पन्न होंगे। शारीरिक कष्ट व मानसिक तनाव रहे। नशादि से बचें।

जुलाई—मासारम्भ में शारीरिक कष्ट, उदर-विकार से बहुत परेशानी होगी। उलझनें व समस्याएं उभरती-सिमटती रहेंगी। अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से गुज़रना पड़ेगा। किसी से व्यर्थ वाद-विवाद ना करें तथा यात्रा के समय सावधानी बरतें।

अगस्त—शनि का ढैय्या के कारण बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होगा तथा मन उदासीन रहेगा। किसी निकट सम्बन्धी से तकरार हो सकती है। मासान्त में शुभ समाचार और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति होगी। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

सितम्बर—विशेष परिश्रम और भागदौड़ से अभीष्ट कार्य की सिद्धि होगी। अधिक व्यय से मानसिक तनाव रहेगा। सामान्य लाभ, साहस और उत्साह की कमी से आशानुकूल लाभ नही मिलेगा। घर-गृहस्थी में उतार-चढ़ाव रहेगा। मानसिक तनाव से बचें।

अक्तूबर—धन लाभ साधारण रूप से हो, परन्तु धन का व्यय विलासादि पदार्थों पर अधिक हो। व्यर्थ-यात्रा की परेशानी भी उठानी पड़े। स्वास्थ्य में गड़बड़ उत्पन्न हो। तिथि ६, ८, १३, १५, २१, २७, अशुभ रहेंगी। सावधानी बरतें।

नवम्बर—स्वास्थ्य में सुधार व धन लाभ ठीक रहे। नए कार्य की योजना बने। प्रिय बन्धु से मिलाप हो। स्त्री व सन्तान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलेगा। तिथि ३, २२, २४, ३१, अशुभ।

दिसम्बर—पूर्वार्द्ध भाग में अत्यन्त संघर्षमयी परिस्थितियों में से गुज़रना पड़ेगा। निर्वाह योग्य धन लाभ होता चला जाएगा। किसी से नाहक रूप से तकरार की स्थिति पैदा होगी। फिजूल खर्ची बढ़े। श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ शुभफली रहेगा।

मकर राशि (Capricorn)—भो, ज, जि, खि, खे, खो, ग, गी।

गोचर फल—वर्षारम्भ से १५ फरवरी तक शनि की साढ़सति इस राशि वालों को रहेगी। १६ जुलाई से १८ अक्तूबर ९६ तक मंगल की उच्च दृष्टि रहेगी। राशिपति शनि १६ फर० से वर्षान्त तक मीन राशि में संचार करेगा। ग्रह योग के अनुसार विविध परेशानियों व घरेलू उलझनों के बावजूद आगामी वर्ष भाग्योन्नति कारक रहेगा।

जनवरी—वर्षारम्भ से ही मकर राशि पर मं, शु एवं बुध ग्रहों का संचार है। अनेक उलझनों के बावजूद आय के साधन बने रहेंगे। उच्च-अधिकारियों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे। गृह में कोई मंगल उत्सव होगा।

फरवरी—पूर्वार्द्ध भाग में निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। प्रिय मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा तथा स्त्री/पति सुख की प्राप्ति होगी। उत्तरार्ध में अकस्मात् धन हानि एवं गुप्त शत्रु भय होगा।

मार्च—संघर्षमय परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। परिवार में मन मुटाव का वातावरण रहेगा। मासान्त में स्वभाव में क्रोध एवं चिड़चिड़ापन रहेगा। संयमपूर्ण व्यवहार करें। शत्रुओं के कारण कोई बड़ा कार्य रुक सकता है। मित्रों के सहयोग से किसी समस्या का समाधान होगा।

अप्रैल—इस माह में पराक्रम में पर्याप्त वृद्धि होगी। बिगड़े कार्य बनेंगे। किसी श्रेष्ठ पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित होंगे। खर्चों की अधिकता से मानसिक परेशानी होगी। धैर्यपूर्वक परिश्रम करने से स्थिति में सुधार होगा। ता० ११, १५, १९, २३, २८, २९ शुभ रहेगी।

मई—आलस्य का माहौल रहेगा। आशा के अनुरूप खर्चों की अधिकता होगी। धन की हानि एवं स्वास्थ्य नर्म रहेगा। किसी से मिला हुआ आश्वासन पूर्ण होगा। विद्या में सफलता एवं कोई मंगल कार्य होगा। मास के उत्तरार्द्ध भाग में निराशावादी विचार मन में उभरेंगे।

जून—कार्य क्षेत्र में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। यद्यपि व्यवसाय में उन्नति के कुछ अवसर प्राप्त होंगे, परन्तु घरेलू उलझनों के कारण लाभ प्राप्त नहीं होगा। शरीर कष्ट एवं चिंता बढ़ेगी। उत्तरार्द्ध भाग में किसी प्रियजन से मुलाकात होगी।

जुलाई—मास के पूर्वार्द्ध भाग में स्वास्थ्य में हानि। लाभ कम खर्च अधिक रहे। कोई बिगड़ा काम बनेगा। धन लाभ हो। साझेदारी के कार्यों में हानि, प्रिय बन्धु अथवा पत्नी से मन मुटाव हो, अधिक क्रोध से बचें। ता० ३, ६, १७, २४ अशुभ हैं।

अगस्त—व्यवसाय में आंशिक लाभ, स्वास्थ्य में कुछ सुधार हो। विद्या अथवा सन्तान की ओर से कोई शुभ समाचार मिले। किसी नवीन कार्य की योजना बनें। ता० १७, १९, २३, २५, २९ अशुभ हैं।

सितम्बर—मास के पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। सवारी का सुख मिले। उत्तरार्द्ध भाग में घरेलू उलझन के कारण मन परेशान रहे। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न हो।

अक्तूबर—किसी मित्र के सहयोग से बिगड़ा कार्य बने। निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो, परन्तु खर्च की भी अधिकता रहे। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें। मासान्त में किसी दुर्घटना आदि के कारण शरीर कष्ट हो। ता० ३, ७, ८, ११, १९, २३, २७ अशुभ होंगी।

नवम्बर—व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहे। अत्यन्त संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य ही धन की प्राप्ति हो सके। मन परेशान अधिक रहे। शत्रु प्रबल रहें। इस मास की ३, ८, ११, १६, ता. अशुभ होंगी।

दिसम्बर—व्यवसाय में परिवर्तन का विचार बने, अकस्मात् शरीर कष्ट व खर्च बढ़े। रोग भय। बनते कार्यों में बाधाएँ उत्पन्न हों। अपने पर भी पराय जैसा व्यवहार करें। ता० ७, ८, १४, १८, २०, २९ अशुभ हों। शिव उपासना व शनिस्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

कुम्भ राशि (Aguarius)—गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द

गोचर फल—वर्षारम्भ से १६ फरवरी तक राशि-स्वामी शनि इसी राशि में संचार करेगा। जिससे गतवर्ष के कुछ बिगड़े कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। १६ फर० से वर्षान्त तक शनि मीन राशि में संचार करेगा परन्तु कुंभ राशि पर शनि साढ़सति का प्रभाव अभी रहेगा। फलस्वरूप वर्ष में लाभ व उन्नति के बावजूद विभिन्न आर्थिक समस्याओं का सामना रहेगा। मानसिक तनाव, दुर्घटनादि एवं गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

जनवरी—ग्रह योगानुसार इस मास भाग्य में उन्नति व धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई रूका हुआ कार्य बनेगा। ग्रह में कोई मंगल कार्य होगा। भूमि, स्त्री, संतान, सवारी आदि पर खर्च होगा।

फरवरी—प्रथम सप्ताह पुरुषार्थ में वृद्धि तथा निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। ७ फरवरी से इस राशि पर शनि-मंगल का योग बनने से दुर्घटना द्वारा चोटादि लगने का भय है। सावधानी बरतें। क्रोध व उत्तेजना से बचें।

मार्च—पूर्वार्द्ध भाग में धन लाभ मध्यम रहेगा। कार्य-व्यवसाय में आंशिक सफलता प्राप्ति के योग हैं। उत्तरार्ध में शरीर कष्ट व मानसिक तनाव अधिक होगा। धन का नुकसान होने के संकेत हैं।

अप्रैल—मासारम्भ में व्यवसाय एवं घरेलू उलझनें अधिक रहेंगी। परिवारिक समस्या के कारण मन में अशान्ति रहें। बनते कामों में बिगाड़ पैदा हों। ता० २४ के बाद हालात में सुधार के योग हैं।

मई—अकस्मात धन प्राप्ति के योग हैं। विलासादि कार्यों पर धन व्यय हो। वाहन सुख प्राप्त हो। नए कार्यों की योजना बने। मासान्त में किसी निकट भाई-बन्धु से विरोद पैदा हो। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

जून—इस मास में धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उत्साह में वृद्धि एवं उद्योग में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। उत्तरार्द्ध भाग में बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। धन लाभ अल्प रहे तथा फिजूल खर्ची बढ़ेगी।

जुलाई—मास के पूर्वार्द्ध भाग में कार्य क्षेत्र में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। नवीन कार्य की योजना बनेगी, स्त्री एवं परिवार सम्बन्ध सुखों में वृद्धि। अकस्मात् धन प्राप्ति के भी योग हैं। वृथा यात्रा हो।

अगस्त—पूर्वार्द्ध का अधिकांश भाग शुभ फली रहेगा। व्यवसाय में लाभ एवं उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी शुभ कार्य पर व्यय होगा। मासांत में अपव्यय, रक्त विकार शरीर कष्टादि अशुभ फल होंगे।

सितम्बर—स्वास्थ्य सुधार व धन लाभ ठीक-ठाक रहे। प्रिय बन्धु से मिलाप हो। नए कार्य की योजना बने। स्त्री अथवा सन्तान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा। गृह में कोई शुभ मंगल कार्य होने के योग हैं।

अक्तूबर—मास के आरम्भ में कोई शुभ समाचार मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि एवं धन लाभ हो। कोई रूका कार्य बनेगा। मित्रों का सहयोग तथा स्त्री एवं सन्तान सम्बन्धी कोई शुभ संदेश प्राप्त हो।

नवम्बर—अकस्मात् धन प्राप्ति के योग हैं। विलासादि कार्यों पर धन का व्यय हो। वाहन का सुख प्राप्त हो। नए कार्य की योजना बने। मासान्त में किसी निकट भाई बन्धु से विरोध पैदा होने के संकेत है।

दिसम्बर—पूर्वार्द्ध भाग में निर्वाह योग्य धन प्राप्त होगा। उत्साह में वृद्धि एवं उद्योग में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। उत्तरार्द्ध भाग में बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। धन लाभ अल्प रहे तथा फिजूल खर्ची बढ़े तथा आलस्य में वृद्धि हो।

शिव उपासना, शनि यन्त्र एवं शनि स्तोत्र का पाठ करना कल्याणप्रद रहेगा।

मीन राशि (Pisces) दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, च, ची

गोचर फल—इस राशि पर केतु वर्षभर संचार करेगा। १६ फर० से शनि भी इसी राशि में संचार करेगा। शनि साढ़सति का अरिष्ट प्रभाव भी रहेगा। वर्ष में अनेक संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। शरीर कष्ट व दिमागी परेशानियों का सामना रहे। गुरू की शुभ राशि स्थिति के कारण वर्ष मध्य में धन लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे।

जनवरी—पुरुषार्थ में वृद्धि व धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। भूमि संतान, सवारी आदि सम्बधी शुभ समाचार प्राप्त होगा। उतरार्द्ध भाग में अकस्मात् अपव्यय होगा।

फरवरी—३ फर से शुक्र इस राशि पर उच्च स्थिति में संचार करेगा। जिससे इस मास कोई रूका हुआ कार्य बनेगा। घर में कोई मंगल कार्य होगा। पदोन्नति व धन प्राप्ति के साधन बनेंगे।

मार्च—पूर्वार्द्ध भाग में विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुजारे लायक धन लाभ के अवसर मिलेगे परन्तु १६ मार्च से इस राशि पर शनि-मंगल का योग होने से कोई विषम घरेलू समस्या पैदा हो। शरीर कष्ट भी रहे।

अप्रैल—मासारम्भ से ही इस राशि पर शनि, मंगल एवं केतु ग्रह संचार कर रहे हैं, जिससे अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़े। आय कम व खर्च अधिक हो। व्यवसाय में विघ्न तथा घरेलु उलझनो के कारम मन चिन्तित रहे। शरीर कष्ट हो।

मई—व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहे। अत्यन्त संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य ही धन की प्राप्ति हो सके। मन परेशान अधिक रहे। शत्रु प्रबल रहें। इस मास की ३, ८, ११, १६, ता० अशुभ होंगी।

जून—व्यवसाय में परिवर्तन का विचार बने, अकस्मात् शरीर कष्ट व खर्च बढ़े। रोग भय। बनते कार्यों में बाधाएँ उत्पन्न हों। अपने पर भी पराय जैसा व्यवहार करें। ता० ७, ८, १४, १८, अशुभ होंगी।

जुलाई—मास के पूर्वार्द्ध भाग में स्वास्थ्य में हानि। लाभ कम खर्च अधिक रहे। कोई बिगड़ा काम बनेगा। धल लाभ हो। साँझेदारी के कार्यों में हानि, प्रिय बन्धु अथवा पत्नी से मन मुटाव हो, अधिक क्रोध से बचें। ता० ३, ६, १७, २४, अशुभ।

अगस्त—व्यवसाय में आंशिक लाभ, स्वास्थ्य में कुछ सुधार हो। विद्या अथवा सन्तान की ओर से कोई शुभ समाचार मिले। किसी नवीन कार्य की योजना बनें। ता० १७, १९, २३, २५, २९ अशुभ हैं।

सितम्बर—मास के पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। सवारी का सुख मिले। उत्तरार्द्ध भाग में घरेलू उलझन के कारण मन परेशान रहे। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न हो।

अक्तूबर—व्यवसाय की स्थिति मध्यम, तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़े। किसी के साथ लेने-देन के मामले पर विवाद उत्पन्न हो। स्त्री व सन्तान की ओर से चिन्ता हो। स्वास्थ्य में गड़बड़ रहे।

नवम्बर—मास के पूर्व भाग में धन लाभ उत्तम, सरकार की ओर से मान-इज्जत एवं पदोन्नति। कार्यों में सफलता एवं शत्रुओं पर विजय प्राप्त हो। उत्तरार्द्ध भाग में बनते कार्यों में विघ्न तथा गृह में कलेश हो।

दिसम्बर—मासारम्भ में आय कम और खर्च अधिक रहे। किसी मित्र द्वारा विश्वासघात हो। मास के उत्तरार्द्ध भाग में परिस्थितियों में सुधार हो, कोई शुभ समाचार प्राप्त हो। ता. ३, ७, ९, १३, १४ अशुभ।

श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ विधिवत् करना कल्याणकारी रहेगा।

खर्चों बढ़े तथा आलस्य में वृद्धि हो।
शिव उपासना, शनि चन्त्र एवं शनि स्तोत्र का पाठ करना कल्याणप्रद रहेगा।

श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ विधिवत् करना कल्याणकारी रहेगा।

ग्रहों के आधार पर आगामी वर्ष की प्रमुख भविष्यवाणियाँ संवत् २०५३ विक्रमी

- ⇒ विरोधी नामक संवत् तथा राजा बुध एवं मंत्री शनि के फलस्वरूप आगामी वर्ष राजनैतिक उथल-पुथल एवं मन्त्रीमंडल में विशेषतया परिवर्तन के योग
- ⇒ राजनेताओं में परस्पर वैर-विरोध व वैमनस्य की भावनाएँ रहें।
- ⇒ राष्ट्रीय एवं विदेशी (अन्तर्राष्ट्रीय) व्यापार में विशेष वृद्धि तथा धन प्रसार होने से सुख-साधनों में विस्तार होगा।
- ⇒ रूई, कपास, वस्त्र उद्योग, लाख, चाय, लोहा, कम्पयूटर-उद्योग, चाँदी, मोती, जवाहरात-अभूषण, अगरबत्ती सौंदर्य प्रसाधनों के निर्यात् में विशेष वृद्धि होगी। सम्वत् में आरम्भ में पंचग्रही योग होने से भारत, पाकिस्तान, बोस्निया, श्रीलंका, बंगला देश, हागकांग, ईराक आदि देशों में उपद्रव कहीं सत्ता परिवर्तन, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं होने के संकेत हैं।
- ⇒ भारत के ४७वें गणतन्त्र दिवस की कुण्डली के अनुसार वर्ष १९९६ ई०. के प्रथम ३ मास सत्तारूढ़ केन्द्रीय सरकार के लिए अग्नि परीक्षा पूर्ण होंगे। केन्द्रिय मन्त्री मण्डल में परिवर्तन के प्रबल योग॥ कहीं राज्य परिवर्तन के भी योग हैं।
- ⇒ गेहूँ, धान, लौहा, पीतल, ताँबा, अल्यूनियम एवं पैट्रोलियम पदार्थ महँगे होंगे। दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में आशातीत वृद्धि से सामान्य प्रजा में क्षोभ एवं असंतोष फैलेगा।
- ⇒ केन्द्र में गठबन्धन सरकार बनने के प्रबल योग हैं।
- ⇒ राजनीति के रंगमच में भारतीय जनता पार्टी का प्रभुत्व बढ़ेगा।
- ⇒ १८ जुलाई के पश्चात् शनि मीन राशि में वक्री होने से पाँच मंगलवार होना, सूर्य-राहु व शुक्र-राहु का योग होने से कहीं छत्रभंग (राज्य परिवर्तन) तथा बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन-धन की हानी के योग हैं।

संवत् २०५३ (ई० १९९६-९७) में विश्व पर आकाशी कौंसिल का प्रभाव

यह ब्रह्माण्ड ईश्वरीय गुणों की भान्ति अत्यन्त विशाल, असीम, अनन्त एवं अनादि है। इसमें संचरणशील ग्रह, नक्षत्र, तारादि आकाशीय पिण्डों की अथाह विराटता एवं अनन्तता के समक्ष मनुष्य मन की कल्पना की उड़ान भी अत्यन्त अल्प एवं सीमित अनुभव होती है। सहस्रों वर्ष पूर्व मानव ने जब अत्याधुनिक कास्मिक यंत्रों की कल्पना भी नहीं की थी तभी दिव्य दृष्टि प्राप्त हमारे ऋषियों ने 'या पिण्डे, सा ब्रह्माण्डे' के सार्वभौम सिद्धान्तानुसार पिण्ड और ब्रह्माण्ड मे, नर-नारायण मे, व्यष्टि और समष्टि में, एवं च प्रकृति और पुरुष में तादात्म्य स्थापित करते हुए, अन्तर्चक्षुओं द्वारा समस्त संचरणशील ग्रहों-नक्षत्रों की गतियों एवं पृथ्वी पर समस्त प्राणियों पर उनके प्रभाव का सूक्ष्म निरीक्षण कर लिया था। ऋग्वेद, अर्थवेद, सामवेद, यजुर्वेद आदि वैदिक ग्रंथों में सूर्यादि ग्रहों, नक्षत्रों तथा सूर्य-चन्द्रादि ग्रहणों के स्पष्ट उल्लेख मिलते हैं। वैदिक काल में कल्प, छान्देग्य आदि शास्त्रों में ज्योतिष शास्त्र को मूर्धन्य स्थान प्राप्त था। इसे अन्य शास्त्रों में वेद-चक्षु की संज्ञा प्रदान प्रदान की गई है। इस शास्त्र के बिना कोई श्रुति-स्मार्तादि सम्मत कार्य सिद्ध नहीं माना जाता है। वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिषशास्त्रम कल्मषम्। विनैतदखिलं कर्म श्रौतं स्मार्तां च न सिद्धयन्ति।

गतवर्षीय पंचांग दिवाकर की कुछ चामत्कारिक भविष्यवाणियाँ

परम पिता परमात्मा की अपार कृपा से आपके प्रिय प्रकाशन "पंचांग दिवाकर" तथा "मुफीद आलम जन्त्री" एवं पंजाबी तिथि पत्रिका को प्रकाशित होते हुए आगामी वर्ष १२१ वर्ष हो जाएंगे। इस पंचांग के प्रवर्तक विश्व विख्यात पं० देवी दयालु जी (लाहौर) से लेकर आज की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हुई—वह सुविज्ञ पाठकगणों में छिपी नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष के क्षेत्र में हमारी पचांग एवं अन्य प्रकाशनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारे प्रकाशनों की निरन्तर अग्रसर ख्याति को देखकर ही कुछ दुष्ट प्रकृति के धन लोलुप एवं लालची प्रकाशक 'हमारे टाईटल से मिलता-जुलता टाईटल नाम व टाईटल रखकर तथा हमारे प्रकाशनों की विषय-सामग्री को कांट-छांट कर छापते हैं इस प्रकार लोगों को गुमराह व धोखा देने की कुचेष्टा कर रहे हैं। सुविज्ञ पाठकों को सूचित किया जाता है

कि वह असली व प्रामाणिक **पँचांग दिवाकर** तिथि पत्तरिका पंजाबी व मुफीद आलम मंजी खरीदते समय मुख्य पृष्ठ पर **पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी एम. ए. का** नाम अवश्य पढ़ लिया करें। अन्यथा धोखा होने की सम्भावना होगी।

ईश्वर की कृपा से हमारी गतवर्षों की पंचांगों व जंत्रियों मे उल्लिखित अधिकांश भविष्यवाणियां ठीक निकलती आ रही हैं। उदाहरण स्वरूप कुछ प्रमुख भविष्यवाणियां लिख रहे हैं—

भारतवर्ष का स्वतंत्र होना, कश्मीर पर भारतीय सेना का अधिकार, आधिपत्य, बंगलादेश के रूप में **पाकिस्तान का विभाजन होना, अरब-इसरायल का युद्ध**, कांग्रेस (ई.) की पराजय, **जनता पार्टी** का अस्तित्व में आना तथा टूटना, भुट्टो सरकार का अन्त, अफगानिस्तान, ईरानादि मे शासन परिवर्तन तथा पुनः कांग्रेस पार्टी का आना (देखें) पचांग संवत् २०३६), ईरान-ईराक युद्ध (२०३९), पंजाब में उग्रवादी घटनाएं और मन्त्रीमण्डल में परिवर्तन (२०४०), प्रधानमंत्री **श्रीमती इन्दिरा गांधी की आकस्मिक मृत्यु (२०४१)**, **हरियाणा में** भजन लाल का गिरना (२०४३), पंजाब-हरियाणा मे हिंसक घटनाएं (२०४४) तथा **विक्रमी सम्वत् ४०४५ के पंचांग में पाक राष्ट्पति जिया उल हक की मृत्यु के बारे में पृष्ठ ३३ (कालम II)** पर स्पष्टत पढ़ें। संवत् २०४६ में पंचांग दिवाकर मे पृष्ठ ३३ पर **पंजाब** में जून-जुलाई के बाद **हिंसक घटनाओं** की वृद्धि होना, **संवत् २०४७** (सन् ई० १९९०-९१) के पंचांग में पृष्ठ ३० **कालम II** पर जनवरी ९० में षडग्रही शूल नामक योग होने से पूर्वी देशों जैसे बर्मा, जापान, भारत, पाकिस्तान आदि देशों में अप्रत्याशित रूप से राजनैतिक परिवर्तन होना" चुनावों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मु-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, इत्यादि मुख्य प्रदेशों में सत्तारूढ़ पार्टी (कांग्रेस ई) के वर्चस्व को भारी ठेस पहुंचना" पृष्ठ **(कालम I)** संवत् २०४८ (१९९१-९२ ई) के पंचांग (पृष्ठ ३२ कालम २) में किसी **मूर्धन्य नेता की मृत्यु (जैसा कि भूतपूर्व प्रधानमन्त्री श्री गांधी** का निधन होना) और वर्ष के **पूर्वार्द्ध** में भारत देश के नेतृत्व में परिवर्तन होना (पृष्ठ ३४ कालम १), भारत में विदेशी मुद्रा का संकट एवं मध्यावधि चुनाव होना (पृष्ठ ३५ कालम २) तथा संवत् २०४९) के पंचांग में **पाक, बंगला देश, ईरान, लैबनान आदि मुस्लिम देशों में आन्तरिक** फिसाद, दंगे एवं विस्फोटक घटनाएं। पृष्ठ ३२ एवं ३३ का। **(I) पंजाब में चुनाव प्रक्रिया बहाल होना (देखें पृष्ठ ३४)**।

संवत **२०५० के पंचांग पृष्ठ** २७ पर "**भारत पाकिस्तान, ग्रीस, रूस आदि देशों में क्रान्तिकारी परिवर्तन** के योग। उपद्रव, विस्फोट, एवं हिंसक घटनाएं होना, कुछ देशों **में राजनैतिक संकट उत्पन्न होना।** तथा कहीं परिवर्तन होना। **पृष्ठ २७-२८ (जैसा कि पाकिस्तान, रूस, व भारत के अनेक प्रदेशों में हुआ)।**

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, **महाराष्ट्र हिमाचल, राजस्थानी** प्रदेशों में राज्य सत्ता परिवर्तन होना तथा **कहीं भूकम्प, भूस्खलन, बाढ़ादि** एवं **भूचाल** आदि प्राकृतिक प्रकोपों के कारण सहस्रों असहाय लोगों **की जीवन** लीला समाप्त होना (पृष्ठ २९) **संवत् २०५१ के पचाँग में पृष्ठ ३२।३३ पर कश्मीर, असम, उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों में हिंसक घटनाएं होना, बाढ़ादि प्राकृत प्रकोपों हानि होना तथा अनेक अवरोधों के बावजूद वर्तमान राव सरकार अपने शासन कार्य की अवधि पूरी करना। तथा भाजपा गा देश की दूसरी लोकप्रिय पार्टी के रूप में उभरना (पृष्ठ कालम II)**

सम्वत् २०५२ (ई० १९९६) के पृष्ठ ३७ पर वर्ष के पूर्वार्द्ध भाग में **पाकिस्तान, भारत, लैबनान, हैती,** बंगला देश, श्रीलंका आदि देशों में आतंकवादी, **हिंसा एवं विस्फोट की घटनाएं** होना, विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ कांग्रेस ई० की प्रतिष्ठा को भारी ठेस पहुंचाना। **आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, भुवनेश्वर, आदि प्रदेशों में सत्तारूढ कांग्रेस (ई०) को पराजय का मुंह देखना पड़ेगा** (पृष्ठ ३८) **तथा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पं बंगाल, हरियाणा, पंजाब आदि में राजनैतिक संकट तथा कहीं**

राज्य परिवर्तन होने के योग हैं (पृष्ठ ३१) ६ जुला. से ७ अग. तक शनि, मंगल में सम—सप्तक **योग होने से किसी राज्य विशेष में सत्ता परिवर्तन होना** (उत्तर प्रदेश) तथा अगस्त से अक्तु. के मध्य बाढ़, तूफान एवं रेल-यानादि दुर्घटना से जन व धन का विनाश होना (पृष्ठ ३१ कालम II)। पंजाब राज्य के अन्तर्गत पृष्ठ ४० का I पर स्पष्ट पढ़ें—**कि राज्य के प्रधान नेता के लिए वर्ष का पूर्वार्द्ध भाग (१ अप्रैल से सितंबर तक)** अशुभ होगा। **कश्मीर में विशिष्ट जनों की हत्याएं एवं विस्फोटक** घटनाओं (पृष्ठ ४०) इत्यादि अनेक भविष्यवाणियां अपनी यथार्थता की स्वयं सिद्ध प्रमाण हैं, अस्तु—

नव वर्ष प्रवेश कुण्डली और विश्व के हालात

नववर्ष प्रवेश कुं० २४।१०

६ रा. | ४ | ७ | ५ | ३ | ८ प्लू. | २ | ९ गु. | ११ बु. | १ शु. | १० | १२ के. सु.च.मं.श.

विक्रमी सम्वत, २०५३ का शुभारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस मंगलवार नववर्ष प्रवेश १९ मार्च (प्रविष्टे ६ चैत्र को) २४।१० घटनादि पर अर्थात् शाम ४ बजकर १६ मिनट पर **सिंह लग्न** में नववर्ष का प्रवेश होगा। वर्ष लग्नपति सूर्य अष्टमभाव में मंगल, शनि, चन्द्र, केतु आदि ग्रहों के साथ **पंचग्रही योग** बना रहा है। अस्तगत शनि की विशेष दृष्टि दशम भाव पर पड़ी है। ग्रह योग के अनुसार प्रजा में कष्ट, छत्र भंग (सत्ता-परिवर्तन) एवं प्राकृतिक आपदाएँ आदि अशुभ फल घटित होंगे। विशेषकर मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, व मकर राशियों के अन्तर्गत पड़ने वाले राष्ट्रों जैसे फिलिस्तीन, हांगकांग, इराक, पाकिस्तान, भारत, बोस्निया, क्यूबा, श्रीलंका, बंगलादेश आदि देशों मे कहीं **शासन में परिवर्तन,** राजनीतिक हत्याएँ, उपद्रव आदि, अप्रत्याशित घटनाएँ घटित होंगी।

पंचग्रही योग का फल

रवि केतुश्चैकराशि भौम, शनैश्चराः। राज्य भंग प्रजा कष्ट छत्र भंगो भवेद् ध्रुवम्॥

दक्षिण दिशा में उपद्रव, राजनीतिक अस्थिरता व धान्य चावलादि में तेजी। पश्चिम में लौह, पीतल, ताम्बा आदि धातुओं व फल-सब्जियों आदि के मूल्य तेज होंगे। उत्तरी क्षेत्रों में महावृष्टि बाढ़ादि से क्षति हो।

लग्न भाव पर गुरू की शुभ दृष्टि पड़ने से राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण में अस्थिरता के बावजूद अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में आर्थिक प्रगति होने के योग हैं। **परन्तु लग्नपति सूर्य अष्टम में होने से देश के प्रधान नेता के लिए शुभ नहीं।**

जगत् लग्न कुण्डली और विश्व के हालात

जगत् लग्न (वर्षेश) कुण्डली वि० संवत २०५३ में वैशाख कृष्ण एकादशी तिथि १३ अप्रैल शनिवार को धनिष्ठा नक्षत्र में कुंभ के चंद्रमा कालीन २६।४२ घटनादि (सायं ४ बजकर ४७ मिनट) पर कन्या लग्न में प्रारम्भ होगी।

लग्न भाव पर मंगल-शनि की संयुक्त अशुभ दृष्टियां पड रही है। लग्नेश बुध अष्टम भावस्थ सूर्य युक्त है। यद्यपि उन पर गुरू की विशेष पंचम दृष्टि योगकारक है। मकर राशि यूरेनस नेप्चून ग्रहों

से तथा मिथुन, कन्या, तुला कुंभ, मीन राशियां भी पापाक्रांत हैं। फलस्वरूप इन राशियों के अन्तर्गत पड़ने वाले देश जैसे पूर्व पश्चिम अमरीका, क्यूबा, अरब देश पाकिस्तान, बंगला देश, ईराक, तिब्बत, भारत,

संवत २०५३ में **शनि मीन राशि में ही संचार करेगा तथा उसकी दृष्टि उत्तरी गोलार्द्ध के क्षेत्रों** पर अधिकांशतः रहेगा। अतएव **विश्व के उत्तरी भाग पर पड़ने वाले देशों में कहीं समुद्री तूफान,**

से तथा मिथुन, कन्या, तुला कुंभ, मीन राशियां भी पापाक्रांत हैं। फलस्वरूप इन राशियों के अन्तर्गत पड़ने वाले देश जैसे पूर्व पश्चिम अफ्रीका, क्यूबा, अरब देश, पाकिस्तान, बंगला देश, ईराक, तिब्बत, भारत, अफगानिस्तान आदि देशों में राजनैतिक उथल-पुथल उपद्रव कहीं **सत्ता परिवर्तन, भूकम्प, बाढ़, भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाओं** का भय रहेगा। **पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका, नेपाल, बोस्निया, बंगला देश आदि देशों में राजनैतिक** गतिरोध पैदा होने के योग हैं। कहीं **छत्र भंग, सत्ता परिवर्तन एवं प्रधान पद** रिक्त होने के भी संकेत मिलते हैं। चैत्र, वैशाख, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, व कार्तिक, मासों में उपरोक्त देशों में अप्रत्याशित घटनाएं घटित होंगी। देश के प्रधान नेताओं के लिए संकटपूर्ण स्थिति होगी।

जगत् लग्न द्वारा स्वयं का शुभारम्भ विचार—जन्म कुण्डली में अपनी जन्म अथवा प्रसिद्ध राशि जिस २ भाव राशि पर पड़े। वैसा ही फल जानें। जगत-कुण्डली के बारह भावों को **१२ मास समझ** कर उन में स्थित शुभ या क्रूर ग्रहों की स्थिति अनुसार शुभाशुभ फल जानें। लग्न से तनु आदि द्वादश भाव वैशाखादि से प्रारंभ करके तदनुसार १२ महीनों का शुभाशुभ फलादेश जानें। यदि आपकी राशि जगत लग्न में अशुभ ग्रहों से संयुक्त हो तो अथवा अशुभ ग्रहों से दृष्ट लग्न से छठे, आठवें या बारहवें भाव में पड़ती हो, तो आगामी वर्ष शोक, गुप्तशत्रुभय, फिजूलखर्ची, धन हानि या आय कम रहती है. उपाय के तौर पर **वैशाख संक्रांति** के दिन अपने इष्ट देव का अधिकतम संख्या जप-पाठादि करना, अपनी सामर्थ्य अनुसार अन्न, वस्त्र दक्षिणा आदि का दान **कल्याणकारी रहता है।**

ग्रहों की आकाशी कौंसिल का भारत एवं विश्व पर प्रभाव

वि० सम्वत २०५३ में ग्रहपरिषद् (आकाशी कौंसिल) के **दस अधिकारों में से सात अधिकार शुभ ग्रहों को और तीन अधिकार क्रूर** ग्रहों को प्राप्त हुए हैं।

राजा एवं रसों का स्वामी शुभ किंतु (नपुसंक) ग्रह **बुध** बना है। मंत्री का अधिकार क्रूर ग्रह शनि को मिला है। **सस्येश** (ग्रीष्म फसलों का स्वामी) मंगल व **धान्यपति** सूर्य हैं। वर्षा, फलों एवं सेना के अधिकार **सौम्य ग्रह** शुक्र को तथा धातुओं व कोण के अधिकार शुभ ग्रह चन्द्रमा को प्राप्त हुए हैं। **बुध शनि एवं चंद्र शुक्रादि ग्रहों के प्रभावरूप अन्तर्राष्ट्रीय एवं विदेशी व्यापार में विशेष उन्नति होगी। विशिष्ट वर्ग के लोगों में सुख-साधनों में विस्तार होगा।** रूई, कपास, वस्त्र-उद्योग, चाय, लोहा, चाँदी, मोती, जवाहरात-आभूषण के व्यापार ने विशेष प्रगति होगी।

सस्येश मंगल एवं **धान्येश** सूर्य के कारण गेहूं, चावल, मूंग, मोंठ, कपास, धान्यादि कृषि को हानि पहुंचने के संकेत हैं। अनाजादि के मूल्यों में विशेष वृद्धि के योग हैं। मंत्री शनि तथा शुक्र-चंद्र के कारण लोग आडम्बरपूर्ण विलासमय (जीवन यापन) करने तथा शराब, मांसादि तामसिक पदार्थों के प्रयोग करने की ओर अधिक प्रवृत्त होंगे।

सम्वत में **आषाढ़ अधि मास** तथा **विरोधी** नामक संवत होने से प्रशासकों में वैमनस्य एवं वैर विरोध की भावना अधिक रहे जिससे सामान्य प्रजा को **जीवनोपयोगी वस्तुओं की कमी के कारण दुख व क्षोभ** का सामना करना पड़े। असामयिक एवं कहीं **अति वर्षा बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से प्रजा को काफी, धन, जन, एवं सम्पत्ति आदि की क्षति होने के योग हैं।** कहीं अनावृष्टि अथवा अतिवृष्टि, बाढ़, भूस्खलन आदि के कारण खड़ी फसलों को नुकसान होने का अन्देशा है।

संवत २०५३ में शनि मीन राशि में ही संचार करेगा तथा उसकी दृष्टि उत्तरी गोलार्द्ध के क्षेत्रों पर अधिकांशतः रहेगी। अतएव विश्व के **उत्तरी भाग पर पड़ने वाले देशों में कहीं समुद्री तूफान, भूकम्प, राजनैतिक संकट, सत्ता परिवर्तन** चौपायों की हानि, दुर्भिक्ष अथवा अनाजादि की कमी हो उ० अमरीका में भूकम्प (भूचालादि) का भय होगा—

> पृथ्वी वैकम्प मात्रं प्रचलति पवनः नगलोकः (अमेरिका)
> सप्तद्वीपेषु सिन्धोगिरिविरगहने सर्ववृक्षादि हानिः ॥
> नाशः पृथ्वी पतीनां जनपदविलयों यान्ति मेघाः प्रणाशं।
> चक्रावर्तः समस्तं भ्रमति जगदिदं मीनगे सूर्य पुत्रे ॥

ग्रहगोचर और विश्व के हालात

सम्वत २०५३ के आरम्भ में ही मीन राशि पर सूर्य, मंगल, शनि, केतु आदि **क्रूर ग्रहों** का **पंचग्रही** योग बना हुआ है। कन्या राशि पर भी इन ग्रहों की अशुभ दृष्टियां पड़ रही हैं। जिससे कन्या, तुला, वृष, मिथुन, सिंह, मकर, व कुंभ राशि वाले देशों जैसे, चीन, अफगानिस्तान, श्रीलंका, क्यूबा, बोस्निया, भारत, पाकिस्तान, ईराक, नेपाल आदि देशों के राजनैतिक वातावरण में परिवर्तन होगा। कहीं उपद्रव, विद्रोह, हिंसक व विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं—

एक राशौ यदा यान्ति चत्वारः पंचखेचराः। पलावयन्ति मही सर्वा रूधिरेन जलेन वा ॥

अनेक देशों में उपद्रव एवं युद्ध के समाचार एवं विस्फोटक घटनाएं होने के संकेत हैं। ता. २२ मार्च को **मंगल-शनि** के मध्य अंशात्मक युति, ६ अप्रैल को **सूर्य व केतु** के मध्य तथा १५ अप्रैल० को **मंगल-केतु** के मध्य अंशात्मक युति होने से इस समयावधि में भारत, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सोमालिया, ईरान आदि देशों में कहीं राजनीतिक गतिरोध, हिंसक जन-आंदोलन उपद्रव कहीं किसी प्रधान व नेता का पद रिक्त होगा। केन्द्रीय शासन में परिवर्तन के प्रबल योग हैं। इन देशों का राजनीतिक वातावरण विक्षुब्ध रहेगा।

४ मई से ४ जून तक गुरू-शुक्र के मध्य **समसप्तक योग** रहेगा तथा ५ मई से गुरू वक्री होगा और उस पर शनि की विशेष दृष्टि बराबर बनी रहेगी। इस अवधि में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर अनेक विरोधी देश भी बाह्य तौर पर निकट आएंगे और कुछ देशों के मध्य पारस्परिक राजनीतिक एवं व्यापारिक सम्बन्ध बढ़ेंगे। परन्तु आन्तरिक तौर पर अपनी सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियारों का संग्रह करने की तैयारी में लगे रहेंगे। **ज्येष्ठ मास में पांच शनिवार** पड़ने से उत्तरी गोलार्द्ध में पड़ने वाले देशों में कहीं राजनैतिक टकराव, अग्निकाण्ड, विस्फोट, भूकम्पादि प्राकृतिक प्रकोपों का भय होगा। पूर्वोत्तर देशों में कहीं शासन परिवर्तन होगा।

१६ जून से **आषाढ़ अधिमास का प्रारंभ होगा।** इन दिनों मंगल-शुक्र पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। जिसे भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, फिलस्तीन, सीरिया, बोस्निया, लेबनान, रूवांडा, ईराक आदि मुस्लिम देशों में अराजकता, हिंसा एवं अशान्ति फैलेगी। १८ जुला. से **शनि मीन राशि में वक्री** होने से **जुलाई-अगस्त** में पाकिस्तान, भारत, सीरिया, आदि देशों में राजनैतिक उतार-चढ़ाव, नेताओं में पारस्परिक विरोध एवं टकराव पैदा होंगे। शनि वक्रे च दुर्भिक्षं **राजा युद्ध परस्परम् ॥**

बंगला देश व भारत में अतिवर्षा के कारण बाढ़, भूस्खलन प्राकृतिक प्रकोप रहेगा।

१६ सितम्बर से १५ अक्तूबर तक कन्या राशि में **सूर्य-राहु** का योग तथा शनि-सूर्य के मध्य **समसप्तक** होगा जिससे ग्रीस, टर्की,पाकिस्तान, ईराक, लेबनान, बोस्निया, बंगला देश, नार्वे, अफगानिस्तान, भारत, बर्लो-या, श्रीलंका आदि देशों में कहीं आन्तरिक जातीय टकराव, उपद्रव एवं हिंसक घटनाओं का कुचक्र चलेगा। बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी हानि होने के योग हैं।

३० सित. को **सूर्य-राहु की एवं ३ नवं को शुक्र-राहु की अंशात्मक युति होना तथा १७ दिसं से २३ मार्च ९७ के मध्य मंगल-राहु** का योग होने से श्रीलंका, पाकिस्तान, भारत आदि देशों में युद्ध जैसी स्थिति बनेगी। सीमाओं पर सैनिक टकराव, युद्ध के समाचार मिलेंगे। राजनैतिक सम्बन्ध कटु एवं तनावपूर्ण होंगे॥

विभिन्न विकासशील देशों में अत्याधुनिक हथियारों को संग्रह करने की दौड़ लगी रहेगी। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में विस्तार के कारण विश्व के अनेक देशों के मध्य सांस्कृतिक एवं आर्थिक सम्बन्ध स्थापित होंगे। बुध और शुक्र के कारण महिलाओं की प्रतिष्ठा एवं उत्थान के लिए विश्व स्तर पर महत्व दिया जाएगा।

विश्व के कुछ प्रमुख देश

अमरीका (America) – इसकी प्रभाव राशि मिथुन है। नव वर्ष प्रवेश एवं जगत लग्न कुं. में इस राशि की स्थिति अच्छी है परन्तु राशिपति बुध अष्टमस्थ होने से इस देश की आन्तरिक समस्याओं तथा राजनैतिक क्षेत्र में विशेष उतार-चढ़ाव होंगे। मानवाधिकार संरक्षण की आड़ तथा अपने राजनैतिक गुटों जैसे NATO, (CEATO) के द्वारा विभिन्न यूरोपीय तथा छोटे विकासशील देशों (जैसे बोस्निया, सर्बीया, हर्जोगोविना, सोमालिया) के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करेगा। चीन, ईराक, उत्तरी कोरिया व रूस के साथ सम्बन्धों में तनाव रहेगा। पाकिस्तान को आंशिक रूप से सैनिक या गुप्त सहायता देगा तथा भारत के साथ आर्थिक समझौते होंगे। इस प्रकार दोगली नीति अपनाएगा। **उत्तरी अमरीका में भूकम्पादि का भय होगा।**

रूस–जगत् लग्न कु. में इसकी प्रभाव राशि कुम्भ शुभ स्थिति में है। आर्थिक उदारीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर रूस का प्रभुत्व बढ़ेगा। अमरीका की हिटलरशाही नीतियों का जमकर विरोध करेगा। राशि स्वामी शनि का केतु के साथ संयोग रहने से आन्तरिक गुटबन्दी एवं राजनैतिक अस्थिरता बनी रहेगी।

पाकिस्तान--प्रभाव राशि कन्या है। जगत् लग्न कन्या में राहु वर्षभर संचार तथा बुध अष्टमस्थ होने से वर्तमान सत्ता सरकार को गम्भीर राजनैतिक संकट का सामना करना पड़ेगा। पाक में गृह युद्ध जैसी स्थिति बनेगी। सिन्ध व बलूचीस्तान में दंगे, टकराव, विस्फोटक घटनाओं से पाकिस्तानी वर्तमान सरकार की प्रतिष्ठा को भी गहरा धक्का लगेगा। १६ सितंबर से १५ अक्त. तक इसकी राशि पर सूर्य-राहु का योग रहने से मुहाजिर कौमी मूवमेण्ट विशेष जोर पकड़ेगी। जनांदोलन, उपद्रव, अग्निकांड राजनीतिक हत्याएं एवं विस्फोटक घटनाएं अधिक रहेंगी। कश्मीर समस्या पर भारत के साथ टकराव की नीति जारी रखेगा। उत्तरार्द्ध भाग में बेनजीर सरकार को गंभीर राजनैतिक संकट का सामना करना पड़ेगा। कहीं राजनैतिक दुर्घटना एवं बाढ़ादि प्रकोपों से भारी हानि हो।

गोचर-ग्रह और भारतवर्ष संवत् 2053

कुंडली स्वतन्त्र भारत (१५ अगस्त, १९४७ ई०)

स्व० भारत का 49वां वर्ष ई० १९९५-९६ वर्षेष्ट ३।३५

गणतन्त्र दिवस, '४७वां वर्ष २६ जन० १९९६ ई०

स्वतन्त्र भारत के 49वें वर्ष का आरम्भ (15 अग० 1995 ई०) सिंह लग्न में हो चुका है। वर्ष लग्नेश सूर्य का बारहवें भाव में **मुंथेश शुक्र** के साथ होना अत्यन्त महत्वपूर्ण है; क्योंकि मुंथा दशम भाव स्थिति प्रशासनिक अधिकारी वर्ग एवं संसद् का भी प्रतिनिधित्व करता है। वर्ष-लग्नेश सूर्य पर यद्यपि गुरू की शुभ दृष्टि पड रही है, परन्तु वर्ष लग्न पर शानि की सप्तम दृष्टि पड़ना तथा मंगल-शनि के मध्य षडाष्टक योग बनना सत्तारूढ केन्द्रीय सरकार के लिए शुभ नहीं। सत्तारूढ कांग्रेस (ई०) पार्टी से अलग हुए कुछ अपनी पार्टी के लोग ही वर्तमान केन्द्रीय सरकार को गिराने की चेष्टा करेंगे, परन्तु सफल नहीं हो पाएँगे। तथा वर्तमान सरकार अपने शासन की कार्यावधि का समय पूरा करने में सफल होगी। **यद्यपि सप्तम भाव में स्वगृही शनि की स्थिति सशक्त प्रतिद्वन्दी (Opposition) पार्टी से टकराव होने का संकेत करती है। द्वादशभावस्थ सूर्य यद्यपि वर्ष ई० 1996 के पूर्वार्द्ध भाग में केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल में परिवर्तन के प्रबल योग पाए जाते हैं।** द्वितीय भाव में कन्या राशि का मंगल होने से आर्थिक उदारीकरण की नीतियों में आशानुकूल सफलता प्राप्त नहीं होगी।

नव गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी 1996 ई०) के 47वें वर्ष की कुण्डली में धनु लग्न उदित हुआ है। लग्न भाव में स्वराशिगत गुरू केन्द्रस्थित होकर पंचमभावस्थ चन्द्रमा को तथा योजना एवं विकास (नवम) भाव को शुभ दृष्टि से देख रहा है। फलस्वरूप देश की विकासशील योजनाओं एवं राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में विशेष वृद्धि होगी। परन्तु भारत की प्रभाव राशि (मकर) पर सूर्य, मंगल, यूरेनस, नैपचून तथा मुंथा एक साथ होने से विदेशी पूंजी व आय के साधनों में विस्तार होगा। यद्यपि निर्यात में वृद्धि होगी परन्तु मनोरंजन कार्य योजनाओं में अपव्यय भी बढ़ेगा। अधिकांशतः बढ़ते विकास कार्यक्रमों का लाभ विशेष वर्गों तक ही सीमित रहेगा। सामान्य प्रजा दैनिक उपभोग की वस्तुओं की प्राप्ति के लिए संघर्षशील रहेगी। उन्हें आशातीत मंहगाई, भ्रष्टाचार एवं बेरोज़गारी आदि की विकट समस्याओं से जूझना पड़ेगा। चतुर्थ भाव पर केतु की स्थिति सामान्य लोगों में सरकार के प्रति असंतोष व क्रोध को प्रकट करती है। दशम भाव में राहु होने से संकेत मिलते है कि 26 जन. 96 के ***पश्चात् तीन मास की समयावधि सत्तारूढ़ केन्द्रीय सरकार के लिए अग्नि परीक्षा की अवधि होगी।*** सत्तारूढ़ कांग्रेस (ई०) पार्टी को राजनैतिक क्षेत्र में प्रबल चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

नववर्ष प्रवेश कुण्डली में भारत की प्रभाव राशि मकर ... भाव में है ... पर ...

16 जून से 15 जुलाई तक आषाढ़ अधिमास रहेगा। 30 जुला. तक आषाढ़ मास में पाँच मंगलवार पड़ने से भारत के पश्चिमी उत्तर एवं पूर्वी प्रदेशों जैसे महाराष्ट्र, असम, प. बंगाल, कर्नाटक हिमाचल, कश्मीर

नववर्ष प्रवेश कुण्डली में भारत की प्रभाव राशि मकर छठे भाव में है, उस पर यूरेनस-नेपच्यून ग्रह संचार कर रहे हैं। राशिपति शनि अष्टम भाव में सूर्य-मंगलादि ग्रहों के साथ **पंचग्रही योग** बना रहा है। जिससे सामाजिक, **राजनैतिक वातावरण विक्षुब्ध** एवं तनावपूर्ण रहेगा। लोकसभा के चुनावों के अन्तर्गत विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के मध्य नए समीकरण (गठजोड़) बनेंगे। कश्मीर, असम, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, प० बंगाल, हरियाणा, महाराष्ट्रादि में उपद्रव, जनांदोलन एवं हिंसा की घटनाएं घटित होंगी।

सम्वत् 2053 में लोकसभा चुनाव और भारतवर्ष

इस राशि का स्वामी बुध है। कन्या राशि वालों का रूप बुध के तुल्य ही होता है। उनका शरीर न अधिक बड़ा और न अधिक छोटा होता है। ये जातक अति कोमल होते हैं, इनके शरीर अधिक पुष्ट नहीं होते। यहां तक कि वे कभी-कभी तो अत्यन्त ही कोमल हो जाते हैं। फिर भी वे चंचल अवश्य होते हैं। इन जातकों का शरीर अति सुन्दर—गठन, मधुरभाषी, गणितज्ञ, लज्जाशील, सहनशील, बुद्धिवादी अपने सभी कार्य गुप्त रखने वाले, वृद्धावस्था में भी पूर्ण युवक जैसे प्रतीत होते हैं। उनमें आत्म प्रदर्शन की भावना नहीं होती लेकिन आत्मविश्वास की कमी होती है। अपने मित्र बनाने में वे विवेक और बुद्धिमता से काम लेते हैं इसलिए मित्र अधिक नहीं होते लेकिन सब की सहानुभूति इनके साथ होती है। इस राशि के जातक की स्मरण शक्ति बहुत अधिक होती है। अपनी बुद्धि-ज्ञान के बल से ही जीवन की गहराइयों में पहुंच जाते हैं। ऐसा कोई विषय नहीं जिसको वह न समझ सकते हों। कन्या राशि वाले निरन्तर क्रियाशील बने रहते हैं क्योंकि वे अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी आत्म नियन्त्रण नहीं खोते। इस राशि के जातक पल-पल में विचार बदलते रहते हैं। कन्या राशि वाले बाहर से जितने शान्त तथा शीतल प्रतीत होते हैं अन्दर से उसके ठीक उतने ही विपरीत भी हो सकते हैं। रहस्यों, उलझनों, कठिनाइयों तथा चुनौतियों को स्वीकार करना और उन पर विजय प्राप्त करना कन्या राशि का स्वभाव है। कन्या राशि वालों का प्रेम परिवारिक रोमांस में सार्थक होता है। प्रेम के साथ उनके दिमाग में उत्तरदायित्व की भावना भी रहती है। कन्या राशि की स्त्रियां बैंक में धन तथा शरीर पर आभूषणों की इच्छुक होती हैं। उनका प्रेम पाने के लिए उन पर पूरा विश्वास करना आवश्यक है। कन्या राशि की स्त्रियां एक अच्छी गृहिणी एवं सहायिका के रूप में अत्यन्त सफल रहती हैं। दो कन्या राशि वालों में अनेक बातों की समानता होते हुए भी परस्पर संघर्ष बना रहता है। कन्या राशि वाले मेष राशि वालों से सशंकित रहते हैं। कन्या राशि वाला जातक अध्ययन का अत्यन्त शौक रखता है। इन लोगों को उत्तराधिकार में प्रथम तो कोई सम्पत्ति ही नहीं मिलती और यदि मिलती है तो वह झगड़े में ही मिलती है।

शुभ मास—इनके लिए जनवरी, फरवरी, अप्रैल, अगस्त, सितम्बर, अक्तूबर शुभ हैं।

शुभ दिन—शनिवार, शुक्रवार शुभ दिन हैं।

शुभ रंग—इस राशि का शुभ रंग हरा, नीला, संगतरी है।

शुभ रत्न—हीरा, पन्ना एवं हकीक शुभ रत्न हैं। इन्हें छोटी अंगुली में पहनना उत्तम है।

(७) तुला लग्न (राशि)

तुला राशि का स्वामी शुक्र है। इस राशि वाले जातक पतले शरीर वाले परन्तु बलिष्ठ भुजाओं वाले, पराक्रमी, मित्र प्रेमी, अकारण क्रोध करने वाले, व्यवसाय करने में चतुर, अल्प संततिवान, देव-पितृ पूजक, बहु-स्त्री भोगी, चतुर, बुद्धिमान, मिष्ठान—भोजन-प्रिय तथा वस्तु संग्रही होते हैं। इस राशि वाले जातक मीठा बोलने वाले, नीति करने में निपुण, हर कार्य को खूब अच्छी तरह नाप-तोल कर करते हैं। तुला राशि वाले जातक प्रायः बात प्रकृति के होते हैं। यह जातक जल से भय पाने वाले होते हैं। इन्हें शिर, उदर या चर्म रोग होने की सम्भावना रहती है। इस राशि के जातक प्रायः क्रांतिकारी, लेखक, ज्योतिषी, इंजीनियर, वायुयान सम्बन्धी अथवा अन्य तकनीकि कार्य करने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस राशि के जातक न्याय को बड़ा महत्व देते हैं। धार्मिक परम्पराओं और समाज के रीति-रिवाजों का उल्लंघन नहीं करते हैं। नाक व नक्शा भी मध्यम स्तर का होता है। इनका शरीर निर्माण

है। सिंह राशि वाली स्त्रियां भी नाटकियता से अधिक प्रेम करती हैं। वे स्वयं को महत्व का केन्द्र समझकर ... समाज के रीति-रिवाजों का उल्लंघन नहीं करते हैं। नाक व नक्शा भी मध्यम ...

बड़ा संतुलित होता है। अगर पति की तुला राशि नहीं है, पत्नी की है तो वह भरसक अपना दाम्पत्य जीवन सन्तुलित रखने की चेष्टा करेगी और सतुलित परिवार होगा। तुला राशि वालों का दृष्टिकोण अति विशाल होता है। वे समानता के भाव में बहते रहते हैं। इन जातकों की दोस्ती सिंह, धनु तथा मकर राशि वालों से शुभ होती है। तुला राशि के लोगों की भावुकता प्रायः उन्हें धोखा दे जाती है। ऐसे जातकों को कभी-कभी आलोचना का शिकार भी होना पड़ता है। इस राशि के जातक अथवा जातिका को संगीत से प्रेम होता है। तुला राशि की स्त्रियां रोमांटिक तथा प्यार से प्यार करने वाली होती हैं। उन्हें खुशामद बहुत पसन्द होती है। इस राशि की स्त्रियां विवाह को गम्भीर विषय मानती हैं। समृद्ध तथा आयु वृद्ध तुला राशि की स्त्रियां सलीके तथा सुरूपता का प्रदर्शन भली-भांति कर सकती हैं। ये लोग सट्टे के काम में भी सफल हो सकते हैं। इस राशि के लोगों का भाग्योदय प्रायः जीवन के मध्य काल में होता है। इनके जीवन का अन्तिम भाग अच्छा बीतता है। इस राशि के जातक को पिता का सुख मिलता है। इस राशि के लोगों के पारिवारिक जीवन में उथल-पुथल होती रहती है। तुला राशि के लोग खर्चीले भी होते हैं। तुला लग्न वालों को गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। भाग्योन्नति कारक वर्ष २४, २५, ३२, ३३, ३५ होते हैं।

शुभ दिन—शुक्रवार आपके लिए अति शुभ होगा।

शुभ रंग—नीला रंग आपके लिए अति उत्तम है।

शुभ रत्न—हीरा-सफेद मूंगा पहनना आपके लिए शुभ रहेगा।

(८) वृश्चिक लग्न (राशि)

वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल है। इस राशि के जातक का व्यक्तित्व आकर्षक, हाथ लम्बे, बड़े नेत्र, बड़ी छाती तथा मुख पर तिल आदि का चिन्ह लिए होते हैं। ये जातक प्रायः कर्म करने वाले, मादक पदार्थों में रुचि रखने वाले, पिता तथा गुरु के भक्त, मित्रों के सहयोगी, परस्त्री अथवा पर पुरुष में आसक्त, क्रोधी, तथा नास्तिक होते हैं। इस राशि वाली स्त्रियां कठोर होती हैं तथा इस राशि वाले पुरुषों की पत्नियां पतिव्रता होती हैं। ये जातक व्यवसाय में लाभ उठाते हैं। यह जातक भावुक प्रकृति के होते हैं। दूसरों की गलती को शीघ्र क्षमा नहीं करते। इनके मित्र भी ज्यादा होते हैं और शत्रु भी। ये जातक दूसरों को उन्नति करते देख उनसे ईर्ष्या महसूस करते हैं जिससे इनके मन में भी उन्नति की भावना जागृत होती है। वृश्चिक राशि वाले बिच्छु की तरह डंक मारते हैं। ऐसे जातकों से दुश्मनी नहीं लेनी चाहिए। ये जातक जब भी सामाजिक या राजनीतिक कार्य हाथ में लेते हैं तो अपनी अपार शक्ति के सहारे कार्य में तत्पर हो जाते हैं। ये जातक किसी न किसी कार्य में सदैव लगे रहते हैं। ऐसे जातकों के भीतर अनेक गुप्त शक्तियां छिपी रहती है परन्तु जब तक इन्हें उपयुक्त प्रेरणा नहीं मिल पाती, तब तक अपनी अभूतपूर्व शक्तियों के प्रति उदासीन बने रहते हैं। आप दूसरों के कार्य में दखल नहीं देते। आप केवल वहां ही रुचि रखते हैं, जहां आपका स्वार्थ होता है। आपकी इच्छा यह रहेगी कि किसी भी कार्य में जो आप कहें, दूसरे उसका अनुसरण करें, आप स्वयं को दूसरों से अधिक सफल तथा प्रसन्न रखने वाले होते हैं। ऐसे जातक में अपने धंधे के प्रति भारी लगन और कर्तव्य भावना होती है। इन्हीं गुणों के कारण वे उत्तम डाक्टर, सर्जन और अच्छे वक्ता बनते हैं। ऐसे जातक अपने जीवन साथी से अधिकतम तृप्ति पाने की आशा रखते हैं, उदासीन जीवन साथी से उनकी नहीं पटती। वृश्चिक जातिका के लिए आदर्श पति वृश्चिक जातक ही हो सकता है। वृश्चिक राशि के बच्चों के लालन-पालन में बहुत सावधानी की आवश्यकता होती है। वे दृढ़ व्यक्तित्व वाले और प्रायः जिद्दी भी होते हैं। ऐसे जातकों को प्रायः किडनी रोग, नाक और गले की बीमारियों का भय रहता है। ऐसे जातक विवेक से कार्य करने वाले एवं निज पुरुषार्थ द्वारा परिवार का पालन-पोषण करने वाले होते हैं। इस राशि के लोगों में संग्रह करने की प्रवृत्ति बहुत अधिक होती है। इसी भांति वे बड़ी लगन के साथ काम करते हैं।

शुभ मास—अप्रैल, जून, अगस्त, जनवरी, अक्तूबर, नवम्बर मास शुभ होते हैं।

शुभ दिन—रविवार, सोमवार, मंगलवार तथा वृहस्पतिवार शुभ दिन हैं।

शुभ रंग—पीला, लाल, संतरी रंग शुभ हैं।

शुभ रत्न—स्वास्थ्य की दृष्टि से मूंगा शुभ है परन्तु व्यवसाय क्षेत्र में सफलता हेतु Ruby (माणक्य) शुभ होता है।

(९) धनु लग्न (राशि)

धनु राशि का स्वामी बृहस्पति है। इस राशि वाले जातक अपने लक्ष्य की ओर सीधे, बिना रुके बढ़ने का प्रयास करते हैं। इस राशि वाले जातक के मुख, कान तथा दांत बड़े तथा पांवों के तलवे छोटे होते हैं। शरीर के किसी अंग में तिल आदि के चिन्ह पाये जाते हैं। धनु जातक मूल रूप से जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखते हैं। ऐसे जातकों को सभ्य समाज की चमक-दमक की अपेक्षा प्रकृति की गोद में अधिक आनन्द आता है। ऐसे जातक अपना सारा ध्यान उस क्षण कर रहे काम पर केन्द्रित रखते हैं और जब तक थककर चकनाचूर नहीं हो जाते, दूसरी ओर निगाह भी नहीं करते। ऐसे जातक तीव्र बुद्धि वाले होते हैं। राजनीतिक रूप में वे बार-बार अपनी नीतियों को बदलेंगे। धनु जातकों का व्यवहार आमतौर से विनम्र रहता है पर कभी-कभी परिस्थितिवश रूखे और उग्र भी हो सकते हैं। अतीन्द्रिय ज्ञान उनका एक और गुण है। यह प्रायः बहुत भाग्यशाली रहते हैं। ऐसे जातक अपने प्रकार के व्यवसाय करने वाले होते हैं। धनु जातिकाएं धनु जातकों से अधिक उदास होती हैं। उनमें आत्म त्याग की गहरी भावना और सम्मान तथा कर्तव्य के प्रति उच्च समझ होती है लेकिन जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण बहुत स्वतन्त्र होता है। उनमें अन्य गुण धनु जातकों के समान ही होते हैं। धनु जातकों की मित्रता बहुत गहरी होती है। इसमें उनकी मधुर मुस्कान का काफी योग रहता है। ये जातक बाल्यावस्था में धनी होते हैं। ये किसी आदर्श को लेकर झगड़ते हैं। व्यर्थ में यों ही झगड़ा मोल नहीं लेते। ऐसे जातक को घोड़े पर चढ़ना अति प्रिय होता है। इन्हें जब क्रोध आता है तो वह आग उगलने लगता है और असह्य हो जाता है। तलाक और अनेक विवाहों की घटनाएं भी इस राशि के जातकों में अधिक पाई जाती हैं। धनु जातक प्रायः कमर या साइटिका नस का दर्द से पीड़ित होते हैं। उन्हें मन और शरीर से अत्यधिक काम लेने और मादक द्रव्यों से बचना चाहिए तथा मन और शरीर को अधिक से अधिक ढीला छोड़ने का अभ्यास करना चाहिए। इनका प्रारम्भिक जीवन साधारण-सा होता है पर ४०-४५ वर्ष की आयु में स्थायित्व आ जाता है।

शुभ वर्ष—१६, ३२, ४६ वर्ष इनके जीवन में शुभ होंगे।

शुभ मास—मार्च, मई, जुलाई, अक्तूबर, दिसम्बर शुभ मास हैं।

शुभ दिन—रविवार, मंगलवार, बृहस्पति शुभ दिन हैं।

शुभ रत्न—इनके लिए पुखराज सुनहरा या पीला पहनना हितकर होगा।

(१०) मकर लग्न (राशि)

इस राशि का स्वामी शनि है। इस राशि के जातक प्रायः लम्बे कद, सुन्दर नेत्र एवं वात प्रकृति वाला, मननशील, आध्यात्मिक प्रवृत्ति का, त्यागी, धैर्यवान, अनेक विघ्न होते हुए भी परिश्रमी एवं कार्यशील, व्यापार, व्यवसाय, राजनीति में कुशल, आस्तिक तथा आदर्श विचारक होते हैं। इस लग्न वाले व्यक्ति जन्म स्थान छोड़ने के पश्चात् भी पुनः वहीं पहुंचने को लालायित रहते हैं। ये जातक कृषि अथवा खनिज पदार्थों एवं व्यवसाय-मंडलों से सम्बन्धित कार्यों में सफल हो सकते हैं। मकर जातकों में इतिहास और पुरानी वस्तुओं के प्रति विशेष रुचि देखी जाती है। मकर जातकों की प्रतिभा में विवाह के बाद ही निखार आता है। ऐसे जातकों के लिए निजी प्रतिष्ठा, सामाजिक स्थिति और पद का भारी महत्व होता है। वे प्रायः सतर्क और परम्परावादी होते हैं। ऐसे जातक मुसीबत में भी धैर्य से काम लेते हैं। किसी बाधा की परवाह नहीं करते। पुस्तकों से इन्हें अधिक प्रेम होता है और लग्न लग जाने पर उनको चौबिस घंटे तक पढ़ते ही रहते हैं। अपने इसी कार्य से वे अच्छे अनुसन्धानकर्त्ता या वैज्ञानिक बन सकते हैं। यह राशि पृथ्वी तत्त्व प्रधान होने से जातक विवेकशील मितव्ययी एवं अच्छी-बुरी बात को पहचानने वाला व्यक्ति होगा। कल्पनाशील व गम्भीर प्रकृति रहेगी। पर्याप्त परीक्षा के उपरान्त ही मित्रता के सम्बन्धों को पक्का करेंगे। मकर राशि वाले जातक प्रायः बड़े उत्साही होते हैं। यदि कोई इनकी हानि करता है तो ऐसा जातक बदले की भावना को कभी नहीं भूलता। ऐसे जातक खुले तौर पर अपने विचार प्रकट करते हैं चाहे उनसे किसी के

दिल पर चोट क्यों न पहुंचे। ऐसे जातक अपने अधीनस्थ आश्रितों से काम लेने में निपुण होते हैं तथा दूसरों के मनोभावों को झट समझ लेते हैं। इस राशि के जातकों को पारिवारिक जीवन मिश्रित होता है।

इस लग्न वाले जातकों का वायु-विकारों, पाचन की खराबी, मूत्र सम्बन्धी रोग तथा वृद्धावस्था में हृदय रोग होने की आशंका रहती है। अपनी झूठी-शान या बड़प्पन दिखाने के चक्र में प्रायः धनाभाव से घिरे रहते हैं। कामुकता भी अधिक होती है। अहंकारी स्वभाव के कारण जुबान पर इनकी लगाम नहीं होती। शत्रुओं की संख्या अधिक होती है। इस राशि की जातिका धार्मिक विचारों वाली, सत्यप्रिय मितव्ययी तथा नीति के अनुसार आचरण करने वाली होगी।

शुभ वर्ष—२५,२७,३३,३५, तथा ४२वें वर्ष आपके लिए शुभ रहेंगे।

शुभ दिन—शुक्र, शनि एवं बुध शुभ सोमवार अशुभ रहेगा एवं बाकि दिन मिश्रित फली रहेंगे।

शुभ रत्न—हीरा, श्वेत मोती, चांदी की अंगूठी में तथा नीलम शुभ फली होंगे।

शुभ रंग—नीला, काला तथा लाल रंग शुभ हैं।

(११) कुम्भ लग्न (राशि)

इस राशि का स्वामी शनि है। कुम्भ राशि के जातक मोटे शरीर वाले, मध्यम कद, काले केश वाले, तीव्र स्मरण शक्ति वाले होते हैं। ये जातक दयालु, धीर, दृढ़ प्रतिज्ञ, क्रोधी, सत्यवादी, प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले होते हैं। कुम्भ राशि वाले जातक दृढ़ इच्छा शक्ति वाले और हर बात में निश्चित मत रखने वाले होते हैं। वे दूसरों की बातों में सहज नहीं आते। ऐसे जातक संयम और गम्भीरता से समस्याओं, तनावों तथा प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हैं। कुम्भ जातक या जातिका मानवीय गुणों से भरपूर और अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण ईमानदार तथा प्रतिबद्ध होते हैं। वे अतिवादी नहीं होते। इस राशि वाले जातक झूठ भी बोल सकते हैं, बड़ों का अपमान भी खुले तौर से कर सकते हैं। कुम्भ जातक किसी भी परिस्थिति के अनुकूल अपने को ढाल सकते हैं। वे मानव प्रकृति के असाधारण पारखी होते हैं। ऐसे जातक आर्थिक मामलों में सफल रहते हैं। किन्तु धन उनके लिए साध्य नहीं, साधन है। कुम्भ जातकों की मित्रता का आधार उनकी व्यक्तिगत परख होती है। फिर भी उनमें स्थायी सम्बन्धों की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। इस राशि के जातक फोटो ग्राफर, वैज्ञानिक, लेखक, मनोवैज्ञानिक, प्रकाशक सफलतापूर्वक बन सकते हैं। ऐसे जातक अगर उच्चाधिकारी के रूप में काम करें तो अपने से नीचे काम कर रहे कर्मचारियों से घुल-मिल कर भी उनसे दूर रहते हैं जिससे उनसे साथ घनिष्ट सम्बन्ध नहीं बनते। कुम्भ राशि वाली स्त्री सबसे मित्रता होने पर भी सबसे दूर रहती है क्योंकि यह स्वतन्त्रता से रहना पसन्द करती है। सुन्दर वेश-भूषा, हेयर स्टाइल तथा आकर्षक चाल-ढाल से हर जगह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। कुम्भ राशि के जातक छल-कपट से नफरत करते हैं और किसी से पैसा उधार लेना अच्छा नहीं समझते। यह यथार्थवादी होते हैं। ऐसे जातकों को घर से अधिक दूसरों के दुःख-सुख की चिन्ता रहती है। दूसरों का चरित्र तथा व्यक्तित्व भांपने में माहिर होते हैं। इस राशि के जातकों का स्वास्थ्य साधारणतः कमजोर रहता है, सीने की बीमारियां, बवासीर, चर्म आदि रोगों से ग्रस्त होते हैं पर अपने आत्मविश्वास के बल पर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ कर लेते हैं। इस राशि के जातकों का दाम्पत्य जीवन सुखदायक रहता है। स्वभाव से समझौतावादी होने के कारण प्रेम में सफल रहते हैं, बदनामी और अपमान से डरते हैं। संतान मध्यम होती है। कुल मिलाकर अच्छा जीवन व्यतीत करते हैं।

शुभ मास—फरवरी, अप्रैल, जून सितम्बर मास शुभ रहेंगे।

शुभ वार—रवि, मंगल, वीरवार, शनिवार आपके लिए शुभ रहेंगे।

शुभ रंग—नीला रंग पहनना हितकर होगा।

शुभ रत्न—नीलम पहनना आपके लिए शुभ रहेगा।

(१२) मीन लग्न (राशि)

मीन राशि का स्वामी बृहस्पति है। जैसे मीन का अर्थ मछली है ठीक उसी तरह इस राशि का जातक हरी घास, जलाशय तथा नदी या समुद्र के किनारे बैठना अधिक पसन्द करता है। मीन राशि के जातक रूपवान, सुन्दर दृष्टि वाले, सहज ही निरुत्साहित हो जाने वाले, सुन्दर स्वभाव वाले, अच्छी सन्तान वाले, चतुर, स्थिर बुद्धि, निष्कपट, सुगंध प्रिय, अतिकामी तथा उत्तम वाणी बोलने वाले होते हैं। मीन राशि के जातक अतिशय भावुक तथा उच्च कोटि के कवि और कलाकार भी हो सकते हैं। ऐसे जातकों की कल्पना शक्ति काफी विकसित होती है। ये मूलतः आदर्शवादी होते हैं और दुनिया में खो जाना चाहते हैं। मीन जातकों में घर में शान्ति और आराम से बैठे रहने की प्रकृति होती है। इसमें उनमें आलसीपन पनप सकता है। जल के प्रति उनका विशेष मोह होता है। द्विस्वभावी होने की वजह से सबसे दृढ़ और सबसे दुर्बल चरित्र उनमें मिल सकते हैं। कुछ भावनाओं में बहकर भोग विलास का मार्ग अपना लेते हैं। मीन जातकों में गुप्त विद्याओं के प्रति आकर्षण होता है। अज्ञात, दार्शनिक या रहस्यमय की खोज करना उन्हें पसन्द होता है। आर्थिक मामलों में मीन जातकों को बार-बार उतार-चढ़ावों का सामना करना पड़ सकता है। हंसी-मजाक इनको पसन्द नहीं होता। अपना हर काम ठीक समय पर करते हैं। इस राशि के जातक फेफड़े, बुखार, पेट में गैस आदि बीमारियों से ग्रस्त रहते हैं पर शीघ्र लाभ प्राप्त कर लेते हैं। मीन राशि के जातक अपने जीवन का स्वयं निर्माण करते हैं। ऐसे जातक प्रायः हवाई सेना, डेयरी कार्य, स्टेनोग्राफर, कृषि, द्रव्य से सम्बन्धित कार्य, बैंकर या व्यापार का रोजगार अपनाते हैं। जहां तक प्रेम की बात है मीन जातक अत्यन्त भावुक और रूमानी होते हैं। वे रूप के लोभी भी होते हैं। मीन जातिका का बाह्य रूप पूर्णतः एक नारी का रूप होता है। उसकी यही विशेषता पुरुषों को अपनी ओर आकर्षित करती है। अन्दर से वह कठोर जीवन अपनाने में भी सक्षम हो सकती है। दीन-दुःखियों के प्रति उसका प्रेम उसके घर को संग्रहालय बना लेता है।

शुभ मास—जनवरी, फरवरी, जुलाई, अक्तूबर इस राशि के शुभ मास हैं।

शुभ दिन—बृहस्पतिवार तथा शनिवार शुभ दिन रहेंगे।

शुभ रंग—बैंगनी तथा हल्का जामुनी रंग प्रायः इस राशि के लिए शुभ माना गया है।

शुभ रत्न—इस राशि के जातकों को पुखराज धारण करना चाहिए।

बालक के जन्म-समय अरिष्ट योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग है, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो, और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु—मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे, या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो ८ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो तथा अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हों, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह ६ठे, ७वें या १२वें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हो तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशीश पाप ग्रह से प्रयुक्त होकर अष्टम भाव में हो तो १ मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धूम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक को २ मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २—३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त हो कर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हो तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न से राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा।

जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता पिता के अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए। यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या ८वें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकर होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुंडली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हों या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हो तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को भी कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि(वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

१ यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान हो कर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुष्कल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति

कुछ अन्य प्रमुख योग

रखने वाला, सब कार्यों में कुशल धनी तथा अनेक लोगों का पालन पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदययोग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्—भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

यदि कुंडली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य हों तो 'काल-सर्प' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक प्रायः उलझनों में घिरा रहता है। जीवन पर्यन्त संघर्षमय जीवन रहता है। कुछ धन होते हुए भी सुखानुभव नहीं होता।

काहल योग

यदि नवम भाव तथा चतुर्थ भाव के स्वामी एक दूसरे से केन्द्र भाव में स्थित हों और लग्नाधिपति बली हो काहलयोग बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक राजनीति और शासन प्रबन्ध कार्यों में सफलता प्राप्त करता है।

गड़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में, एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गड़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गड़ा हुआ धन मिलता है परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

वाहन—सुख योग

१. नवमेश लाभेश और दशमेश—ये तीनों ग्रह चतुर्थ भाव में गये हों अथवा

२. चन्द्रमा से शुक्र तीसरे किंवा ग्यारवें भाव में गया हो तो वाहन युक्त जातक होगा।

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

४. अपनी उच्चराशि में गया हुआ व्ययेश धनेश से युत होकर नवम भाव को देखता हो।

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	बृहस्पतिवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा शुभ	पूर्व, उत्तर	पश्चिम, दक्षिण	दक्षिण, पूर्व	दक्षिण, पूर्व	उत्तर, पश्चिम	पूव, उत्तर	पश्चिम, दक्षिण
यात्रा	पश्चिम, दक्षिण	पूर्व, उत्तर	उत्तर, पश्चिम	उत्तर, पश्चिम	दक्षिणी, पूर्व	पश्चिम, दक्षिण	पूर्व, उत्तर
ज्ञान और विद्यासंबंधी	पढ़ना-पढ़ाना लिखनामध्यम रहे।	औषधी संबंधी पढ़ाई डाक्टरी विशेष शुभ रहेगी	शस्त्र विद्या वायुयानचलाना शुभ रहेगा	योगक्रियासा कृषि गणित संबंधी ज्ञान शुभ है	वेदरंभसंस्कृत पढ़ना हिन्दी साहित्यारम्भ शुभ हैं	कविता कला कौशल एवं अरबी भाषा पढ़ाका शुभ	अंग्रेजी फारसी उर्दू यावनीभाषा का ज्ञान शुभ है
व्यापार सम्बन्धी कार्य	अन्न, सोना, ताम्बा पाट, बारदाना कपड़ाकाकार्यशुभहै	औषधी, चांदी, दूध, दही, हलवाई तेल, घृत का व्यापार शुभ है	कोई भी कार्य व्यापार संबंधी नहीं आरम्भ करना चाहिए	शेयर मार्कीट जमीन जायदाद संबंधी कार्य शुभऔरअशुभ	प्रत्येककार्यरंभ मैंबृहस्पतिवार श्रेष्ठ है	कपड़ा रुई काष्ट इमारतोंका ठेका शुभ है	मशीनरी उड़द लोहे का व्यापार शुभ है चमड़े का कार्य करना अच्छा
नवीन वस्त्र पहिनाना	शुभ ही है	मध्यम है	अशुभ है	शुभ रहेगा	शुभ रहेगा	बहुत शुभ रहेगा	अशुभ है
हजामत बनवाना	मध्यम है	शुभ है	अशुभ है	बहुत शुभ	अशुभ है	शुभ है	मध्यम
तेल लगाना	अशुभ है	शुभ है	अशुभ है	बहुतशुभ है	अशुभ है	शुभ है	बहुत शुभ है
जूता पहिनाना	मध्यम है	शुभ है	अशुभ है	मध्यम है	शुभ है	शुभ है	मध्यम है
मुकद्दमा दायरकरना	अशुभ है	अशुभ है	शुभ है	शुभ है	अशुभ है	मध्यम है	शुभ है

आवश्यक मुहूर्त्त विचार

नाम मुहूर्त	ग्राह्य तिथि	श्रेष्ठ वार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चेकोस्कूल बिठलाना	२-३-५-६-९-१० ११-१२	उत्तरायण से५-७ वर्ष में रवि वृ.शु.	आ.पु.श्र.स्वा. रे. पुन.चि.आ
दुकान खोलना	२-३-५-६-७-८ १०-११-१३	सू.चं.बु.वृ.शु.	चि.अनु.मृ.रे.उ.३. रो. ह. अ.पुष्य.
नया जेवर बनाना	२-३-५-७-१३	वृ. शु. रवि	ह.अ.श.पु. स्वा. श्र.ध.उ.३रो.मृ.
दरवाजा लगाना	२-३-५-७-१० ११-१३	चं. बु. वृ. शु.	उ. ३अ. रो.मृ. पुष्यह.स्वा. श्र.
सीनापिरोना सीखना	१-२-३-५-६-७ ११-१२-१३	सू. चं. बु वृ.शु.	अ.पुन.चि.अनु.ध.
घर बनाना	२-३-५-६-७ १०-११-१२ १३-१५-बदि १	वै.श्र.मार्ग मा. फा.चं.वृ शु.श	रो.म.चि.ह.स्वा. उ.३.अनु.ध.श.रे
नये घर में प्रवेश	शुभ तिथियां	वै. ज्ये श्र. आ अश्वि मा. फा. उत्तरायण में चं बु.वृ.श	उ३.अनु.रे.रो.मृ. चि।
कूप बावली बनाना	शुभ तिथियां	चं बु. वृ. शु.	अनु.ह.उ३.रो.ध. श.म पूषा.रे.पु.मृ
वस्तुपानका मुहूर्त	शुभ तिथियां	चं.बु.शु.मा. फा. वै. ज्ये.	अ.धश.मृ. मू. अनु. ह.चि.रे.स्वा. रो. अश्वि. उ३.

नाम मुहूर्त	ग्राह्य तिथि	श्रेष्ठ वार मास	शुभ नक्षत्र
हल चलाना बीज बोना	शुभ तिथियां	चं. बु. वृ. शु.	अ.पू.३चि.वि.ध. श सूर्यनक्षत्रसेदिन नक्षत्रतकगिनेपह. ले३हानि५वृद्धि ३ हानि५वृद्धि, ३ ह. ५वृ, ३हा, २ वृद्धि
अनाजभरना	२-३-५-७-१३	रवि. गुरु. शु.	अ.रो.पुन. पु. मू. चि.स्वा.अनु.श्र.ध श. ३उ रे
बीमारसे उठने का स्नान	४-९-१४	रवि. मंगल	अ,ह,चि,अनु,ध,श
पशुखरीदना	शुभ तिथियां	चं.बु.वृ.शु.श.	उ३,पूषा,पुनपु,रो वि,अ,
अर्जी दावा करना	४-९-१४	मंगल. शनि.	आ,भ,पूअ,श्ले,म ज्ये,वि,मू,पू३
नौकरी करना	२-३-५-६-७-१० ११-१२	रवि.बु.वृ.शु. स्वामी से राशि मैत्रीदेखकर	अ,मृ,चि,ह,पुष्य, अनु रे
नई बहू का घर में आना	शुभ तिथियां	चं. वृ. शु.	ह,चि,स्व,रो,मृ, पू,पुष्य,ध,मू,श्र, अनु, उ३,अ,रे,

द्वादश भावों का फल विचार

प्रथम भाव (लग्न) —शारीरिक गठन, रंग-रूप, गुण-शील, स्वभाव, आकृति, लघु-दीर्घादि, शारीरिक बल, स्वास्थ्य, सुख-दुख, आयु-प्रमाण, जाति, प्रारम्भिक जीवन एवं माता-पिता की देहादि का विचार प्रथम भाव से किया जाता है।

"सुखानि दुखान्यपि साहसं च लग्ने विलोक्य खलु सर्वमेतत्।"

द्वितीय भाव—'धन भाव' के अतिरिक्त इसे कोष मारक, कुटुम्बादि के नामों से भी पुकारा जाता है। क्योंकि शरीर (तनु) की रक्षा के लिए अन्न, वस्त्र, द्रव्य एवं कुटुम्ब की आवश्यकता रहती है। इसी कारण इसे धन भाव कहते हैं। इस भाव से मित्र, पुरुष, स्त्री, आमदन, वाणी, नेत्र, खाद्य पदार्थ, संचित धन, क्रय-विक्रय सम्पत्ति, कष्टादि का विचार भी किया जाता है।

तृतीय भाव—इसे सहज एवं पराक्रम, आपोक्लिम स्थान भी कहते हैं। इससे भाई-बहिन का सुख, अल्प यान, रेल-बसादि यात्राएं, पड़ोसी, उद्यम, साहस, बल, संगीत, पत्रकारिता, चाचादि निकट सम्बन्धी, हाथ, कान, सम्बन्धी रोग, कन्धे, भुजाएं आदि का विचार।

चतुर्थ भाव—इसे पाताल, केन्द्र और सुख भाव भी कहते हैं। इस भाव से माता, डिपलोमा, स्थायी सम्पत्ति, मकान, भूमि, सवारी सुख, चौपाए, ससुर, नानी, पेट, हृदय, गृहस्थ जीवन, लघु उद्योग, मानसिक संतोष, सुखादि का विचार किया जाता है।

पंचम भाव—इसको पणफर, सुत भाव, तनय भाव भी कहते हैं। इससे विद्या, बुद्धि, गर्भ, सन्तान, मंत्र साधना, सट्टा, लाटरी, यश-अपयश, हृदय, पीठ, कोख, तांत्रिक विद्या, आकस्मिक धन लाभ, पूर्व जन्म, गर्भाशय, मूत्राशय, पेटादि, प्रेम सम्बन्ध तथा मनोरंजन कार्य आदि का विचार किया जाता है।

"बुद्धि प्रबन्धात्मज विद्या विनये गर्भ स्थिति मन्त्र नीति संस्थाः।"

षष्ठ भाव—इसके रिपु आपोक्लिम, शत्रु भाव भी कहते हैं। इससे ऋण, रोग, शत्रु, मामा, मौसी, सेवक, अधीनस्थ कर्मचारी, ऊंट, भैंस, घोड़ आदि पशु, भय, युद्ध, सौतेली मां, अपयश, हानि, चिन्ताएं, विश्वासघात, चोट, घाव, कमर, उदर, आंत और नाभि आदि का विचार करते हैं।

सप्तम भाव—इसे स्त्री, जाया, कलत्र, केन्द्र—भावादि नामों से भी पुकारते हैं। इससे स्त्री सुख, पति-पत्नी सम्बन्ध, साझेदारी, विवाह-सुख, प्रवास, समझौते, प्रत्यक्ष—शत्रु, काम सम्बन्धी रोग, नाभि, कमर, व्यापार, अदालती विवाद, मारकत्वादि का विचार सप्तम भाव से किया जाता है।

अष्टम भाव—रन्ध्र, मृत्यु, आयु, पणफर आदि इसके अन्य नाम हैं। इससे जातक की आय, मृत्यु, आकस्मिक एवं गुप्त धन, स्त्री की ओर से धन प्राप्ति, तैरना, विषम मार्ग, गुदा रोग, युद्ध समय, शत्रु भय, प्रजनन इन्द्रिय, पतन, सजा, दुर्घटना, दुख बन्धन, वियोगादि विषय देखे जाते हैं।

नवम भाव—इसे भाग्य या धर्म स्थान भी कहते हैं। इससे धर्म, भक्ति भावना, तीर्थ यात्रा, दीर्घ यात्रा, स्थानान्तर या विदेश यात्रा, भाग्य, साला, भावज, दार्शनिक प्रवृत्तियां, व्यापार, प्रकाशन, पौत्र, यश, कीर्ति, सामाजिक एवं आध्यात्मिक जीवन, भाग्योदय, पुनर्जन्म, प्याऊ, कुआं, मन्दिर, धर्मशाला आदि धार्मिक स्थल, जांघ तथा शरीर पर जांघादि का विचार करते हैं।

दशम भाव—इसे कर्म भाव, केन्द्र भाव भी कहते हैं। इससे पिता के सुख, व्यवसाय, कर्म क्षेत्र, राज्य प्रतिष्ठा, मंत्रीत्व, सार्वजनिक जीवन, सफलता, स्वामी, नौकरी, मान-सम्मान, ओहदा, उद्योग-धन्धा, वर्षादि, आकाशीय घटनाएं, विदेश गमन और घुटनों आदि का विचार किया जाता है।

एकादश भाव—इसको आय, पणफर लाभ स्थान भी कहते हैं। इस भाव से बड़े भाई, मित्र, सुख, लाभ, विभिन्न प्रकार के लाभ, सम्पत्ति, इच्छाएं, द्रव्य-लाभ, आभूषण, ऐश्वर्य की वस्तुएं, विद्या लाभ, सहयोगी, द्वितीय पत्नी, दामाद, कर्ण, पिंडलियां एवं पांवादि का विचार करते हैं।

द्वादश भाव—इसको व्यय भाव भी कहते हैं। इससे मोक्ष ज्ञान, प्रवास, व्यय अपव्यय, आध्यात्मिक एवं गुप्त विद्या, शैय्या सुख, गुप्त शत्रु, हानि, खर्च, आत्म-हत्या, षडयन्त्र, धोखाधड़ी, कैद, शयन सुख, राज दण्ड, चिकित्सालय, बायां नेत्र, पीड़ा, दुख एवं मरणोत्तर गति, पांव की अंगुलियां (पंजा) तथा तलवे आदि का विचार किया जाता है।

ज्योतिष सम्बन्धी अमूल्य पुस्तकें वी. पी. द्वारा मँगाइएँ

ज्योतिषी तत्त्व

(लेखक पं० पन्ना लाल ज्योतिषी)

इसमें भारतीय ज्योतिष के प्रारम्भिक इतिहास से लेकर ज्योतिष सम्बन्धी प्रारम्भिक ज्ञान—सम्पूर्ण बड़ी जन्म पत्री निर्माण शैली, ग्रहों से सप्तवर्गों बलाबल निकालना। भावों, राशियों एवं ग्रहों तथा फलादेश सम्बन्धी मूलभूत सिद्धान्तों को अत्यन्त सरल शैली में प्रस्तुत किया गया है।

(मूल्य ३५ रुपए)

वर्षफल चन्द्रिका

(नवीन संशोधित संस्करण)

इसमें अब प्राचीन सूर्य सिद्धान्तीय नवीन वेध सिद्ध सारिणी के अतिरिक्त लाल किताब के अनुसार वर्षफल बनाने तथा पुराणोक्त, तान्त्रिक व लाल किताब के उपायों का भी समावेश किया गया है। प्रश्नफल एवं गोचर फल कथन की रीतियों का विशद वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्षफल बनाने और वर्ष भर का ठीक-ठीक फलादेश कहने के लिए उत्तम पुस्तक है। (मूल्य ४५ रुपए)

विवाह पद्धति (भाषा-टीका)

व्याख्याकार पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी द्वारा संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण जिसमें ,पारकर गृह-सूत्रों के आधार पर वैदिक मंत्रों की हिन्दी टीका की गई है। विवाह कार्य में प्रयुक्त विशिष्ट शब्दावली तथा कात्यायनी शांति, पति-पत्नी के ... कुम्भ विवाहादि विवाह सम्बन्धी महत्वपूर्ण ... समावेश किया गया है। जिसमें विवाहादि कार्य के नवीन कर्मकाण्डी विद्यार्थी के लिए अत्यन्त उपयोगी पुस्तक है।

(मूल्य डाक व्यय सहित ३० रुपए)

श्री दुर्गा सप्तशती (भाषा टीका)

श्री दुर्गा सप्तशती निश्चय ही धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष इन चारों क्षेत्रों में मनोवांछित फल प्रदान करने वाली मन्दाकिनी है। प्रस्तुत पुस्तक में श्री दुर्गापाठ विधि, सप्तश्लोकी दुर्गा, देवी कवच, सिद्ध सम्पुट मन्त्रों आदि के साथ श्री दुर्गा हवन विधि भी दी गई है। अब नये संशोधित संस्करण में।

(मूल्य ५० रुपए)

ज्योतिष की दुर्लभ लाल किताब

अब हिन्दी संस्करण में उपलब्ध है। जिसमें फलादेश के साथ उपाय आदि भी विशद रूप में वर्णित हैं। (मूल्य डाक व्यय सहित ६०० रु०)

'भारतीय ज्योतिष'

ग्रहों के फलादेश सहित लाल किताब के अनुपम उपाय दिये गये है।

(डाक व्यय सहित १२० रुपए)

'शिव मन्त्रावली'

इस पुस्तक में प्राचीन हस्त लिखित ग्रन्थों से दुर्लभ मन्त्र-यन्त्रों का संग्रह करके उनको लिखने की विधि व सिद्ध करने के उपाय, स्थान, समय विधि, विधान इत्यादि का सूक्ष्म वर्णन किया गया है।

(मूल्य ५० रुपए)

पुस्तक	मूल्य
राशिफल (१९९६)	२० रुपए
तनुभाव प्रकाश	३० रुपए
मानसागरी (भा० टी०)	७५ रुपए
बृहज्योतिषसार (भा० टी०)	६५ रुपए
जातकभरणम् (भा० टी०)	७० रुपए
ज्योतिष रत्नाकर	१९० रुपए
भारतीय ज्योतिष	१४० रुपए
फलदीपिका	८५ रुपए
भारतीय फलित ज्योतिष	१०० रुपए
भृगु संहिता (बड़ी)	१३५ रुपए
भृगु संहिता (मध्यम)	१०० रुपए
भृगु संहिता (छोटी)	६० रुपए
ज्योतिष सर्वसंग्रह	३० रुपए
रत्न ज्योतिष विज्ञान	३५ रुपए
रत्न ज्योतिष	२५ रुपए
रत्न प्रदीप	९० रुपए
द्वादश फलादेश विज्ञान	४५ रुपए
नास्ट्रेडम की भविष्यवाणियां	४० रुपए
प्रश्न भास्कर	३० रुपए
प्रश्न चन्द्र प्रकाश	६० रुपए
प्रश्न ज्योतिष विज्ञान	४० रुपए
मूक प्रश्न विचार	३५ रुपए
ग्रह लाघव	५० रुपए
भाग्य दर्पण	६५ रुपए
स्वप्न संहिता	३५ रुपए
शकुन और स्वप्न	३५ रुपए
जैमिनी सूत्रम्	१२० रुपए
हस्तरेखा शास्त्र	६० रुपए
भाग्य का प्रतिबिम्ब	७५ रुपए
हस्तरेखाएँ बोलती हैं	६० रुपए
चमत्कारी चिन्तामणि	१२५ रुपए
मुहूर्त चिन्तामणि (भा. टी.)	५० रुपए
अंक ज्योतिष	३० रुपए
अंकों में छिपा भविष्य	६० रुपए
हस्त संजीवन	६० रुपए
ताजिक नीलकण्ठी	६० रुपए
होरा शास्त्र	१७५ रुपए
ज्योतिष और रोग	३५ रुपए
ज्योतिष और व्यवसाय चुनाव	३५ रुपए
आधुनिक ज्योतिष	६५ रुपए
शनि शमन	९० रुपए
कम्प्यूटर की तरह जन्मपत्री बनाएँ	६० रुपए
हस्त रेखा (कीरो)	१२० रुपए
जातक भूषणम्	११० रुपए
फलित विकास	८० रुपए
सुनहरी किताब	३० रुपए
अनिष्ट ग्रह उपाय	३५ रुपए
कष्ट निवारक टोटके	३० रुपए
भारतीय ज्योतिष	३० रुपए
भाग्य और जीवन	४० रुपए

ज्योतिष की दुर्लभ

लाल किताब

अब हिन्दी में उपलब्ध मूल्य डाक व्यय सहित ६०० रुपए

उर्दू की फोटोस्टेट (असली) मूल्य—१५०० रु०

सभी प्रकार की पुस्तकें मंगवाने का पता—

जनरल बुक डिपो (पब्लिशर्ज़)

अड्डा होशियारपुर

जालन्धर शहर (पंजाब)

नोट—प्रत्येक आर्डर के साथ ५० रुपए अग्रिम राशि M.O. द्वारा भेजें।

६००/-

आगामी वर्षों में सूर्य-एवं चंद्र ग्रहणों का विवरण

नीचे भारत में दृष्टिगोचर होने वाले आगामी २१ वर्षों के सूर्य एवं चन्द्र ग्रहणों का विवरण—स्पर्शकाल, मध्य एवं मोक्षकाल सहित लिख रहे हैं। ग्रहणों का प्रारंभ एवं समाप्ति काल भारतीय स्टैंडर्ड टाईम में केन्द्रिय मध्य भारत का सामान्य स्थूल समय ग्रहण किया गया है। अतएवं स्थानीय सूर्य-चन्द्रोदय काल में भेद के कारण कहीं-कहीं कुछ मिनटों का अन्तर पड़ सकता है।

संवत्	ग्रहण विवरण	सन् ईसवी	स्पर्श	मध्य	मोक्ष काल
२०४७	ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण	(६-८-१९९०)	६।१५	७।४४	९।११ रात्रि
२०४८	खण्ड चंद्रग्रहण	(२१-१२-१९९१)	३।२५	४।०५	४।४३ सायं
२०४९	खग्रास ,,	(९-१२-१९९२)	३।२७	५।१३	६।५६
२०५०	ग्रस्तोदित ,,	(४-६-१९९३)	४।४४	६।३५	८।२०
२०५२	,, चंद्रग्रहण	(१५-४-१९९५)	५।०७	५।४५	६।२४
२०५२	खग्रास सूर्यग्रहण	(२४-१०-१९९५)	७।२४	८।३२	९।४५
२०५३	,, चंद्रग्रहण	(३-४-१९९६)	३।२६	५।१५	७।०२
२०५३	ग्रस्तोदित सूर्यग्रहण	(९-३-१९९७)	५।१२	५।५२	६।४०
२०५४	खग्रास चंद्रग्रहण	(१६-९-१९९७)	१०।४०	१२।२०	१।५९ रात्रि
२२०५६	खग्रास सूर्य ग्रहण	(११-८-१९९९)	१४।२०	१५।२५	१६।२०
२०५७	ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण	(१६-७-२०००)	५।३०	७।२५	९।२३
२०५७	खग्रास ,,	(९-१-२००१)	१२।०५	१।४४	३।२२
२०५८	ग्रस्तोदय ,,	(५-७-२००१)	७।०६	८।२४	९।४३
२०६०	खण्ड सूर्यग्रहण	(३१-५-२००३)	७।३२	८।२४	८।३०
२०६०	ग्रस्तास्त चंद्रग्रहण	(९-११-२००३)	५।०२	६।४७	८।३४
२०६१	खग्रास ,,	(४-५-२००४)	१२।५७	१।५७	३।३७
२०६१	ग्रस्तास्त ,,	(२७-१०-२००४)	६।४५	८।३५	१०।२४
२०६२	खण्ड सूर्यग्रहण	(३-१०-२००५)	४।२३	५।०४	५।१५
२०६२	ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण	(१७-१०-२००५)	४।२७	४।५०	५।१०
२०६२	सूर्य ग्रहण	(२९-०३-२००६)	४।२९	५।२२	६।०१
२०६३	खण्ड चंद्रग्रहण	(७-९-२००६)	१२-०२	१२।४९	१।३०
२०६३	खग्रास चंद्रग्रहण	(३-३-२००७)	३।००	४।५१	६।४०
२०६३	खण्ड सूर्यग्रहण	(१९-३-२००७)	९।१०	६।५९	७।४७
२०६४	ग्रस्तास्त चंद्रग्रहण	(२०-२-२००८)	७।१४	८।५८	१०।४६
२०६५	खग्रास सूर्यग्रहण	(१-८-२००८)	२।३३	३।२१	४।२४
२०६५	खण्ड चंद्रग्रहण	(१६-८-२००८)	१।२३	२।५४	४।२४
२०६६	ग्रस्तोदित सूर्यग्रहण	(१०-९-२००९)	५।३४	६।२७	७।२४
२०६६	खण्ड चंद्रग्रहण	(३१-९-२००९)	१२।११	१२।४६	१३।२४
२०६६	सूर्यग्रहण	(१५-१-२०१०)	११।४२	१।१६	३।०८

नक्षत्रों के भोग्य राश्यांशादि

एक नक्षत्र का मान १३ अंश २० कला ही रहता है। २७ नक्षत्रों के नाम उनके निकटस्थ तारे या तारा-समूह के स्वरूप के अनुरूप ही रखे गए प्रतीत होते हैं—जैसे तारा का स्वरूप अश्वमुख सदृश होने के कारण 'अश्विनी' नक्षत्र नाम पड़ा। क्रमानुसार २७ नक्षत्रों के नाम तथा उनके द्वारा भोग्य राश्यंशादि इस प्रकार से हैं—

क्रम	नाम नक्षत्र	राशि अंश कला से	राशि अंश कला तक
१.	अश्विनी	० — ० — ० से	० — १३ — २० तक
२	भरणी	० — १३ — २० ,,	० — २६ — ४० तक
३.	कृतिका	० — २६ — ४० से	१ — १० — ०० तक
४.	रोहिणी	१ — १० — ० से	१ — २३ — २० ,,
५.	मृगशिर	१ — २३ — २० ,,	२ — ६ — ४० ,,
६.	आर्द्रा	२ — ०६ — ४० ,,	२ — २० — ० ,,
७.	पुनर्वसु	२ — २० — ० ,,	३ — ३ — २० ,,
८.	पुष्य	३ — ३ — २० से	३ — १६ — ४० ,,
९	आश्लेषा	३ — १६ — ४० ,,	४ — ०० — ० ,,
१०.	मघा	४ — ० — ० ,,	४ — १३ — २० ,,
११.	पूर्वाफाल्गुनी	४ — १३ — २० ,,	४ — २६ — ४० ,,
१२.	उत्तरा फाल्गुनी	४ — २६ — ४० से	५ — १० — ० ,,
१३.	हस्त	५ — १० — ०० से	५ — २३ — २० ,,
१४.	चित्रा	५ — २३ — २० से	६ — ६ — ४० ,,
१५.	स्वाती	६ — ६ — ४० ,,	६ — २० — ० ,,
१६.	विशाखा	६ — २० — ० ,,	७ — ३ — २० ,,
१७.	अनराधा	७ — ३ — २० ,,	७ — १६ — ४० ,,
१८.	ज्येष्ठा	७ — १६ — ४० ,,	८ — ० — ० ,,
१९.	मूला	८ — ० — ० ,,	८ — १३ — २० ,,
२०.	पूर्वाषाढ़ा	८ — १३ — २० ,,	८ — २६ — ४० ,,
२१.	उत्तराषाढ़ा	८ — २६ — ४० ,,	९ — १० — ० ,,
२२.	श्रवण	९ — १० — ० ,,	९ — २३ — २० ,,
२३.	धनिष्ठा	९ — २३ — २० ,,	१० — ६ — ४० ,,
२४.	शतभिषा	१० — ६ — ४० ,,	१० — २० — ० ,,
२५.	पूर्वाभाद्रपद	१० — २० — ०० ,,	११ — ३ — २० ,,
२६.	उत्तराभाद्रपद	११ — ३ — २० ,,	११ — १६ — ४० ,,
२७.	रेवती	११ — १६ — ४० ,,	१२ — ० — ० तक

ज्योतिष तत्त्व है

मानव जीवन को सुधारने वाले धार्मिक ग्रन्थ

गो० तुलसी कृत रामायण (भाषा-टीका)

आठ काण्ड वाली सम्पूर्ण रामायण जिसमें गो० स्वामी तुलसी कृत दोहे व चौपाइयों को इतनी सरल भाषा में दिया गया है कि साधारण पढ़ा लिखा व्यक्ति भी श्री राम चरित की महिमा को हृदयांगम कर सकता है। इस पवित्र रामायण को पठन-पठनार्थ घर में रखना अथवा दान-दहेज में देना पुण्य का काम समझा जाता है।

सुन्दर छपाई, चित्रों सहित व मोटे अक्षरों में इस रामायण की कीमत १५१ रुपए। आर्डर के साथ ५० रुपए पेशगी अवश्य भेजें। मध्यम रामायण का मूल्य ८५ रुपए (डाक व्यय अलग)।

बाल्मीकि रामायण (सचित्र)

हिन्दी भाषा में सुन्दर मोटे अक्षरों में प्राप्य है। मूल्य १५०) रुपए। ये सभी ग्रंथ पंजाबी भाषा में भी उपलब्ध है। मूल्य १२० रुपए।

श्री प्रेम सागर (सचित्र)

प्रेम, भक्ति और भावना से परिपूर्ण भगवान् श्री कृष्ण की बाल लीलाओं तथा उनके जीवन चरित्रों का सजीव एवं सचित्र वर्णन जिसे धर्म में श्रद्धा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पढ़ना चाहिए। मूल्य ५१ रुपए डाक व्यय ८) रुपए अलग।

सुखसागर बड़ा

श्रीमद् भागवत पुराण के १२ स्कन्दों का सरल हिन्दी अनुवाद जिसमें भगवान् विष्णु के २४ अवतारों का विशद वर्णन, शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षत को श्री कृष्ण, इत्यादि तत्त्वों को उदाहरण देकर समझाया गया है। इसके श्रवण और मनन मात्र से परम शान्ति प्राप्त हो जाती है। मूल्य सचित्र १६० रुपए आर्डर के साथ ५०) रुपए पशगी अवश्य भेजें। मध्यम सुखसागर—मूल्य ८० रुपए।

महाभारत भाषा

महर्षि वेदव्यास की अमूल्य सम्पूर्ण रचना १८ पर्वों का सरल हिन्दी रूपान्तर है। जिसमें राजा परीक्षित की कथा, कौरव पाण्डवों की वंशोत्पत्ति, भीष्म प्रतिज्ञा से लेकर महाभारत के भयंकर युद्ध का साङ्गोपाङ्ग वर्णन दिया गया है। मूल्य केवल १५१) रुपए।

श्री दुर्गा सप्तशती (भाषाटीका)

भगवती देवी पर यह पुस्तक अनेक वर्षों से अप्रकाशित रही है जो कि अब पं० देवी दयालु ज्योतिष कार्यालय से प्रकाशित हो चुकी है। इसमें दुर्गा हवन विधि सिद्ध सम्पुट मन्त्र नवार्ण, दुर्गा पाठ, शत चण्डी विधि श्री दुर्गा पाठाध्याय के अतिरिक्त और भी बहुत विशेषताओं का समावेश कर दिया गया है। मूल्य केवल ५० रुपए।

बड़ा भक्ति सागर

जिसमें नित्य कर्म पद्धति, ईश्वर प्रार्थना, स्तोत्र, चालीसे, सन्ध्या व आरतियों का अपूर्व संग्रह प्रस्तुत किया गया है। मूल्य ४० रुपए। भक्त माल (बड़ा)—१७५ रुपए (हिन्दी भाषा में) ग्लोज़।

श्रीमद्भगवत गीता (सचित्र)

भगवद् गीता विश्व ज्ञान का अपूर्व भण्डार है जिसमें कर्म, भक्ति और ज्ञान का अद्भुत समन्वय मिलता है। अर्जुन को दिया गया भगवान कृष्ण का परम ज्ञान जो प्रत्येक भारतीय के लिए आवश्यक है। १८ अध्याय वाली महात्म्य व अनेक आरतियों सहित यह पुण्य ग्रंथ आज ही मगवाएं मूल्य ६० रुपए। ३६ रुपए में भी उपलब्ध है।

चारों वेद (भा० टी०)

ऋग्वेद—४ खण्डों में, यजुर्वेद—१ खण्ड, अथर्ववेद—२ खण्ड, सामवेद—१ खण्ड में उपलब्ध हैं जिसे प्रत्येक भारतीय को अवश्य पढ़ना चाहिए। आज ही मंगवाएँ। मूल्य सम्पूर्ण सैट—४०० रुपए।

श्री शिव महापुराण (बड़ा) सचित्र

जिसमें शिव महिमा, पार्थिव पूजन, शिव पूजन विधि, सृष्टि वर्णन, योग वर्णन इत्यादि पौराणिक कथाओं सहित विस्तृत वर्णन दिया गया है। शिव-भक्ति में श्रद्धा रखने वालों के लिए अनिवार्य ग्रन्थ है। मूल्य केवल १४१ रुपए। आर्डर के साथ २५) रुपए पेशगी अवश्य भेजें। डाक व्यय १२ पृथक।

कुछ उपयोगी ग्रन्थ

ग्रन्थ	मूल्य	ग्रन्थ	मूल्य
योग वशिष्ठ	७५/-	महालक्ष्मी व्रत कथा (ग्लेज़)	१०/-
गरुड़ पुराण भा. टी.	३५/-	विशाल हस्त सामुद्रिक	५०/-
वैशाख महात्म्य	२५/-	विशाल भृगु संहिता पद्धति	१३०/-
माघ महात्म्य	२५/-	ज्योतिष शास्त्र	३५/-
कार्तिक महात्म्य	२५/-	व्यापारिक तेजी मन्दी ज्ञान	३५/-
नित्य कर्म पाठमाला	३०/-	ज्योतिष सर्व संग्रह	३०/-
वसिष्ट हवन पद्धति	२५/-	असली आल्हाखण्ड	१०१/-
विवाहपद्धति देवीदयाल	२०/-	हमारे पूज्य तीर्थ	४०/-
सूर्य पुराण (भा. टी.)	५०/-	हस्त रेखा ज्ञान	३५
सूर्य उपासना (भाषा)	२५/-	तान्त्रिक साधना विधि	[illegible]
रामायण तर्ज राधेश्याम	५०/-	मन्त्र सिद्धि	[illegible]
श्री हरिवंश पुराण दो भागो	१००/-	वामन पुराण (भाषा)	[illegible]
मनुस्मृति	४०/-	देवी-देवता सिद्धि	[illegible]
कर्म काण्ड पद्धति	७०/-	सुनहरी किताब	[illegible]
कीर्तन भजन संग्रह	२५/-	लाल किताब (हिन्दी)	६००/-

M/O वी० पी० द्वारा मंगवाने का पता—

अपने आर्डर के साथ ५०/- रुपए पेशगी अवश्य भेजें। अपना नाम व पता साफ व पूरा लिखें।

जनरल बुक डिपो (पब्लिशर्ज), अड्डा होशियारपुर जालन्धर शहर

प्रश्न कुण्डली द्वारा फल विचार

(१) यदि कोई कुतूहलवश अथवा घमण्डवश प्रश्नोत्तर लेना चाहें तो ज्योतिषी को उसके प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहिए। शुद्ध भाव से जिज्ञासावश किए गए प्रश्न का ही विचार करना चाहिए। यदि लग्न में चन्द्रमा, केन्द्र (१,४,७,१०) में शनि, बुधास्त हो—या चन्द्रमा को मंगल, बुध पूर्ण दृष्टि से देख रहे हो तो प्रश्नकर्ता दुश्मन वाहा होगा।

(२) ज्योतिषी जी को स्वयं दूरदर्शी, सरस्वती देवी अथवा अपने इष्टदेव का उपासक, स्वस्थ मन और नीरोगी होना चाहिए।

(३) एक से अधिक प्रश्नों का उत्तर नहीं देना चाहिए यदि आवश्यक हो तो लग्न से पहला प्रश्न, चन्द्रमा से दूसरा, सूर्य से तीसरा, बृहस्पति से चौथे प्रश्न इत्यादि का विचार करें।

(४) प्रश्न लग्न अथवा जन्म लग्न—दोनों के सम्बन्ध में विद्वानों ने एक अन्य महत्त्वपूर्ण नियम प्रतिपादित किया है कि—

यो यो भावः स्वामी दृष्टों युतो वा सोम्यैवां स्यात्तस्य तस्याऽस्ति वृद्धि।
पापैरेवंतस्य भावस्य हानि निर्देष्टव्यां पृच्छतो जन्मतो वा।

अर्थात्—जो जो भाव अपने स्वामी से युक्त या दृष्ट हो या शुभ ग्रह उसमें बैठे हो या उनकी दृष्टि हो, तो उस २ भाव की वृद्धि होगी। तथा पाप ग्रहों से दृष्ट या युक्त हो तो उस भाव की हानि होगी।

(५) प्रश्न कुण्डली में लग्न, लग्नेश तथा चन्द्रमा—इनका विशेष महत्व है। फल कथन से पूर्व इनका बलाबल आँकना अत्यन्त आवश्यक है।

चोरी हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

(i) यदि प्रश्न लग्न मे पूर्ण चन्द्रमा हो और उस पर गुरु या शुक्रादि शुभ ग्रहों की दृष्टि हो, तो गुम हुई वस्तु का शीघ्र लाभ लोगा।

(ii) अथवा अति बलवान (स्थानीय बल युक्त) शुभ ग्रह ग्यारहवें भाव में हों तो भी नष्ट वस्तु की शीघ्र प्राप्ति होगी। (चन्द्रमा शुक्ल पक्ष की दशमी से कृष्ण पक्ष की पाँचवीं तक पूर्ण कहलाता है।)

(iii) यदि प्रश्नकाल में लग्नेश सप्तम भाव में और सप्तमेश लग्न में हो या चन्द्रमा और सप्तमेश दोनों अस्त गत हों तो चोर धन सहित पकड़ा जाता है।

(iv) यदि स्थिर राशि का लग्न हो अथवा किसी भी लग्न में स्थिर नवाँश हो अथवा लग्न में वर्गोतम नवाँश हो तो तुम हुई वस्तु उसी स्थान में है और वह अपने घर के आदमी (सेवकादि) ने ली है।

(v) यदि मेष, सिंह धन लग्न हो अथवा केन्द्र में सूर्य हो तो नष्ट वस्तु पूर्व दिशा में है। वृष, कन्या, मकर, प्रश्नकाल हो या मंगल केन्द्रगत हो तो वस्तु दक्षिण दिशा में, यदि कर्क वृश्चिक, मीन लग्न या बुध केन्द्र में हो तो वस्तु उत्तर दिशा में तथा मिथुन, तुला, कुम्भ लग्न हो या शनि बलि अथवा केन्द्रगत हो तो वस्तु पश्चिम दिशा में होगी। यदि एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली होगा, वही दिशा जानना।

(vi) प्रश्न लग्न में चर राशियाँ (मेष, कर्क, तुला, मकर) हों तो नष्ट वस्तु दूर चली गई समझें। यदि स्थिर राशि हो तो अभी गाँव मकानादि में ही मानें। यदि सप्तमेश या सप्तम भाग में राहु केतु, शनि आदि नीच ग्रह हों तो चोरी करने वाला कोई नीच जाति का, कृष्ण वर्ण का निर्जन स्थान में रहने वाला, दाढ़ी, मूंछ, व केशधारी होता है। सप्तमेश वक्री होने पर या अष्टम में सूर्य मंगल होने पर भी नष्ट वस्तु नहीं मिलती है।

इसके अतिरिक्त रोहिणी पुष्य उत्तराषाढ़ा, विशा पूर्वाषाढ़ा शत-अश्विनी इन नक्षत्रों में खोई वस्तु शीघ्र मिलती है। मृग, अश्ले, हस्त, अनु, उ.भा, पू.भा. नक्षत्रों में खोई वस्तु कष्ट से मिलती है। आर्द्रा ज्यौष्ठा आदि मध्य लोचन नक्षत्रों में खोई वस्तु कभी नहीं मिलती।

खोये हुए पशु का विचार

जब कोई व्यक्ति प्रश्न करे कि मेरा खोया हुआ पशु मिलेगा या नहीं तो पचाँग में देखें कि गुम के दिन सूर्य किस नक्षत्र पर था। सूर्य नक्षत्र से ९वाँ नक्षत्र तता खोया पशु वन में होता है। १० से तक खोया पशु मार्ग मे आ रहा है। १६ से २२ तक खोया पशु शीघ्र ही घर पर आना चाहता है। २१ से २७ नक्षत्र तक खोया पसु कभी वापिस नहीं मिलेगा—ऐसा कहना चाहिए।

धन लाभ प्रश्न विचार

१. धनेश यदि चन्द्रमा अथवा लग्नेश के साथ अपने स्थान में व उच्च का हो और शुभ ग्रह उसको देखते हों तो बहुत शीघ्र धन देता है, यदि धनेश लग्नेश और चन्द्रमा, नवम, पंचम, द्वितीय और लग्न में स्थित होकर।

२. आपस में एक साथ स्थित हों अथवा आपस में देखते हों तो यथा युक्त हों तो बहुत से धन को देते है और बलवान शुभ ग्रह पंचम केंद्र, नवम द्वितीय स्थानों में स्थित हों तो शीघ्र ही धन लाभ करते हैं, परन्तु पाप ग्रह के साथ न हों।

३. लग्न में शुभ ग्रह हो और पंचम में उच्च के ग्रह हों, ग्यारहवें भाव में उच्च का शुक्र हो तो भूमि, मकान आदि का लाभ करते हैं। लग्नेश अपने ग्रह का होकर लग्न से अपने से अपने स्वामी से दुष्ट हो तो राजा से धन की प्राप्ति होती है।

४. यदि लग्न में धनेश, चतुर्थेश शुभ ग्रह युक्त होकर शुभ ग्रहों से दृष्ट हों तो धन को देते हैं। यदि लग्न में और चन्द्रमा लाभेश युक्त ग्यारहवें हों तो सुखपूर्वक धन का लाभ करते हैं।

५. बहुद द्रव्यलाभ होता है। यदि पूर्ण शुभ ग्रह केन्द्रों में हो तों शीघ्र ही धन देते हैं केंद्र। (१ ।४ ।७ ।१०) त्रिकोण (९ ।५) जाया (११ में पाप ग्रह हों तो बिना अधिकार के धन की हानि करते हैं।

६. शुभ ग्रहों से दृष्ट लाभेश जिस किसी भाव में स्थिर होकर लग्नेश धनेश के साथ इत्थसाल करता हो तो उसी भाव वाले मनुष्यों से धन का लाभ होता है, जैसे माता, पिता, भाई, स्त्री आदि के भाव में हो तो उन्हीं के द्वारा लाभ कहना और जो आठवें भाव में हो तो युद्ध झगड़ा बंधन से और ग्यारहवें भाव में हो तो मित्र से और बारहवें भाव में हो तो खर्च करने से द्रव्य लाभ होता है।

गर्भ में पुत्र होगा या कन्या

१. विषम राशि या नवांश में सूर्य, गुरु हो तो पुत्र, समय राशि के नवमांश में शुक्र, चन्द्र, या मंगल हो तो कन्या॥

२. विषम राशि या नवांश में शनि हो तो पुत्र हो, सम राशि में हो तो कन्या॥

३. प्रश्न कुण्डली के सातवें घर में चन्द्र को छोड़कर शेष शुभ ग्रह विषम राशि में हो तो पुत्र सम राशि में अशुभ ग्रह हो तो कन्या होगी॥

४. प्रश्न समय [illegible] नाड़ी चले तो कन्या सूर्य नाड़ी चले तो पुत्र होगा। यदि दोनों स्वर चलें, तो गर्भ नष्ट होने का भय रहेगा।

ऐमबीडी
के युग में परीक्षाओं से क्या डरना
ऐमबीडी की पुस्तकें पढ़िए
और सच्चाई की स्वयं परख कीजिए
ऐमबीडी की पुस्तकें
सुनिश्चित, सर्वश्रेष्ठ तथा शानदार सफलता की प्रतीक हैं।
ऐमबीडी की पुस्तकें
हर पीढ़ी के लिए
शिशु से स्नातक तक।
ऐमबीडी की पुस्तकें
सभी परीक्षाओं के लिए
प्राइमरी से ऐम. ए. तक।
ऐमबीडी की पुस्तकें
सभी प्रतियोगिताओं के लिए
सभी विषयों के लिए
आर्टस, साईंस, कामर्स, भाषाएँ, ज्योतिष, सामाजिक, धार्मिक तथा निजी विषय।
ऐमबीडी की पुस्तकें
पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-काश्मीर, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा अखिल भारतीय शिक्षा प्रणाली व अन्य कई शिक्षा बोर्डों तथा यूनिवर्सिटियों के लिए
अपने शहर के स्थानीय पुस्तक-विक्रेता से खरीदें।
MBD SCIENCE
MBD Super GUESS PAPERS
MBD HISTORY & GEOGRAPHY
MBD ENGLISH GUIDE
MBD HINDI GUIDE